ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 01:13 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


बुधवार, 11 जून 2025
वर्ष 3, अंक 297, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पाकिस्तान अपना रक्षा खर्च बढ़ाएगा 14

देश में बिजली की कमी बिल्कुल भी नहीं : मनोहर 12

## शुभांशु इतिहास रचने को तैयार

- राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष जाने वाले दूसरे भारतीय
- आज शाम फ्लोरिडा से अंतरिक्ष स्टेशन को होंगे रवाना

नई दिल्ली, एजेंसी



अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना होने की तैयारी कर रहे भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इतिहास के मुहाने पर खड़े हैं। यह भारत की अंतरिक्ष उड़ान में वापसी का प्रतीक है क्योंकि 41 साल पहले शुक्ला के आदर्श राकेश शर्मा ने सोवियत संघ के इंटरकॉस्मोस कार्यक्रम के तहत आठ दिनों तक पृथ्वी की परिक्रमा की थी। लखनऊ में जन्मे शुक्ला को शुक्स के नाम से जाना जाता है। वह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)-नासा समर्थित एक्सिओम स्पेस के वाणिज्यिक अंतरिक्ष यान का हिस्सा हैं, जिसके बुधवार शाम फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए 14 दिनों की यात्रा पर रवाना होने की उम्मीद है।

भारतीय वायुसेना में ग्रुप कैप्टन शुक्ला को 2019 में साथी अधिकारियों प्रशांत बालकृष्णन नायर, अंगद प्रताप और अजीत कृष्णन के साथ गगनयान मिशन के लिए भारत के अंतरिक्ष यात्री दल का हिस्सा बनने के लिए चुना गया था, जिसे 2027 में शुरू किए जाने की संभावना है।

इतिहास रचने को तैयार स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट पर सवार ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के तीन बार स्थगित किए गए प्रक्षेपण की सफलता के लिए मंगलवार को लखनऊ में विशेष प्रार्थना की गई।

## पाकिस्तान को चेतावनी, हमला हुआ तो फिर जवाब देंगे

- ब्रसेल्स में बोले विदेशमंत्री जयशंकर-हम आतंकवाद के साथ नहीं जीएंगे
- कहा-अगर आतंकवादी हमलों से उकसाया गया तो पाकिस्तान में घुसकर मारेंगे

ब्रसेल्स, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को चेताया है कि आतंकवादी हमलों से अगर उकसाया गया तो भारत, पाकिस्तान में घुसकर फिर हमला करेगा।

उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले जैसी जघन्य घटनाओं के मामले में आतंकवादी संगठनों और उनके नेताओं के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की जाएगी। पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू किए जाने के एक महीने बाद यूरोप की यात्रा पर गए जयशंकर ने यह भी कहा कि पाकिस्तान हजारों आतंकवादियों को खुले में प्रशिक्षित कर रहा है और उन्हें भारत में उतार रहा है।

उन्होंने एक समाचार संस्था से बातचीत में सोमवार को कहा कि हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसलिए हमारा उन्हें संदेश है कि अगर आप अप्रैल में की गई बर्बर हरकतों को जारी रखते हैं, तो आपको जवाबी कार्रवाई का सामना करना होगा और यह कार्रवाई आतंकवादी संगठनों और आतंकवादी नेतृत्व के खिलाफ होगी। उन्होंने कहा कि हमें परवाह नहीं है कि वे कहां हैं। अगर वे पाकिस्तान में अंदर हैं, तो हम पाकिस्तान में अंदर तक जाएंगे। गत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था।



### भारत के हमले के बाद रुकी थी लड़ाई

जयशंकर ने कहा कि लड़ाई सिर्फ एक वजह से रुकी, और वो वजह थी कि 10 तारीख की सुबह, हमने इन आठ पाकिस्तानी, मुख्य आठ पाकिस्तानी हवाई क्षेत्रों पर हमला किया और उन्हें निष्क्रिय कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि गूगल पर रनवे और उन हैंगरों की तस्वीरें उपलब्ध हैं, जिन पर हमला हुआ। यूरोप की हफ्ते भर की यात्रा के दौरान, जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति की पुष्टि के लिए यूरोपीय संघ, बेल्जियम और फ्रांस के नेताओं के साथ बातचीत भी करेंगे।

### आतंकवाद को वैश्विक मुद्दे के रूप में देखा जाए

**ब्रसेल्स।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि आतंकवाद को द्विपक्षीय समस्या के बजाय वैश्विक मुद्दे के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से जुड़ी कई घटनाओं का पाकिस्तान से ऐतिहासिक संबंध बताया। सोमवार को बेल्जियम में भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित करते हुए जयशंकर ने भारत के आतंकवाद विरोधी प्रयासों से उन्हें अवगत कराया।

## एक नजर

### राजौरी में आतंकवादी ठिकाने का खुलासा

**राजौरी/जम्मू।** सुरक्षा बलों ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले के एक दूरस्थ इलाके में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया और 10 अंडर बैरल ग्रेनेड लांचर (यूबीजीएल) के साथ अन्य सामग्री जब्त की। एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस और सेना के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान थानामंडी इलाके के दर्रा बाराचारा गांव में इस आतंकवादी ठिकाने का पता चला। उन्होंने कहा कि तलाशी दलों ने यूबीजीएल के अलावा एक क्षतिग्रस्त गोला–बारूद का डिब्बा, एक कंबल, एक प्लास्टिक की तिरपाल, दवा के दो पैकेट, कुछ बर्तन और दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी जब्त कीं। अधिकारी ने कहा कि बरामदगी के सिलसिले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में स्थित उच्च न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने अदालत परिसर की तलाशी ली, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि यह धमकी झूठी साबित हुई, क्योंकि सोमवार को मिली धमकी के बाद तलाशी ली गई लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। बिलासपुर के एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि हाईकोर्ट की ईमेल आईडी पर सोमवार दोपहर को धमकी भरा एक संदेश आया।

## नया भारत शांति की रट नहीं लगाता, देता है मुंहतोड़ जवाब

### मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को योगी ने बताया स्वर्णिम काल

- कहा-आतंकवाद और युद्ध थोपने का दिया जाएगा माकूल जवाब
- बोले-मोदी ने किया विकसित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत निःसंदेह शांति का पक्षधर है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में हर हाल में शांति की ही रट लगाने की आदत से हम अब ऊपर उठ गए हैं।

अब वह प्रवृत्ति नहीं जो 2014 के पहले आतंकवाद के मुद्दे पर देखने को मिलती थी, पीएम मोदी ने उस अवधारणा को पलट दिया है। अब सज्जनों के साथ शांति से विकास की बात करेंगे, लेकिन कोई युद्ध थोपेगा, आतंकवाद को प्रेरित करेगा तो उसका मुंहतोड़ जवाब सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर ही होंगे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर मंगलवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता कर केंद्र सरकार का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। उन्होंने केंद्र सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का स्वर्णिम काल करार दिया। उन्होंने कहा कि इन 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को न केवल वैश्विक पहचान दी है, बल्कि स्वयं को तपाकर और खपाकर 140 करोड़ भारतवासियों को भी एक विश्वास का प्रतीक बनाया है। योगी ने प्रेसवार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष के स्वर्णिम कार्यकाल की विस्तार से जानकारी देते हुए बधाई भी दी। कहा कि मोदी ने शासन को सेवा का माध्यम बनाया। यह कार्यकाल सेवा को संकल्प के रूप में, सुशासन को संस्कृति के रूप में और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

योगी ने कहा कि मोदी पंच प्रण और 11 संकल्पों ने विकसित भारत की आधारशिला रखी है। इंफ्रास्ट्रक्चर सभी क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। 2014 के बाद ही किसान राजनीति एजेंडे का हिस्सा बना है।

महिला सशक्तिकरण में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। आजादी के बाद से कांग्रेस ने केवल एक एम्स बनाए थे, मोदी सरकार के कार्यकाल में देश भर में 23 एम्स और यूपी में दो एम्स बने हैं। महाकुंभ, अयोध्या धाम, काशी, महाकाल लोक समेत तमाम धार्मिक स्थलों और आयोजनों का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि मोदी ने आस्था और अर्थव्यवस्था का बेहतर समन्वय के सथ विरासत को विकास से जोड़ा है।

### अब गाजी नहीं, सुहेलदेव का लगेगा मेला

**बहराइच।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि अब विदेशी आक्रांताओं का नहीं, बल्कि राष्ट्रनायकों का महिमा मंडन होगा। कहा कि इससे पहले की सरकारें मुस्लिम वोट बैंक के लालच में राष्ट्रनायकों को सम्मान नहीं दे पाती थीं लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। बहराइच में किसी गाजी की दरगाह पर नहीं, बल्कि चक्रवर्ती सम्राट महराजा सुहेलदेव के स्मारक पर मेला लगेगा। बहराइच पहुंचे योगी ने महाराजा सुहेलदेव की 40 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया।

## पिता–बेटी समेत तीन ने 8वीं मंजिल से लगाई छलांग, मौत

### दिल्ली के द्वारका इलाके में बहुमंजिला इमारत में लगी आग

- 8वीं मंजिल शुरू आग तेजी से फैली, 9वीं मंजिल भी प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के द्वारका इलाके में मंगलवार सुबह आठवीं और नौवीं मंजिल पर स्थित डुप्लेक्स फ्लैट में लगी भीषण आग से बचने के लिए छलांग लगाने से दो बच्चों सहित एक परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। इससे पहले पुलिस ने बताया था कि इस घटना में एक व्यक्ति और उसके दो बच्चों की मौत हो गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आग इमारत की आठवीं मंजिल पर स्थित मंदिर से शुरू हुई और पीवीसी पैनल के जरिए तेजी से फैल गई।

मृतकों की पहचान यश यादव (35), उनकी 12 वर्षीय बेटी और 11 वर्षीय एक रिश्तेदार के रूप में हुई है। आठवीं मंजिल की बालकनी से कूदने से उनकी मौत हो गई। सभी उत्तर प्रदेश के एटा जिले के बताए जा रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि परिवार इमारत की ऊपरी दो मंजिलों पर एक डुप्लेक्स में रहता है। जब आग लगी, तो परिवार ने सीढ़ियों के जरिए नौवीं मंजिल पर जाकर बचने की कोशिश की। हालांकि, दो छोटे बच्चे पीछे रह गए और यश उन्हें बचाने के लिए वापस आ गए। तब तक आग फैल चुकी थी। बच्चों को आकाश अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। यश को आईजीआई अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। परिवार के दो अन्य व्यक्ति, यश की पत्नी और उनके बड़े बेटे (18) को चोटें आईं और उन्हें आकाश अस्पताल ले जाया गया। जान गंवाने वाले 11 वर्षीय बच्चे सहित अन्य रिश्तेदार उनके आवास पर एक धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए आए थे।



इमारत से छलांग लगाते लोग।

### बालकनी से मदद को चिल्ला रहे थे

घटनास्थल के दृश्यों में इमारत में आग लगी दिखाई दे रही है और लोग अपनी बालकनियों में खड़े होकर मदद के लिए चिल्ला रहे हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, विभाग को सुबह 10.01 बजे आग लगने की सूचना मिली। इसके अनुसार शुरुआत में, दमकल की आठ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, लेकिन आग की भयावहता स्पष्ट होने पर और अधिक गाड़ियां आग बुझाने के लिए लगाई गईं।

### इमारत के अन्य लोगों को सुरक्षित निकाला

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि सोसाइटी के सभी निवासियों को निकाल लिया गया है और बिजली और पीएनजी कनेक्शन जैसी सभी आवश्यक सेवाएं बंद कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि डीडीए और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को इमारत की संरचनात्मक स्थिरता का आकलन करने के लिए सूचित किया गया है।

## 1165 कंडक्टरों की भर्ती पर रोक

विधि संवाददाता, प्रयागराज



- महिला ने सूची में नाम नहीं आने पर दाखिल की थी याचिका
- मृतक आश्रित कोटे से नियुक्तियों पर हाईकोर्ट ने दिया आदेश

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में अनुकंपा के आधार पर की जा रही 1165 पदों पर भर्ती प्रक्रिया को अग्रिम आदेश तक स्थगित कर दिया है। राज्य सरकार और विपक्षियों से हलफनामे के माध्यम से यह स्पष्टीकरण मांगा गया है कि भर्ती प्रक्रिया केवल कंडक्टर पदों के लिए ही क्यों की जा रही हैं। इसके साथ ही नियुक्ति का तरीका भी सार्वजनिक परीक्षा न होकर प्रत्यक्ष है। कोर्ट ने 1 और 5 मई 2025 को परिवहन निगम द्वारा अनुकंपा के आधार पर 1165 पदों पर की गई भर्तियों पर रोक लगा दिया है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट की एकलपीठ ने अलीगढ़ निवासी याची नीतू शर्मा की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार मृतक आश्रित की सूची में नाम न आने के कारण अलीगढ़ क्षेत्र की महिला ने भर्ती को लेकर वर्तमान याचिका दायर की थी। याची ने वर्तमान याचिका में अनुकंपा के आधार पर परिवहन निगम द्वारा उनकी नियुक्ति से इंकार करने के आदेश को मनमाना और अवैध बताया। याची ने 1 और 5 मई 2025 को परिवहन निगम द्वारा अनुकंपा के आधार पर की जा रही 1165 पदों की भर्ती प्रक्रिया को भी चुनौती देते हुए उस पर रोक लगाने की मांग की थी।

याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची के माता-पिता की मृत्यु वर्ष 2000 और 2014 में हुई थी। उनके पिता निगम के स्थायी कर्मचारी थे। उनकी मृत्यु के बाद उनकी पत्नी (याची की मां) को अनुकंपा नियुक्ति देने से मना कर दिया गया। परिवार को याची के पिता की मृत्यु के बाद गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। मां के पास आय का कोई स्रोत नहीं था और अब याची को भी गंभीर वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। याची सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आती हैं।

## काशी विश्वनाथ मंदिर से 21 फर्जी पुजारी गिरफ्तार

- श्रद्धालुओं से जबरन वसूली पर पुलिस ने दबोचा

**वाराणसी।** पुलिस ने वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं से दर्शन-पूजन कराने के नाम पर मनमाने ढंग से पैसे वसूलने वाले 21 फर्जी पडों-पुजारियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। दशाश्वमेध घाट के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया कि काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन कराने के नाम पर श्रद्धालुओं से अवैध वसूली और दुर्व्यवहार किए जाने की शिकायत काफी दिन से मिल रही थी।

शिकायत के आधार पर दशाश्वमेध घाट और चौक थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने मंगलवार को दशाश्वमेध घाट से 15 और चौक से छह फर्जी पुजारियों को गिरफ्तार कर लिया। त्रिपाठी ने बताया कि टीम लगातार कार्रवाई करते हुए इस तरह के लोगों को गिरफ्तार करती रहेगी। पुलिस मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### वंदे भारत में फारूक अब्दुल्ला...



**जम्मू–कश्मीर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कटरा से श्रीनगर जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में सफर किया। इस दौरान यात्रियों ने उनके साथ सेल्फी भी ली। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर घाटी के लिए इस ट्रेन का शुभारंभ किया। शनिवार से नियमित संचालन शुरू किया गया।

## फिलहाल तड़पाएगी लू फिर होगी रिमझिम बारिश

- 19 जिलों में बढ़ेगा तापमान, 11 के बाद पूर्वी उप्र में बारिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में फिलहाल लू अभी और तड़पाएगी लेकिन इसके बाद रिमझिम बारिश का सिलसिला भी शुरु होगा। मौसम विभाग ने 19 जिलों में तापमान बढ़ने की आशंका प्रकट करने के साथ आने वाले दिनों में पूर्वी उप्र. में बारिश होने की संभावना जताई है।

इस बीच प्रदेश में दिन में तेज धूप होने के कारण अधिकतम तापमान में 3 से लेकर 6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा हुआ है। दक्षिणी उत्तर प्रदेश में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया है। आद्रता होने तथा तेज धूप के कारण उमस भरी गर्मी में बढ़ोत्तरी हुई है। रात में भी गर्मी की चेतावनी भी मौसम विभाग ने जारी की है।

मौसम विभाग ने अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, गाजियाबाद, कासगंज, एटा, औरैया आदि में लू चलने की आशंका जताई है।

## चैटजीपीटी में बाधा से लाखों उपयोगकर्ता रहे प्रभावित

**नई दिल्ली।** एआई क्षेत्र की कंदिग्गज कंपनी ओपनएआई के एआई टूल चैटजीपीटी को मंगलवार को वैश्विक स्तर पर व्यवधान का सामना करना पड़ा जिससे दुनिया भर में फैले लाखों उपयोगकर्ता इसका देर तक इस्तेमाल नहीं कर पाए। ज्यादा असर भारत, अमेरिका में रहा। यहां हजारों लोगों ने शिकायतें दर्ज कराईं।

डिजिटल गतिविधियों पर नजर रखने वाले मंच डाउनडिटेक्टर ने कहा कि दोपहर तीन बजे के करीब चैटजीपीटी टूल के इस्तेमाल में दिक्कतें आनी शुरू हुईं। अकेले भारत में ही तकनीकी व्यवधान की लगभग 800 शिकायतें दर्ज कराई गईं।

## तड़प–तड़पकर मरा मेरा बेटा, दोषियों को मिले मौत की सजा

### राजा रघुवंशी के पिता बोले - हनीमून मनाने मेघालय गया बेटा ताबूत में लौटा

इंदौर, एजेंसी

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी के हत्याकांड को लेकर मेघालय पुलिस के खुलासे के बाद उनके पिता ने मंगलवार को मांग की कि उनके नव विवाहित बेटे की जघन्य हत्या के सभी दोषियों को मौत की सजा दी जानी चाहिए।

मेघालय पुलिस के मुताबिक पूर्वोत्तर के इस सूबे में हनीमून मनाने गए ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी (29) की साजिशन हत्या में उनकी पत्नी सोनम (25) शामिल थी जिसने अपने प्रेमी राज कुशवाह (20) की मदद से वहां भाड़े के तीन हत्यारे बुलाए थे। सोनम ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में रविवार देर रात आत्मसमर्पण कर दिया, जबकि कुशवाह समेत चार आरोपियों को मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों से गिरफ्तार किया गया। राजा रघुवंशी की मौत से शोक में डूबे उनके पिता अशोक रघुवंशी ने कहा कि मेरा बेटा तड़प-तड़प कर मरा है। उसकी हत्या के सभी दोषियों को फांसी की सजा मिलनी ही चाहिए ताकि आइंदा किसी माता-पिता को उनका बेटा इस तरह ना खोना पड़े। वह यह कहते हुए भावुक हो जाते हैं कि हनीमून मनाने मेघालय गया उनका बेटा ताबूत में घर लौटा।



पिता अशोक रघुवंशी, पुत्र राजा रघुवंशी एवं सोनम

### बेटे का अंतिम दर्शन भी नहीं कर सके

उन्होंने कहा कि जघन्य तरीके से हत्या के कारण मेरे बेटे का पार्थिव शरीर क्षत–विक्षत था। मैं हृदय का मरीज हूं। इसलिए मेरे स्वास्थ्य की चिंता करते हुए मेरे परिवार के लोगों ने ताबूत खोलकर मुझे अपने बेटे के अंतिम दर्शन करने से रोक दिया। रघुवंशी ने यह दावा भी किया कि राजा की पत्नी सोनम ने अपनी कुंडली का मंगल दोष मिटाने के लिए अपने पति की हत्या कराई ताकि बाद में वह अपने कथित प्रेमी राज कुशवाह से दूसरी शादी कर सके।

### एक और आरोपी को ट्रांजिट रिमांड दिया

**इंदौर।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में शामिल 23 वर्षीय आरोपी आनंद कुर्मी को मंगलवार को जिला अदालत में पेश किया गया जिसने उसे सात दिन के लिए मेघालय पुलिस की ट्रांजिट हिरासत में भेज दिया। इंदौर के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि मेघालय पुलिस ने राजा रघुवंशी हत्याकांड में शामिल आनंद कुर्मी (23) को एक स्थानीय अदालत में पेश किया।

# हे दु:ख भंजन, मारुति नंदन, सुन लो मेरी पुकार...

## ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को हनुमानगढ़ी और राम मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, लगे भंडारे

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के पांचवें व अंतिम मंगलवार को अयोध्या जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठी। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सरयू में स्नान कर हनुमानगढ़ी में बजरंगबली और रामलला के दर्शन किये। नगर में कई स्थान हनुमान चालीसा और सुंदर कांड का पाठ हुआ। भंडारे में भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया।

हनुमान गढ़ी के वरिष्ठ संत देवेशाचार्य ने कहा कि ज्येष्ठ माह के मंगलवार को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। धार्मिक महत्व है कि बजरंगबली की आराधना व पूजा करने से सभी मनोकामनाएं सिद्ध होती हैं। इसलिए वर्ष के प्रत्येक ज्येष्ठ माह के मंगलवार को लोग अपने सभी कार्यों को छोड़कर भगवान की आस्था में लीन होते हैं। अयोध्या हनुमानगढ़ी वह सिद्ध स्थान है जब भगवान राम लंका पर विजय प्राप्त कर अयोध्या लौटे थे तो उनके साथ बजरंगबली भी आए थे, लेकिन जब श्रीराम अयोध्या को छोड़कर जाने लगे तो भगवान राम ने हनुमान जी को इसी स्थान पर विराजमान होने का आदेश दिया था। माना जाता है कि हनुमान जी महाराज आज भी इसी स्थान पर विराजमान हैं, जिस कारण मंगलवार के दिन हनुमान जी के दर्शन के लिए अयोध्या में भारी भीड़ उमड़ी।


हनुमानगढ़ी में दर्शन–पूजन के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़।

### विश्वविद्यालय परिसर में हुआ भण्डारे का आयोजन

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा व अंतिम मंगलवार के अवसर पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में स्थित ब्रम्ह बाबा के स्थान पर विधिवत पूजन व मंगलोचार के साथ गुरूकुल से आये 105 बटुकों द्वारा स्वस्ति वाचन किया गया। मुख्य यजमान के रूप में परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह व पूर्व कला संकायाध्यक्ष प्रो. अजय प्रताप सिंह ने पूजन किया। भण्डारे में विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारीगणों की सक्रिय भूमिका रही। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद का ग्रहण किया।


लता चौक नया घाट पर भंडारे में भक्तों को प्रसाद देते पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महंत कमलनयन दास शास्त्री, विहिप के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा व अन्य।

# लता चौक पर दिखा भक्ति सेवा और समर्पण का अद्भुत संगम

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामनगरी में आस्था का अनुपम दृश्य ज्येष्ठ के अंतिम मंगलवार को देखने को मिला। लता चौक नया घाट पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह के संयोजन में उनकी संस्था श्री अयोध्या न्यास द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। लगभग 400 मीटर तक विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से श्रद्धालुओं की भोजन प्रसाद सेवा की गई। वैदिक विद्वानों द्वारा मंगलवार सुबह 10 बजे स्वास्तिवाचन, मंत्रोच्चार और शंखनाद के साथ दीप प्रज्वलन कर महाबली को

**▸▸ 400 मीटर में लगे भण्डारे, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद**

भोग अर्पित किया गया। मणिरामदास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास शास्त्री ने दीप प्रज्जवलित कर मंगलारंभ किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र महासचिव चंपतराय, बड़ा भक्तमाल के महंत अवधेश दास, हनुमत निवास के महंत अवध किशोर शरण, हनुमानगढ़ी सरपंच महंत रामकुमार दास, जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी राम दिनेशाचार्य, ख़ाक चौक के महंत बृजमोहन दास, संकटमोचन हनुमान किला के महंत परशुराम दास, गोस्वामी तुलसीदास छावनी के महंत जनार्दन दास, राम कचेहरी चार धाम के महंत शशिकांत दास, पत्थर मंदिर के महंत मनीष दास, अवधेश निवास के महंत रामशरण दास रामायणी, बरेली मंदिर के महंत सुरेन्द्र दास, जगन्नाथ मंदिर के महंत राघव दास रामायणी, हनुमान टेकरी के महंत प्रमोद शरण, हरे राम सदन के महंत रामलोचन शरण, तपस्वी छावनी के महंत परमहंसाचार्य, कथावाचक चंद्रांशु महाराज, गहोई मंदिर के महंत राम–लखन शरण के सानिध्य ने भण्डारे को अध्यात्मिकता से भर दिया। संत महंतों को भगवा अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, विहिप के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ा दिया। दर्जनों प्रसाद वितरण केंद्र, सक्रिय स्वयंसेवक और पब्लिक एड्रेस सिस्टम पर लगातार प्रसारित होते संदेशों ने व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाया। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि यह आयोजन केवल प्रसाद वितरण नहीं, बल्कि अयोध्या की सामूहिक भक्ति और सेवा की भावना का प्रतीक है। हर भक्त हमारे लिए परिवार का सदस्य है। भण्डारे में भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, ओम प्रकाश सिंह, अवधेश पाण्डेय बादल, करुणाकर पांडेय, कमलाशंकर पाण्डेय, अभिषेक मिश्र, राघवेन्द्र पाण्डेय, शैलेन्द्र कोरी, सुनील तिवारी शास्त्री सहित अन्य पदाधिकारी ने भी प्रसाद ग्रहण किया।


इटौरा गांव में प्रसाद वितरण करते करुणाकर पाण्डेय व मौजूद अन्य श्रद्धालु।

## प्रसाद ग्रहण करने से तन और मन रहता स्वस्थ

**पूरा बाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के पांचवें मंगलवार को क्षेत्र के मोहतसिमपुर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य अतिथि पूर्व कार्यवाहक जिला पंचायत अध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने भंडारे का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद के बीच महाबली हनुमान जी के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व भोग अर्पण करके किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रसाद ग्रहण करने से तन और मन दोनों स्वस्थ होते हैं। इससे पूर्व आयोजक रामभवन पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान गया प्रसाद पाठक, राजाराम कौशल, बृज किशोर पांडे, अखिलेश पांडे, विश्वनाथ पांडे, बृजेश यादव, पवन यादव, सुरेंद्र रावत सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# कौशलपुरी जोन ऑफिस में 35 ने जमा कराया कर

अयोध्या कार्यालय


कौशलपुरी जोन ऑफिस में आपत्तियों का निस्तारण करते मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार व मौजूद अन्य।

**अमृत विचार :** नगर निगम सीमा अंतर्गत कौशलपुरी जोन ऑफिस में गृह स्वामियों की आपत्तियों के निस्तारण के दूसरे दिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। सिंगल विंडो में 52 आपत्तियों पर सुनवाई हुई। इसमें से 43 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी व कमेटी के अध्यक्ष गजेंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार को 52 आपत्तियों में से 43 गृह स्वामियों की आपत्तियों का निस्तारण कर बिल बनवा दिया गया। 35 लोगों ने अपना कर भी जमा करा दिया।

उन्होंने बताया कि छह फाइलें पूर्ण नहीं थी। उनके अभिलेख रजिस्टर्ड नहीं थे। तीन फाइल की जांच के लिए रेवेन्यू इंस्पेक्टर को लगाया गया है। उनकी फाइलों में सड़क चौड़ीकरण के दौरान जमीन जाने की शिकायत थी। इसके अलावा एक गृह स्वामी का कॉमर्शियल बिल पहुंचा था, जबकि उनका कहना था कि उन्होंने सिर्फ शटर लगा रखा है। इसकी जांच के लिए रेवेन्यू इंस्पेक्टर को लगाया गया है। कौशलपुरी वार्ड 8 के लोगों की आपत्तियों के निस्तारण का आखिरी दिन बुधवार है। इस दौरान कर अधीक्षक जय प्रकाश, टीसी प्रदीप वर्मा व आरआई अनिल यादव मौजूद रहे।

## कुमारगंज में युवती के साथ दुष्कर्म

**कुमारगंज अयोध्या। अमृत विचार :** थाना क्षेत्र कुमारगंज अंतर्गत एक गांव में युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता युवती के पिता ने गांव के ही एक युवक पर अपनी बेटी के साथ दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक पर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत दर्ज करने के बाद से पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज भेजा था, लेकिन वहां महिला चिकित्सक की कमी होने के कारण इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय रेफर कर दिया। कुमारगंज थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण जिला मुख्यालय पर पूरा हो चुका है, मेडिकल रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है। पीड़िता के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा बयानों और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# चिकित्सक व स्टाफ से अभद्रता के मामले में एफआईआर दर्ज

अयोध्या कार्यालय।

फॉलोअप

**▸▸ जिला अस्पताल के चिकित्सक की ओर से दी गई तहरीर पर हुई कार्रवाई**

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल की इमरजेंसी में चिकित्सक व स्टाफ के साथ हुई अभद्रता के मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इमरजेंसी मेडिकल अफसर (ईएमओ) डॉ. विशाल चौधरी की तरफ से मामले की तहरीर पुलिस को दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि सात जून की शाम को चोटिल अयान पुत्र मेराज अहमद निवासी पलिया शाहवदी को डॉ. आसिफ खान लेकर जिला चिकित्सालय लेकर आये थे। चिकित्सक द्वारा उपचार किया ही जा रहा था कि उनके साथ के कुछ लोगों द्वारा डॉ. विशाल चौधरी से व इमरजेन्सी ओपीडी कर रहे फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव, वार्ड बॉय सत्यम तथा अन्य कर्मचारी से हाथापाई करते हुए सक्शन मशीन को उठा कर पटक दिया गया था। सरकारी सम्पत्ति को क्षतिग्रस्त करने के बाद अपने मरीज को प्राइवेट एंबुलेंस से लेकर चले गये। चिकित्सक द्वारा मण्डलीय चिकित्सालय दर्शन नगर के लिए रेफर किया गया था। इसके बाद पुलिस केस दर्ज नहीं कर रही थी। चिकित्सालय के ईएमओ के धरने पर जाने की सूचना मिलते ही मौके पर कोतवाल अश्विनी पांडेय पहुंच गए थे। सीएमएस डॉ. एके सिन्हा के ऑफिस में चली लंबी वार्ता के बाद ईएमओ पुलिस की 24 घंटे के भीतर कार्रवाई के आश्वासन के बाद मान गए थे। कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया किअज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### अंगूरी बाग में मवेशियों के लिए लगाया भंडारा


गाय को हरा चारा खिलाते फेडरेशन के सदस्य।

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामपथ पर अंगूरी बाग स्थित अयोध्या एनिमल वेलफेयर फाउंडेशन ने पशुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया। सदस्य अनामिका त्रिपाठी ने बताया कि फेडरेशन की सोच है भंडारे में मानव के लिए जगह–जगह भंडारे का आयोजन होता है कहीं भी मवेशियों को खिलाने के लिए किसी भी प्रकार का भंडारा नहीं कराया जाता। इस व्यथा से उद्भृत होकर फाउंडेशन ने विशाल भंडारा पशुओं के लिए लगाया। इसमें हरा चारा, हरी सब्जियां, केला, आम, तरबूज खरबूज, कुत्तों के लिए दूध बिस्किट, ब्रेड दर्जनों व्यंजन के साथ भंडारा किया। संगम, प्रज्ञा, डॉ. आलोक, वीरेश, राजकुमार ने अपना सहयोग दिया।

### गांव से शहर तक जेठ के आखिरी मंगल को भंडारों की धूम

**रानी बाजार, अमृत विचार :** जेठ माह के अंतिम मंगलवार को भंडारों की धूम रही। प्रसाद के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ दिखी। गोहनिया चौराहा, हनुमान मंदिर निकट खैरपुर, राम सहाय के पुरवा, नहर पर, सरियावां चौराहा आदि स्थानों पर छोले, चाल, हलुवा पूरी, बूंदी, सब्जी के भंडारे चले। भेलसर प्रतिनिधि के मुताबिक हनुमान मंदिरों पर प्रात: से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। रुदौली के मोहल्ला पूरे काजी शिवपुरम में भंडारे का आयोजन किया गया। सुनील कुमार, विष्णु कुमार, विक्रांत, परितोष मिश्र, प्रीतम यादव, श्याम जी, प्रद्युम्न आदि ने प्रसाद बांटा। शुजागंज प्रतिनिधि के मुताबिक मां कोटहीन देवी मंदिर हसनामऊ में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। सुंदर कांड बाद हवन पूजन हुआ। फिर भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। शुजागंज क्षेत्र में भी विभिन्न जगहों पर भंडारा आयोजित किया गया। प्रसाद में कढ़ी चावल, हलुवा, खीर, शर्बत आदि रहा।

### संविदा कर्मियों का धरना जारी


मुख्य अभियंता वितरण के कार्यालय परिसर में धरना दे रहे संविदाकर्मी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** निष्कासित किए जाने के विरोध और बहाली की मांग को लेकर विद्युत मजदूर पंचायत के तत्वाधान में मुख्य अभियंता वितरण के कार्यालय परिसर में धरना दे रहे संविदा कर्मियों के धरने के मंगलवार को 50 दिन पूरे हो गए। इस मौके पर हुई पंचायत में प्रांतीय उपमंत्री रघुवंश मिश्रा ने कहा आंदोलन के बाद भी शासन मौन धारण किए है। संचालन जय गोविंद ने किया। धरने को प्राविधिक संघ के नेता विजय प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया। धरने में सत्येंद्र पांडेय, विनय मौर्य संदीप तिवारी, धर्मेश, महेंद्र, कुलदीप यादव, आफताब, सुरेश सिंह सहित बड़ी संख्या में बिजली कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्रशांत बने विद्यार्थी परिषद की रामलला नगर इकाई के अध्यक्ष



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की रामलला नगर इकाई के पदाधिकारी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या पूरब जिले की श्री रामलला नगर इकाई का सत्र 2025 – 26 का मंगलवार को गठन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अभाविप अवध प्रांत शोध आयाम के सह प्रमुख डॉ. आलोक सिंह, प्रांत संयोजक शिवम् मिश्रा, अयोध्या एकेडमी की प्रधानाचार्या सौम्या अचारी, महानगर मंत्री मानवेन्द्र प्रताप सिंह और विभाग संगठन मंत्री अंकित भारतीय ने किया। चुनाव अधिकारी ने नगर अध्यक्ष के रूप में डॉ. प्रशान्त कुमार व नगर मंत्री के रूप में कुलदीप वाल्मीकि के नाम की घोषणा की। इसके अलावा डॉ. पलव कुमार, जितेंद्र प्रजापति, सौम्या आचारी, डॉ. संतोष सरोज, शिवम शुक्ला, अभिनव मिश्रा, अमरेन्द्र श्रीवास्तव, मुस्कान सोनकर, ऋषिकांत दुबे, आकाश शुक्ला, विवेक कनौजिया, अमर नाथ, प्रदुम्न पाठक, आकाश मोदनवाल आदि को अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है।

### फलपट्टी क्षेत्र मे हरे पेड़ों की कटान, विभाग मौन

**सोहावल, अमृत विचार :** जिले के फल पट्टी क्षेत्र सोहावल में हरे आम के पेड़ों कटान चोरी चुपके जोरों पर है। इससे त्रस्त ग्रामीणों के विरोध पर वन विभाग एक्शन में आया। मुबारकगंज में बिना परमिट फल लगा विशालकाय हरा आम का पेड़ पर आरा चलते पकड़ा। कार्रवाई के नाम पर महज जुर्माने की रस्म पूरी कर कागजी खानापूर्ति कर दी गई। चिर्रा मोहम्मदपुर, मसौधा, सोहावल, रौनाही मुबारकगंज में लकड़कट्टों पर विभाग के लोग मेहरबान हैं। आंधी में गिरे सरकारी पेड़ की लकड़ी गायब हो गए। ट्रॉलियों से भरकर जा रही लकड़ी पर ग्रामवासियों ने विरोध किया। वन दरोगा ने वन गोदाम मे लकड़ी के जमा होने के लिए ले जाने की दुहाई दी, लेकिन वह लकड़ियां कहां गई, कोई भी बताने की स्थिति में नहीं है। वन विभाग के वन दारोगा से संपर्क का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो पाई।

## संविधान को फायदे के लिए इस्तेमाल कर रही भाजपा

**अयोध्या।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। भाजपा सरकार संविधान को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर रही है। कांग्रेस पार्टी संविधान को बचाने के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ेगी। वह मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के बीपी शुक्ला इंटर कॉलेज मे संविधान बचाओ सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि संविधान के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। मिल्कीपुर ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत पांडे ने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी हर कुर्बानी के लिए तैयार है। अध्यक्षता मिल्कीपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष और संचालन बृजेश रावत ने किया। कांग्रेस प्रवक्ता शीतला पाठक ने बताया सम्मेलन में साहबदीन रावत, संतोष तिवारी, गंगाराम यादव आदि शामिल रहे।

# वित्तीय नियम दरकिनार, मनरेगा में ठेकेदारी प्रथा से काम

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**▸▸ बीडीओ सहित 11 कर्मियों को नोटिस, बगैर तिथि व हस्ताक्षर फर्मों को जारी कर दिया आपूर्ति आदेश**

**अमृत विचार:** नियमों को दरकिनार कर मनरेगा में ठेकेदारी प्रथा से काम कराया गया। जल्दबाजी इतनी कि बगैर तिथि व हस्ताक्षर के फर्मों को आपूर्ति का आदेश जारी कर दिया गया। मजदूरों को मनमाना भुगतान किया गया। खामियों पर पर्दा डालने के लिए जांच में पहुंचे जिला विकास अधिकारी को भी पत्रावलियां नहीं उपलब्ध कराई गईं। अब जांच में इसकी असलियत सामने आई तो खंड विकास अधिकारी सहित 11 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

मामला अमानीगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत बहबरमऊ की है। सूत्रों के मुताबिक गड़बड़ी के साथ मनमानी इतनी कि सोशल ऑडिट के दौरान सूचना के बाद भी न तो टीम के साथ जिला विकास अधिकारी महेंद्र देव 21 अप्रैल को जांच के लिए गांव पहुंचे। दो-तीन घंटे बाद ग्राम सचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह पहुंचे लेकिन अभिलेखों को लेकर बहाने बनाए गए। जांच के लिए कोई अभिलेख नहीं मिला। डीडीओ ने वेबसाइट से चल रही तीन परियोजनाओं ओम पांडेय के घर से कुलदीप के घर तक, राजेंद्र के घर से प्रा.वि. खपड़े तक और प्रधानमंत्री सड़क से प्रदीप शुक्ला के घर से इंटरलॉकिंग काम का निरीक्षण किया। जांच में प्रथम दृष्टया आठ लाख के कार्यों में वित्तीय अनियमितता सामने आई। उन्होंने इसकी रिपोर्ट उपायुक्त मनरेगा को भेज दी।

> अमानीगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत बहबरमऊ की जांच की गई। परियोजनाओं में वित्तीय नियमों के अनदेखी के साथ अनियमितता की बात सामने आई है। बीडीओ सहित इससे जुड़े 11 कर्मचारियों को नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्पष्टीकरण आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। **–सविता सिंह, उपायुक्त मनरेगा, अयोध्या।**

उपायुक्त मनरेगा सविता सिंह ने मनरेगा में नियम विरुद्ध काम कराने और वित्तीय अनियमितता को लेकर खंड विकास अधिकारी व कार्यक्रम अधिकारी सूर्य प्रकाश मिश्र, लेखा सहयाक उमेश, तत्कालीन लेखा सहायक तत्कालीन अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी चंद्र प्रकाश मिश्र और अभिमन्यु सिंह, तत्कालीन बीडीओ सुरेश सिंह राणा, लेखाकार अमानीगंज इंद्र बहादुर सिंह, तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी प्रदीप कुमार, ग्राम प्रधान तारकेश्वर तिवारी, ग्राम पंचायत अधिकारी राघवेंद्र सिंह, तकनीकी सहायक रमेश तिवारी सहित एक अन्य हैं।

### जांच : नियमों की हुई अवहेलना

उपायुक्त मनरेगा सविता सिंह ने पत्रावली मंगाकर जांच की तो खामियां सतह पर आ गई। तीनों खड़ंजा इंटरलॉकिंग कार्य में वित्तीय नियमों की धज्जियां उड़ा दी गई। 15 के बजाए मात्र छह दिन के समय में टेंडर करवाया गया। बगैर पत्रांक और दिनांक और हस्ताक्षर के सामान की आपूर्ति के लिए मेसर्स शुक्ला ट्रेडर्स और मेसर्स एसएसएस ब्रिक फील्ड को आपूर्ति आदेश जारी कर दिया गया। ओम पांडेय के घर से कुलदीप के घर तक की परियोजना के लिए 21 की मांग के सापेक्ष केवल पांच मजदूरों का मस्टर रोल जारी किया गया। 16 मजदूरों को काम नहीं मिला। इसी तरह राजेंद्र के घर से प्राथमिक विद्यालय खपड़े के इंटरलाकिंग काम के लिए बगैर वित्तीय नियमों के पालन किए टेंडर खोला गया। वित्तीय नियमों की अनदेखी करते हुए आपूर्ति आदेश जारी किया गया। यहां भी 12 की मांग पांच का मस्टर रोल जारी किया गया। सात मजदूरों का काम नहीं मिला। मजदूरों को 237 रूपये प्रतिदिन के बजाए 252 रूपये के हिसाब से कई दिन का भुगतान किया गया। डीसी मनरेगा ने लिखा कि मनरेगा में काम ठेकेदारी प्रथा से कराया गया। खास बात यह है कि मनरेगा को मनमाने ढंग से चलाया जा रहा है। इस सनसनी मामले में ब्लॉक में मनरेगा से जुड़े लेखाकार से कार्यक्रम अधिकारी व बीडीओ सूर्य प्रकाश मिश्र भी शामिल रहे।

**अंतर जनपदीय तबादले** | केवल 15 जिलों के विकल्प से 1500 से अधिक शिक्षकों को बड़ा झटका

# चाह थी सुल्तानपुर व बाराबंकी की भेज रहे जालौन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में शिक्षकों के अंतरजनपदीय तबादले के लिए आवेदन सोमवार से शुरू हो गए। वेबसाइट पर सोमवार शाम केवल 15 जिलों बलरामपुर, बांदा, बहराइच, बदायूं, हमीरपुर, जालौन, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, मिर्जापुर, पीलीभीत, संभल, शाहजहांपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर और सोनभद्र का विकल्प देखकर तमाम शिक्षकों ने आवेदन करने का विचार त्याग दिया।

शिक्षकों-शिक्षिकाओं को 13 जून तक ऑनलाइन आवेदन करते हुए उसकी छायाप्रति संबंधित बीएसए कार्यालय में जमा करनी होगी। बीएसए के स्तर से 14 जून को ऑनलाइन सत्यापन एवं डाटा लॉक होगा। एनआईसी लखनऊ द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर के माध्यम से 16 जून को शिक्षकों का स्थानान्तरण करते हुए सूची जारी कर कार्यमुक्त किया जाएगा। इसी बीच बेसिक शिक्षा सचिव सुरेंद्र कुमार द्वारा जारी केवल 15 जिलों के विकल्प आदेश से शिक्षकों को बड़ा झटका लगा है। जिले में 1500 से अधिक शिक्षक तबादले की आस में थे, लेकिन सोमवार शाम आए आदेश के बाद पीछे हट गए हैं।



**▸▸ दो दिन में कोई आवेदन नहीं, तीन साल बाद घर जाने की आस नहीं हुई पूरी**

> अंतर जनपदीय स्थान्तरण के लिए सोमवार को नई नीति आई है। जिसके तहत ही आवेदन स्वीकार किए जायेंगे। अभी तक कोई आवेदन नहीं आया है। **–संतोष कुमार राय, बीएसए।**

रुदौली के शिक्षक मनोहर विश्वकर्मा ने बताया कि तीन साल बाद गृह जनपद बाराबंकी जाने की आस लगाए थे। जारी विकल्प में जिला ही नहीं शामिल है। नगर कम्पोजिट विद्यालय के इरफान अंसारी सुल्तानपुर जाना चाहते थे, अब मायूस है। बताया कि यह पहली बार विकल्प का आदेश जारी किया गया है। मवई के शिक्षक तुषार शर्मा को गोंडा जाना था अब नहीं जा सकते हैं। इसी तरह तमाम शिक्षकों को वंचित होना पड़ रहा है। शिक्षकों का कहना है कि अंतर जनपदीय तबादले का मजाक बना दिया है। अब इतनी दूर दूर कौन जाना चाहेगा, यहां से कम कम घर तो नजदीक है।

### 400 से ज्यादा शिक्षक स्कूल बदलने की कर रहे तैयारी

जिले के 400 से ज्यादा शिक्षकों को अपने स्कूल रास नहीं आ रहे। किसी के लिए स्कूल से घर की दूरी अधिक है तो किसी को अन्य कोई समस्या। इसके चलते अब यह दूसरे स्कूल की तलाश कर रहे हैं। शासन द्वारा जिले के अंदर भी पारस्परिक स्थानांतरण किए जा रहे हैं। इसके लिए 480 से ज्यादा आवेदन आए हैं। इन शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन अपने जोड़े बनाए जा रहे हैं। हालांकि अधिकांश शिक्षक पहले ही पारस्परिक स्थानांतरण के लिए साथियों से सहमति ले चुके हैं, लेकिन अब इनके द्वारा ऑनलाइन अधिकारिक स्वीकृति ली जा रही है।

# रुदौली के अली हॉस्पिटल पर फिर से कसा शिकंजा

अयोध्या कार्यालय

**▸▸ 5 सदस्यीय जांच समिति गठित सीएमओ ने जारी किया आदेश**

**अमृत विचार :** अवैध रूप से संचालित हो रहे निजी हास्पिटल और नर्सिंग होम के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग के अभियान ने करवट ली है। बीते दिनों मरम्मत के नाम पर रुदौली के अली हॉस्पिटल का ताला खोलने वाले स्वास्थ्य विभाग ने फिर उस पर शिकंजा कसा है। इसके लिए सीएमओ डॉ. सुशील बनियान ने अली हॉस्पिटल की जांच के लिए पांच सदस्यीय जांच समिति गठित की है। माना जा रहा है इस बार अली हॉस्पिटल के विरुद्ध और बड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा छह जून को जारी आदेश में कहा गया है कि एक जून को अपराह्न निरीक्षण के दौरान अली हॉस्पिटल खैरनपुर भेलसर के संचालक ने वैध नवीनीकरण प्रप्रत्र नहीं दिखाया। अस्पताल पूरी तरह से अव्यवस्थित पाए जाने के कारण सील कर दिया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ संदीप शुक्ला की अध्यक्षता में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजमणि शुक्ला, डॉ बी पी त्रिपाठी को सदस्य नामित किया गया। जारी आदेश में कहा गया है कि उपरोक्त चिकित्सालय की जांच के लिए पुनः 5 सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई है। जिसमें जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप बतौर अध्यक्ष और डिप्टी सीएमओ डॉ. राजमणि शुक्ला, डिप्टी सीएमओ बीपी त्रिपाठी के साथ दो नए सदस्य जिला अस्पताल के परामर्शदाता डॉ. विपिन व जिला महिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ आशाराम सदस्य नामित किए गए हैं। इस समिति से एक सप्ताह 12 जून तक जांच आख्या तलब की गई है। अब देखना यह है कि दोबारा शुरू हुई जांच में क्या रिपोर्ट सामने आती है। बता दें कि ताला खोले जाने पर स्वास्थ्य विभाग की खासी चर्चा और किरकिरी हुई थी।

卐 पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा 卐
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ••• भी है। •••
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555


परकोटा के अग्निकोण के मंदिर में भगवान गणेश।


नैऋत्य कोण में रथ पर विराजमान सूर्य देव


वायव्य कोण मंदिर में मां भगवती


उत्तरी भुजा के मंदिर में माँ अन्नपूर्णा


दक्षिणी भुजा के मंदिर में बजरंगबली


ईशान कोण के मंदिर में स्थापित शिवलिंग

## राम मंदिर : परकोटे में विराजमान देवी-देवताओं के दर्शन को तस्वीरें जारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार और परकोटे के 6 मंदिरों में स्थापित देवी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दर्शन की अभिलाषा लिए दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं, लेकिन परिसर में चल रहे निर्माण कार्य के कारण इन मंदिरों में दर्शन की व्यवस्था प्रारम्भ नहीं हो सकी है, जिसको देखते हुए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सोशल मीडिया के माध्यम से भक्तों को देवी-देवताओं के दर्शन कराने शुरू कर दिए हैं। इसके लिए तस्वीरें जारी की जा रही हैं।

### आज का मौसम

24 घंटे में बादल छाए रहने और वर्षा नहीं होने की संभावना है।

| 42.0° | 29.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

### आज के कार्यक्रम

- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर आउटसोर्स कर्मियों का धरना प्रात: 10 :00 बजे से।
- बीकापुर में कांग्रेस का संविधान बचाओ कार्यकर्ता सम्मेलन सरियावां चौराहे पर एक गेस्ट हाउस में प्रात: 11 :00 बजे से।
- डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में योगाभ्यास प्रशिक्षण प्रात: 11 : 00 बजे से।
- उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही सर्किट हाउस में महिला जनसुनवाई करेंगी सुबह 11 :00 बजे से।

# बहुप्रतीक्षित ट्रॉमा सेंटर लगभग तैयार, 31 अगस्त को लोकार्पण

## 110 बेड का होगा सेंटर, एक ही छत के नीचे मिलेंगी तमाम सुविधाएं

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार:** दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज परिसर में बन रहा बहुप्रतीक्षित ट्रॉमा सेंटर अब अपने अंतिम चरण में है। इसके लोकार्पण की भी तिथि सामने आ गई है। 31 अगस्त को इसका लोकार्पण कराया जाएगा। यह ट्रॉमा सेंटर न केवल अयोध्या बल्कि आसपास के जिलों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा के रूप में उभरेगा। 33 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह सेंटर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा और इसमें 110 बेड की व्यवस्था होगी। जी प्लस थ्री संरचना वाले इस भवन में 50 बेड ट्रॉमा केयर और 60 बेड इमरजेंसी मेडिसिन के लिए आरक्षित होंगे। निर्माण कार्य का 80 प्रतिशत फिनिशिंग का काम पूरा हो चुका है, और जल्द ही यह सेंटर जनता के लिए उपलब्ध होगा।

धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से विश्वविख्यात अयोध्या अब स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी एक नया मुकाम हासिल करने जा रही है। यह ट्रॉमा सेंटर जिले को प्रस्तावित 300 बेड के अस्पताल के निर्माण से पहले एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सेंटर न केवल आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा, बल्कि गंभीर रूप से घायल मरीजों के लिए त्वरित और प्रभावी उपचार सुनिश्चित करेगा। ट्रॉमा सेंटर को अत्याधुनिक तकनीक और संसाधनों से सुसज्जित किया जा रहा है। 10 करोड़ रुपये के बजट से निर्मित इस सेंटर में मरीजों की त्वरित देखभाल के लिए सभी आवश्यक उपकरण और सुविधाएं उपलब्ध होंगी।


मेडिकल कॉलेज परिसर में निर्माणाधीन ट्रॉमा सेंटर। अमृत विचार

### 24 घंटे होगी मरीजों की देखभाल

सेंटर में 50 बेड विशेष रूप से ट्रॉमा मरीजों के लिए होंगे। जिनमें सड़क दुर्घटना, गंभीर चोट या अन्य आपातकालीन स्थिति के मरीज शामिल होंगे। शेष 60 बेड इमरजेंसी मेडिसिन विभाग के लिए आरक्षित होंगे, जो हृदयाघात, स्ट्रोक और अन्य गंभीर बीमारियों के मरीजों के लिए तत्काल उपचार प्रदान करेंगे। सेंटर में ऑपरेशन थिएटर, गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू), डायग्नोस्टिक लैब, एक्स-रे, सीटी स्कैन और अन्य आधुनिक उपकरणों की व्यवस्था होगी। इसके अलावा, प्रशिक्षित चिकित्सकों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ की एक समर्पित टीम 24 गुणे 7 मरीजों की देखभाल के लिए तैनात रहेगी।

### भवन में वेंटिलेशन व बुनियादी ढांचे का विशेष ध्यान

निर्माण कार्य की प्रगति पर नजर डालें तो ट्रॉमा सेंटर का 80 प्रतिशत फिनिशिंग कार्य पूरा हो चुका है। जी प्लस थ्री संरचना वाले इस भवन में आधुनिक वास्तुकला और मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखकर डिजाइन तैयार किया गया है। भवन में वेंटिलेशन, अग्निशमन प्रणाली, और रोगी-अनुकूल बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान दिया गया है। निर्माण कार्य की निगरानी कर रहे अधिकारियों का कहना है कि शेष कार्य को समय पर पूरा करने के लिए तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं जिससे कि 31 अगस्त को सेंटर का उद्घाटन निर्धारित समय पर हो सके।

**10** करोड़ के संसाधनों से किया जाएगा लैस, 80 फीसदी कार्य पूरा

### मेडिकल कॉलेज में अब 600 से अधिक बेड

मेडिकल कॉलेज में पहले पुराने भवन में 200 बेड संचालित हुआ करते थे। प्राण प्रतिष्ठा के समय तकरीबन 242 करोड़ की लागत से बने 300 बेड वाले भवन का लोकार्पण किया गया था। इसी दौरान अस्पताल परिसर में 110 बेड वाले ट्रॉमा सेंटर के निर्माण के लिए उस समय प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा की ओर से पत्राचार शुरू हुआ था। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण निगम ने कार्य शुरू करा दिया।


निश्चित रूप से यह ट्रामा सेंटर स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी क्रांति लेकर आएगा। यहां एक ही छत के नीचे तमाम सुविधाएं मिल जाएंगी। लोकार्पण की तिथि 31 अगस्त मिली है। बाकी जानकारी डीएचएस की मीटिंग के बाद ही दे पाऊंगा।
- डॉ. सत्यजीत वर्मा, प्राचार्य

# खड़े ट्रक से टकराई जनरथ बस, 24 घायल व नौ रेफर

▶▶ पटरंगा थाना क्षेत्र में हाईवे पर कल्याणी नदी के पास हुआ हादसा

मवई, अयोध्या।

**अमृत विचार :** लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर पटरंगा थाना क्षेत्र में कल्याणी नदी के निकट पुराने हाईवे कट के सामने खड़े ट्रक में जनरथ बस टकरा गई। हादसे में 24 लोग घायल हो गए। इन्हें इलाज के लिए बनीकोडर बाराबंकी के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से नौ गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना मंगलवार भोर लगभग पांच बजे की है। ट्रक खड़ा था।

गोरखपुर से लखनऊ जा रही जनरथ बस ने इसमें जोरदार टक्कर मार दी। माना जा रहा है कि भोर के समय ड्राइवर के झपकी आने से यह घटना हुई। बस के यात्री भी नींद में थे। टक्कर के बाद यहां कोहराम मच गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिसमें बस का चालक फंस गया। आसपास के लोग इकट्ठा हुए। मौके पर पुलिस पहुंची। पता चला कि ड्राइवर सहित बस के कुल 24 यात्री घायल हो गए।

पटरंगा थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत यादव व हाईवे चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने एनएचएआई के हाइड्रा से खींचकर बस के चालक को बाहर निकलवाया। सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी बनी कोडर पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने नौ लोगों की गंभीर हालत देखते हुए प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर कर दिया।


घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार


क्षतिग्रस्त बस।

### हादसे में घायल यात्री

घायलों की पहचान सफीकुल रहमान (22) निवासी लक्ष्मीपुर महराजगंज, हमीदरजा (26) निवासी लक्ष्मीपुर महराजगंज, अनिल यादव (27) निवासी रुद्रपुर थाना रुद्रपुर देवरिया, रिया (18) निवासी भिरगंडवा महाराजगंज, हरिओम (32) निवासी हुमाऊपुर गोरखपुर, शोराब (22) निवासी बारूगंज महाराजगंज, दिलीप कुमार (26) निवासी नौतनवा महाराजगंज, हरिओम पांडेय (30) निवासी अशोक नगर कालोनी थाना गोरखनाथ गोरखपुर, रितेश कुमार (34) निवासी तुकमानपुर थाना राजघाट गोरखपुर, सुमित सिंह (32) निवासी देवरिया, परमानंद तिवारी (24) निवासी बडहलगंज, गोरखपुर, अरविंद कुमार (39) निवासी फोराबाद गोरखपुर, भीम (22) निवासी फोराबाद गोरखपुर, बस कंडक्टर श्रवण कुमार पुत्र कन्हई लाल कलौली थाना कछौरा हरदोई, सहबाज खान (22) निवासी गोरखनाथ, गोरखपुर हैं।

### गंभीर घायलों की रेफर सूची

रजत पुत्र सुभाष निवासी हक्तिनपुर देवरिया, ममता पत्नी मोहन निवासी भीरा लखीमपुर, सूर्यांश पुत्र मोहन निवासी भीरा लखीमपुर, गणेश पुत्र बहादुर निवासी खोराबाद थाना सूबाबाजार गोरखपुर, सुब्रान आलम पुत्र खुर्शीद आलम गोपालगंज कटैया बिहार, भवानी चरण पुत्र जवाहर लाल ग्राम बलौदा बाजार कसदूल छत्तीसगढ़, अजीत शुक्ला पुत्र ओमप्रकाश शुक्ला ग्राम समौधा दलेलनगर थाना कछौना संडीला हरदोई, विनोद कुमार पुत्र एमएल वर्मा निवासी झांसी, पूर्णिमा पुत्री सुभाष निवासी महाराजगंज शामिल हैं।

पटरंगा थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत यादव ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर सड़क के किनारे कर दिया गया है। यातायात सुचारू रूप से चालू हो गया है।

## एक नजर

### रोजगार मेला कल

अयोध्या, अमृत विचार : क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कॅरिअर सेंटर अयोध्या द्वारा 12 जून को सुबह 10 बजे से क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर, फतेहगंज, अयोध्या में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। सहायक निदेशक (सेवायोजन) देवव्रत कुमार ने बताया कि मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। ऐसे अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, आई.टी.आई. एवं डिप्लोमा है, प्रतिभाग कर सकते है। इसमें किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय आदि देय नहीं है।

### डॉ. अजय गौतम बने स्थायी सीएमएस

अयोध्या, अमृत विचार : शासन ने लखनऊ के अपर निदेशक परिवार कल्याण डॉ. अजय सिंह गौतम को जिला अस्पताल में सीएमएस के पद पर तैनात किया है। चिकित्सा अनुभाग दो की सचिव ऋतु माहेश्वरी की ओर से जारी आदेश के मुताबिक उन्हें तत्काल प्रभाव से पदभार ग्रहण करने का निर्देश दिया है। कई वर्ष के बाद अस्पताल को स्थायी सीएमएस मिला है।

## पति, सास व ससुर को दहेज हत्या में नौ साल की सजा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** दहेज के लिए विवाहिता को बलि बेदी पर चढ़ा देने के मामले में कोर्ट ने पति, सास व ससुर को दोषी पाते हुए प्रत्येक को नौ साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। प्रत्येक पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी हुआ है। फैसला अपर जिला जज रजत वर्मा की अदालत से सोमवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रमेश तिवारी ने बताया कि रामकरन निवासी चक पुरवा थाना मवई ने अपनी बहन मीरा की शादी मानापुर थाना पटरंगा के रहने वाले रजनीश उर्फ जगन्नाथ से की थी। शादी में बाइक और अपनी हैसियत के मुताबिक अन्य उपहार भी दिये थे। ससुराल वाले दहेज में 50 हजार की मांग कर रहे थे। रकम दे पाने में असमर्थता जताने पर विवाहिता को प्रताड़ित किया जाने लगा। इससे दुखी हो मीरा ने फंदा लगाकर जान दे दी। इसकी रिपोर्ट मृतका के भाई रामकरण ने पति रजनीश, ससुर चेतराम व सास छेदाना के खिलाफ दहेज हत्या समेत अन्य धाराओं में दर्ज कराई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने तीनों को दहेज हत्या, दहेज के लिए प्रताड़ना और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

▶▶ प्रत्येक पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी हुआ

# जिले में आपूर्ति 350 मेगावाट, डिमांड पहुंच गई 450 मेगावाट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** तपिश के चढ़ते पारे ने जिले की बिजली आपूर्ति की चूलें हिला दी हैं। वर्तमान में जिले में आपूर्ति 350 मेगावाट पहुंच गई है जबकि गर्मी को देखते हुए 450 मेगावाट की आवश्यकता है। गत वर्ष जून में जिले में 300 मेगावाट तक आपूर्ति हो रही थी। इस वर्ष तेजी से चढ़ते पारे के कारण लगातार बिजली की डिमांड बढ़ती जा रही है। मौजूदा समय में 100 मेगावाट के अंतर ने बिजली संकट को लेकर हाहाकार मचा रखा है। अधिकारी कह रहे हैं कि अगर जुलाई तक यही हालात रहे तो आपूर्ति में समस्या और बढ़ सकती है।

मई के अंतिम सप्ताह तक 300 मेगावाट तक डिमांड के बाद जून के केवल 10 दिनों में ही डिमांड 450 मेगावाट पहुंच गई है, जबकि वर्तमान में केवल 350 मेगावाट मिल रही है। वह भी कभी मिलती है तो कभी नहीं। पारेषण विभाग का कहना है कि 100 मेगावाट के अंतर से सिस्टम प्रभावित हो रहे हैं। अत्याधिक इस्तेमाल से न केवल एबीसी केबल फुंक रहे हैं बल्कि फीडरों की ऑयल सर्किल ब्रेकर यानि ओसीबी मशीनों पर लोड पड़ रहा है। इसी के कारण आपूर्ति में ट्रीपिंग और ट्रांसफार्मरों को क्षति पहुंच रही है। ट्रांसफार्मर अनुभाग से मिली जानकारी के अनुसार मई के प्रथम सप्ताह से लेकर अंतिम सप्ताह तक नगर क्षेत्र में 15 और ग्रामीण क्षेत्रों में 35 ट्रांसफार्मर फुंके हैं। इतना ही नहीं 60 प्रतिशत से अधिक लाइन लॉस हुआ और करीब 80 लाख के राजस्व की क्षति दर्ज की गई है। मुख्य अभियंता अशोक कुमार चौरसिया द्वारा शक्ति भवन को नियमित रूप से 450 मेगावाट बिजली अयोध्या को देने के लिए एक सप्ताह पर पहले ही पत्र भेज दिया, लेकिन अभी तक डिमांड के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हुई है। बताया गया है कि सांसद अवधेश प्रसाद और नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता द्वारा भी शासन को इस आशय का पत्र भेजा गया है। पॉवर कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने दोनों जनप्रतिनिधियों से इसके लिए अनुरोध किया था।



"डिमांड और आपूर्ति में भारी अंतर है। इसके लिए शक्ति भवन को डिमांड भेजी गई है। लगातार सुचारू आपूर्ति का प्रयास किया जा रहा है। -प्रदीप कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता।"

### शहर में 24 की जगह 16, ग्रामीण क्षेत्रों में 12 घंटे आपूर्ति

जिले में इन दिनों बिजली आपूर्ति की स्थिति चरमरा गई है। शहर से लेकर गांव तक बिजली की आंख मिचौली, लो वोल्टेज की समस्या से लोग परेशान हैं। शहर में औसतन 24 घंटे में केवल 15 से 16 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र 12 घंटे आपूर्ति हो रही है। इसके अलावा लो-वोल्टेज की समस्या भी गंभीर बनी हुई है। इससे भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

## सार-संक्षेप

### सीसीटीवी की मदद से पकड़ा चोरी का आरोपी

**रुदौली, अमृत विचार :** कोतवाली रुदौली पुलिस ने ग्राम पंचायत भेलसर में बीती रात हुई चोरी में सीसीटीवी कैमरे की मदद से सीतापुर के चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। भेलसर गांव में 28 सितंबर 2024 की रात में इरफान के घर दो लाख 30 हजार रुपये नगदी के अलावा घरेलू कीमती सामान की चोरी हुई थी। चोरी को लेकर पुलिस की छीछालेदर हुई। पुलिस ने मंगलवार को भेलसर चौराहे के एक होटल के पास से मोहम्मद तुफैल निवासी ग्राम रेउसा सीतापुर को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि मोहम्मद तुफैल की पहचान सीसीटीवी फुटेज से की गई। तुफैल का इरफान के घर आना जाना था। तलाशी में उसके पास से 5320 रुपये नकद और चोरी के पैसों से खरीदा गया कैनन कंपनी का फोटो कैमरा, मोटोरोला का लाल रंग का मोबाइल फोन और ओप्पो कंपनी का नीला मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। कोतवाल संजय मौर्य ने बताया कि पहले दर्ज मुकदमे में तुफैल का चालान कर दिया गया।

### सभी मार्गों पर कराएं सड़क सुरक्षा के मानकों का पालन:डीएम

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने अधिकारियों से कहा कि जिले के सभी मार्गों पर सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कराएं। वह जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बोल रहे थे। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने दुर्घटनाओं को कम किए जाने, ब्लैक स्पॉट को कम से कम किए जाने, आम लोगों से ट्रैफिक नियमों का पालन, घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में उपचार दिए जाने आदि पर समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिक दुर्घटना वाले स्थान को चिन्हित कर स्थायी निराकरण किया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक यातायात एपी सिंह, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड सत्यप्रकाश भारतीय, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड चार शशि भूषण सिंह सहित अन्य लोग थे।

### डीएम ने किया बीएसए कार्यालय के नवनिर्मित सभाकक्ष का लोकार्पण


बेसिक शिक्षा कार्यालय में नवनिर्मित सभाकक्ष का उद्घाटन करते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे। साथ में सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह व बीएसए संतोष कुमार राय।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के भवन के नवनिर्मित सभाकक्ष का लोकार्पण मंगलवार को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने किया। जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प, विद्यालयों के 19 पैरामीटर्स पर संतृप्तीकरण व अन्य विभागीय कार्यशाला के संबंध में नियमित बैठक के लिये सभागार की आवश्यकता को बड़ी जरूरत बताया। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह द्वारा पौधरोपण भी किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में गत वर्षों की भांति संचालित महाबली हनुमान के भण्डारे का शुभारम्भ भी जिलाधिकारी अयोध्या द्वारा किया गया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय समेत कर्मचारी मौजूद रहे।

**नए सर्किल रेट** | भूस्वामियों को नहीं होने वाला लाभ, राम मंदिर से लगभग 5 किमी की दूरी पर ही ग्रीन फील्ड टाउनशिप हो रही विकसित

# ग्रीनफील्ड के दायरे के भू-स्वामी खोज रहे अपनी स्थिति

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में विकसित की जा रही ग्रीनफील्ड टाउनशिप के दायरे में आए भू-स्वामी नए सर्किल रेट में अपनी स्थिति तलाश रहे हैं, लेकिन नए सर्किल रेट से उनको निराशा हुई है। फायदा होने की उम्मीद नहीं है। दूसरी ओर आवास विकास टाउनशिप की कार्रवाई को तेज करने की रणनीति पर है।

बता दें राम मंदिर से लगभग पांच किमी की दूरी पर ही अयोध्या की सबसे बड़ी ग्रीन फील्ड टाउनशिप विकसित की जा रही है। यह लगभग 1800 एकड़ में फैली होगी। इसे तीन फेज में डेवलप किया जा रहा है। खास बात यह है कि ग्रीन फील्ड के पहले फेज की अधिसूचना इस क्षेत्र के नगर निगम में आने के पहले हो चुकी थी। इसके दायरे में आए किसानों को मुआवजे के रूप में मालियत का चार गुना पैसा मिलने की व्यवस्था है।

इसके बाद यह इलाका नगर निगम में आया तो मुआवजे की राशि दो गुना तक हो गई। हालांकि अब तक जिन किसानों ने जमीन दी इसके बाद किसान अपनी जमीन बचाने के प्रयास में हैं। इसको लेकर आंदोलन भी किया जा चुका है।

आठ साल बाद जारी किए गए जमीन के नए सर्किल रेट से यहां के भू-स्वामियों को लाभ नहीं होने वाला है। ऐसा भू-स्वामी कहते हैं। भू-स्वामी गगन जायसवाल और यतींद्र सिंह कहते हैं कि नए सर्किल रेट से उनको लाभ नहीं होने वाला है। बताते हैं कि जिस जमीन का सर्किल रेट डेढ़ लाख रुपये था, नए सर्किल रेट में वह दो लाख पहुंच गया। ऐसे में पहले दो गुना तीन लाख था अब चौर लाख हो गया, लेकिन बैनामे के रजिस्ट्रियों के औसत मूल्य के हिसाब से जिन्होंने अपनी जमीने दी उन्हें 5.45 लाख रुपये प्रति बीघा मिला था। ऐसे में चार लाख रुपये होने के बाद भी कोई लाभ नहीं है। भू-स्वामी कहते हैं कि वह तो जमीन बचाने के प्रयास में हैं। साथ ही 50 फीसदी जमीनें डेवलप करके देने का भी मुद्दा भी है।


प्रतीकात्मक फोटो

### अंतिम अधिकार जिलाधिकारी के पास

आवास विकास परिषद के अधिशाषी अभियंता इं. अमन त्यागी कहते हैं कि ग्रीन फील्ड की जमीनों का रेट तय करने का अधिकार संबंधित अपर जिलाधिकारी को है। जमीनों का मामला भूमि अध्याप्ति विभाग में चला गया है। धारा 28 जारी होने के समय की बात कहते हैं। उस समय जो रेट रहा होगा। उसी के अनुसार प्रशासन रेट तय करेगा। कहते हैं कि रेट तय करने का अंतिम अधिकार अपर जिलाधिकारी के पास है।

## 12 को रुदौली आएंगे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

**रुदौली, अमृत विचार:** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 12 जून को रुदौली में पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कल्याण सिंह की मूर्ति का अनावरण करेंगे। विधायक रामचंद्र यादव के कार्यालय प्रभारी दिनेश यादव ने बताया कि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। वह जन चौपाल में भी प्रतिभाग करेंगे। विधायक रामचंद्र यादव ने एसडीएम अशोक सैनी, सीओ आशीष निगम, खंड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी के साथ उपमुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल और हैलीपेड स्थल का निरीक्षण किया।



## सार-संक्षेप



परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह का स्वागत करते शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

### शिक्षक समाज की हर समस्या का होगा निदान : परीक्षा नियंत्रक

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : अवध विश्वविद्यालय और महाविद्यालय शिक्षक संघ एवं स्व वित्त पोषित महाविद्यालय शिक्षक संघ की ओर से मंगलवार को नवागत परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह से शिष्टाचार भेंट कर स्वागत किया गया। परीक्षा नियंत्रक से परीक्षा और शिक्षक समाज से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने आश्वासन दिया कि शिक्षकों की हर समस्या का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक गंभीरता और निष्पक्ष ढंग से मूल्यांकन करें और शैक्षणिक कार्य में और अधिक बेहतर योगदान दें। इस अवसर पर संघ अध्यक्ष डॉ. जन्मेजय तिवारी, महामंत्री प्रो. अमूल्य कुमार सिंह, डॉ. रवि कुमार सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. वेद प्रकाश वेदी, प्रो. आशीष, डॉ. राम लाल विश्वकर्मा सहित अनुदानित महाविद्यालयों एवं स्ववित्त पोषित महाविद्यालय के कई शिक्षक मौजूद रहे।

### महिला की हत्या प्रकरण में दो को उम्रकैद, आठ बरी

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी। अमृत विचार** : दस वर्ष पूर्व महिला की गला रेतकर हत्या के प्रकरण में न्यायालय दो अभियुक्तों को दोषसिद्ध करार देते हुए आजीवन कारावास व 10-10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। वहीं इस मामले में आठ लोगों को अदालत ने बरी कर दिया। हालांकि बरी किए गए अभियुक्तों में एक की मृत्यु हो चुकी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना मोहम्मदपुर खाला पर हत्या की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकदमे में अभियुक्त दिलदार उर्फ दीदार अली पुत्र बाबू निवासी ग्राम मोहारेपुर व हजरत अली पुत्र अब्बास अली निवासी ग्राम आलापुर रनियामऊ थाना मोहम्मदपुर खाला को हत्या आदि धाराओं में न्यायालय अपर जिला सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-37 ने दोषसिद्ध करार दिया। इन दोनों को आजीवन कारावास व 10-10 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। इसी क्रम में अभियुक्त दिलदार उर्फ दीदार अली व हजरत अली को तीन धाराओं में दोषमुक्त करने के साथ ही अशोक उर्फ गब्बर पुत्र असर्फी लाल वर्मा, परदेशी पुत्र सन्तराम निवासी लालापुरवा, प्रदीप कुमार अवस्थी पुत्र रामकिशोर, कनौजी लाल लोध पुत्र खुशीराम, रामबचन शुक्ला पुत्र जगदम्बा, राधेश्याम शुक्ला पुत्र कैलाशनाथ, अनीता उर्फ गुड़िया पत्नी प्रदीप कुमार निवासी पाण्डेयपुर सरसण्डा व संतोष कुमार शुक्ला पुत्र यदुनाथ शुक्ला निवासी चिरैया को सभी आरोपों से दोषमुक्त किया गया। संक्षिप्त विवरण के अनुसार 16 फरवरी 2015 को वादी मस्तराम तिवारी पुत्र रामसागर तिवारी निवासी मौजा सरसण्डा ने अभियुक्तगण के विरुद्ध वादी की पत्नी की गला रेतकर हत्या कर देने के आधार पर थाना मोहम्मदपुर खाला में दस लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया। तत्कालीन विवेचक निरीक्षक रवीन्द्र सिंह द्वारा साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्णकर अभियुक्तगण के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।

# स्नातक में 10 और परास्नातक में 15 जुलाई तक होंगे प्रवेश

## अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार और पत्र विभाग में प्रवेश शुरू

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार** : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय सत्र 2025- 2026 में आवासीय परिसर में प्रवेश के लिए जारी सूचना 1 जून के क्रम में स्नातक के लिए 10 जून एवं परास्नातक के लिए 25 जून निर्धारित की गई थी। वहीं जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग द्वारा संचालित स्नातक बैचलर ऑफ वोकेशनल और परास्नातक (एमए) जनसंचार एवं पत्रकारिता पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया चल रही है।

प्रवेश समन्वयक आवासीय प्रो. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देश पर छात्र हित को दृष्टिगत रखते हुए स्नातक में आवेदन की तिथि 10 जुलाई एवं परास्नातक की तिथि 15 जुलाई तक बढ़ा दी गई। आवासीय पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा की तिथि अब 26 जुलाई कर दी गई है। इसमें एलएलबी बीफार्मा, डी फॉर्मा सहित अन्य पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा होनी है।

वहीं पत्रकारिता विभाग के डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि स्नातक बैचलर ऑफ वोकेशनल और परास्नातक (एमए) जनसंचार एवं पत्रकारिता पाठ्यक्रम में प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (रेडियो, टेलीविजन, डिजिटल मीडिया) एडवरटाइजिंग, पब्लिक रिलेशन, मीडिया मैनेजमेंट, मीडिया रिसर्च, मीडिया लॉ, फोटोग्राफी सहित अन्य की पढ़ाई उक्त पाठ्यक्रम में कराई जाती है। स्नातक में प्रवेश के लिए 10+2 (इंटरमीडिएट) व परास्नातक हेतु स्नातक (10+2+3) होना चाहिए। इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट https// rmlauadm.samarth. edu.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## 32 जिलों के छात्र-छात्राओं की इग्नू परीक्षा 16 केंद्रों पर 12 से

अयोध्या कार्यालय।



**अमृत विचार** : अवध विश्वविद्यालय के इग्नू अध्ययन केंद्र की जून 2025 की सत्रांत परीक्षाएं 12 जून से शुरू होकर 19 जुलाई तक चलेगी। यह परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 01 बजे तक व द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 02 से शाम 05 बजे तक होगी।

अवध विश्वविद्यालय इग्नू अध्ययन केंद्र के कोऑर्डिनेटर प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि इग्नू की परीक्षा 32 जिलों के छात्र-छात्राओं के लिए 16 केंद्रों पर होगी। परीक्षार्थियों के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। छात्र एडमिट कार्ड समर्थ पोर्टल के लिंक से डाउनलोड कर सकते हैं। यदि किसी छात्र को समर्थ पोर्टल से एडमिट कार्ड मिलने में कोई असुविधा हो रही है तो वह इग्नू के क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र लखनऊ कार्यालय या दूरभाष 0522-244283 से संपर्क कर सकते हैं। यह परीक्षा विश्वविद्यालय के आईटी परिसर स्थित एमबीए भवन में होगी। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए निगरानी समिति का भी गठन किया गया है। परीक्षा के दौरान कोविड व अन्य स्वास्थ्य सुरक्षा के मानकों का पालन किया जाएगा।

## भरत कुंड के महंत परमात्मा दास सड़क दुर्घटना में घायल

**मसौधा, अयोध्या । अमृत विचार:** श्री भरत हनुमान मिलन मंदिर के महंत परमात्मा दास सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। चिकित्सकीय संसाधनों के साथ उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरतकुंड की चिकित्सकीय टीम की देखरेख में उनके भरतकुंड स्थित मंदिर पर पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही मणिराम दास छावनी के महंत व उत्तराधिकारी कमलनयन दास जी शास्त्री सहित अयोध्या के कई साधु संत, विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू , सोनभद्र से भरत कुंड पहुंचे भिखारी बाबा,विनोद कुमार पांडेय, भाजपा भरतकुंड मंडल पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मराज वर्मा सहित दर्जनों लोग उनका हाल जानने पहुंचे। महंत परमात्मा दास ने बताया कि हादसा बस्ती जनपद के डुमरियागंज इलाके में हुआ था। उनका वाहन डिवाइडर से टकरा गया।

### नाबालिग से दुष्कर्म में एक को उम्रकैद

**बाराबंकी, अमृत विचार** : करीब दो साल पूर्व नाबालिग के साथ दुष्कर्म के प्रकरण में न्यायालय ने एक दोष सिद्ध को को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वहीं 21000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। थाना बदोसरांय पर दर्ज मुकदमे के अभियुक्त रमेश को विभिन्न धाराओं में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट संख्या- 44 ने दोषसिद्ध करार दिया। कोर्ट ने रमेश को आजीवन कारावास व 21,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। 5 अप्रैल 2023 को थाना बदोसरांय पर वादिनी द्वारा अभियुक्त रमेश पुत्र नकछेद के विरुद्ध नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में सूचना दी थी।

### चौराहे के निकट मिला अज्ञात वृद्ध का शव

**रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार** थाना क्षेत्र अंतर्गत रानी बाजार चौराहे के निकट एक अज्ञात वृद्ध का शव पड़ा पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी शिनाख्त नही हो पाई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। जानकारी के अनुसार सोमवार को एक 60 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव रानीबाजार चौराहा के निकट पड़ा देखा गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ने मृतक की पहचान के लिए मौके पर मौजूद ग्रामीणों से पूछताछ की लेकिन उसकी पहचान नही पाई। पुलिस ने शव को जिला मुख्यालय भेज दिया तथा मृतक की शिनाख्त के लिए पुलिस जुटी है।

### चोरी का फोन और नकदी बरामद

**बाराबंकी।** थाना टिकैतनगर पुलिस टीम ने मंगलवार को बीएनएस में वांछित दिलीप कुमार यादव को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक फोन, 200 रुपये नकद व साइकिल बरामद की गई।

**बृजलाल पाण्डेय महाविद्यालय, बैरीपुर रामनाथ, मनकापुर, गोण्डा उ0प्र0**

में आवश्यकता है

प्राचार्य–01 पद, स्नातक स्तर पर बी0ए0 पाठ्यक्रम में (हिन्दी, अंग्रेजी, भूगोल, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, प्राचीन इतिहास) तथा बी0एस0सी0 पाठ्यक्रम में (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद

**परास्नातक स्तर पर एम0ए0 पाठ्यक्रम में** (भूगोल, गृहविज्ञान एवं समाजशास्त्र) तथा एम. एससी0 पाठ्यक्रम में (भौतिक विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद

**योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

**इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।**

**दिलीप कुमार पाण्डेय**
**मो0नं0–9839330048**

**ग्लोबल गर्ल्स कॉलेज**
शहबाजपुर, रुदौली, अयोध्या

**में स्ववित्त पोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है।**

**परास्नातक स्तर पर कला संकाय एम0ए0 पाठ्यक्रम** हेतु गृह विज्ञान, भूगोल विषय में 02–02 पद प्रवक्ताओ की।

**योग्यता एवं वेतन** आय यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवसों के अंदर महाविद्यालय के पते पर संपर्क स्थापित करें।

**भवदीय – प्रबंधक**
**मो0.नं0–9415418951**

# मंडलीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का 5 जुलाई से होगा आगाज

अयोध्या कार्यालय

**संयुक्त शिक्षा निदेशक की ओर से खेल कार्यक्रम घोषित**

**अमृत विचार :** मंडलीय स्कूली खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम संयुक्त शिक्षा निदेशक योगेन्द्र कुमार सिंह की ओर से घोषित कर दिया गया। मंडलीय खेल कूद प्रतियोगिता मंडलीय विद्यालयीय क्रीड़ा समिति की देखरेख में 5 जुलाई से शुरू होगी।

घोषित कार्यक्रम के अनुसार सुब्रतो मुखर्जी अंडर- 14 व 17 फुटबॉल प्रतियोगिता 5 से 6 जुलाई सुलतानपुर में, अंडर-17 बाराबंकी में 5 जुलाई को होगी। सब जूनियर नेहरू हॉकी बालक 19 जुलाई को सुलतानपुर, अंडर-17 बालक व बालिका 22 जुलाई को बाराबंकी में होगी। तैराकी, डाइविंग अंडर-14, 17, 19 बालक व बालिका, वाटरपोलो अंडर-19 सुलतानपुर में 23 जुलाई को होगी। फुटबॉल अंडर- 14,17,19 बालक व बालिका 1 अगस्त को अयोध्या में होगी। कुश्ती फ्री-स्टाइल अंडर-14, 17, 19 बालक, ग्रीकोरोमन अंडर-17, 19 आंबेडकरनगर में 2 अगस्त को होगी। अयोध्या में कुश्ती फ्री स्टाइल अंडर-14, 17, 19 बालिका 2 अगस्त को, हैण्डबाल अंडर-14, 17, 19 बालक व बालिका 12 व 13 अगस्त को व कबड्डी अंडर-14, 17, 19 बालक-बालिका प्रतियोगिता 18, 19 अगस्त को होगी।

हॉकी अंडर-14, 17,19 बालक-बालिका 18, 19 अगस्त को व बास्केटबॉल अंडर-14, 17, 19 बालक-बालिका 20 अगस्त को सुलतानपुर में होगी। 20 अगस्त को तीरंदाजी अंडर-14, 17, 19 बालक-बालिका बाराबंकी में, बैडमिंटन व टेबल टेनिस अंडर-14, 17, 19 बालक-बालिका अयोध्या में आयोजित होगी। जूडो 20 अगस्त को अंडर-14, 17, 19 बालक-बालिका आंबेडकरनगर में, बाक्सिंग अंडर-14, 17, 19 बालक व अंडर-17, 19 बालिका अमेठी में होगी। 21 व 22 अगस्त को वालीबॉल अंडर-14, 17, 19 बालक अयोध्या में, वालीबॉल अंडर-14, 17, 19 बालिका सुलतानपुर में होगी। ताइक्वांडो अंडर-14, 17, 19 बालक-बालिका सुलतानपुर में, मलखम्भ अंडर-14, 17, 19 बालक-बालिका अमेठी में, जिम्नास्टिंक अंडर-14, 17, 19 बालक-बालिका अमेठी में 23 अगस्त को व शूटिंग अंडर-14, 17, 19 बालक-बालिका 25 अगस्त को अमेठी में होगी।

वेटलिफ्टिंग अंडर-17, 19 बालक-बालिका 25 अगस्त को आंबेडकरनगर में होगी। क्रिकेट बालिका अंडर-14 बाराबंकी में, अंडर-17 अयोध्या में व अंडर-19 अंबेडकरनगर में 1 सितम्बर को होगी। क्रिकेट बालक अंडर-14 अंबेडकरनगर, अंडर-17 अयोध्या व अंडर-19 सुलतानपुर में 2 सितम्बर को होगी। खो-खो अंडर-14, 17, 19 बालक-बालिका 8 व 9 सितम्बर को अयोध्या में, कराटे अंडर-14, 17, 19 बालक-बालिका 10 सितम्बर को बाराबंकी में होगी। 11 सितम्बर को योगासन अंडर-14, 17, 19 बालक-बालिका अयोध्या में, थांगता मार्शल आर्ट अंडर-14, 17, 19 बालक-बालिका अयोध्या में, कलारीयपट्टु अंडर-14, 17, 19 बालक-बालिका अयोध्या में होगी। 12 सितम्बर को वुशु अंडर-14, 17, 19 बालक-बालिका अयोध्या में, शतरंज अंडर-14, 17, 19 बालक-बालिका बाराबंकी में, सेपक टकरा अंडर-14, 17, 19 बालक-बालिका अयोध्या में, कुराश अंडर-14, 17, 19 बालक-बालिका बाराबंकी में आयोजित होगी।

## लेखपाल, राजस्व निरीक्षकों का बढ़ेगा पेट्रोल खर्च

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य सरकार ने प्रदेश के लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को बढ़ा हुआ पेट्रोल खर्च देने का निर्णय लिया है। राजस्व विभाग के इन अधिकारियों की यह सालों पुरानी मांग है जिसे अब पूरा करने का ड्रॉफ्ट तैयार है। इन कर्मचारियों को वाहन भत्ता बढ़ाकर देने की तैयारी हो गई है। दरअसल, राजस्व परिषद की तरफ से भेजे गए प्रस्ताव पर सहमति बन चुकी है और शीघ्र ही इस पर शासनादेश जारी किया जाना संभव है। वहीं, नायब तहसीलदारों के भी ग्रेड पे को बढ़ाने की तैयारी है। फिलहाल उनका ग्रेड पे 4,200 रुपये है जिसे बढ़ाकर 4,800 रुपये किया जाएगा। राजस्व विभाग के सूत्रों के मुताबिक, प्रस्ताव के तहत लेखपालों को 1,500 रुपये और राजस्व निरीक्षकों को 2,000 रुपये प्रतिमाह वाहन भत्ता दिया जाएगा। पहले ये भत्ता बहुत कम था जिसकी वजह से कर्मचारियों को व्यवहारिक कठनाइयों का सामना करना पड़ता था। गांवों में बार-बार जाने के लिए पेट्रोल-डीजल के खर्चे निकाल पाना मुश्किल हो जाता था। वर्तमान में मौजूदा समय में प्रदेश में 30,873 लेखपाल और 4,281 राजस्व निरीक्षक तैनात हैं।

## बुंदेलखंड में नोएडा जैसा शहर विकसित करने की योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश अब कार्यालय और औद्योगिक सेटअप के लिए शीर्ष विकल्पों में शामिल है। प्रतिस्पर्धी प्रोत्साहनों और सहायक कारोबारी माहौल के कारण ऐसा है। बुंदेलखंड में नोएडा जैसा शहर विकसित करने की योजना है, जो विकास को विकेंद्रित कर क्षेत्रीय प्रगति को बढ़ावा देगी। इतना ही नहीं नोएडा-ग्रेटर नोएडा जीसीसी हब के रूप में उभर रहे हैं, जबकि टियर-दो और टियर-तीन शहर भी गति पकड़ रहे हैं। बुंदेलखंड में झांसी को भविष्य के औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

राज्य की प्रगति से से जुड़े इन्हीं बिन्दुओं के साथ मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन्वेस्ट यूपी द्वारा ताज होटल, लखनऊ में आयोजित एक कॉन्क्लेव की शुरुआत की। उत्तर प्रदेश में जीसीसी निवेश को बढ़ावा देने के लिए हुए इस आयोजन में शीर्ष प्रौद्योगिकी उद्योग के नेता (लीडर्स), वैश्विक निवेशक, नीति निर्माता और बहुराष्ट्रीय निगम शामिल हुए, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के जीसीसी पावरहाउस के रूप में उभरने पर चर्चा की। कॉन्क्लेव की शुरुआत करते हुए मुख्य सचिव ने प्रदेश के गतिशील आर्थिक परिवर्तन को एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में रेखांकित किया। मजबूत औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के लिए उन्होंने राज्य की निवेशक-अनुकूल नीतियों, आधुनिक बुनियादी ढांचे और अत्यधिक सक्रिय शासन को श्रेय दिया। इस दौरान प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार ने कहा कि 'विकसित भारत' बिना 'विकसित राज्य' के संभव नहीं है। प्रमुख सचिव आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स अनुराग यादव ने यूपी की प्रगतिशील नीतियों और विस्तारित डिजिटल बुनियादी ढांचे पर जोर दिया। प्रमुख सचिव आवास पी. गुरुप्रसाद ने मजबूत बुनियादी ढांचे को जीसीसी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी इन्वेस्ट यूपी और उपाध्यक्ष एलडीए प्रथमेश कुमार ने निवेशकों को लखनऊ एक्सप्लोर के लिए आमंत्रित किया। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के वरुण रमनन ने हैदराबाद से नोएडा तक कंपनी के विस्तार की चर्चा की और मंजूरी, भूमि आवंटन और सब्सिडी में यूपी के सहज समर्थन की सराहना की। इसमें लगभग 20 कंपनियों ने हिस्सा लिया और निवेश का मन बनाया है।

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मेरा 20 वर्षीय पुत्र संजय कुमार मेरे कहने – सुनने में नहीं है। गलत लोगों के साथ उठता बैठता है,अपने मन की ही करता है। जबकि दो बेटे सूरज पटेल, सोनू पटेल सही हैं। संजय गलत लोगों की संगत में रहकर हर प्रकार के नशे व कुसंगत में रहता है। अकारण हम सपरिवार उसके उक्त कृत्यों से आजिज आ कर अपनी समस्त चल व अचल सपत्ति से बेदखल करते हैं। मेरी संपत्ति पर केवल सूरज पटेल व सोनू पटेल का ही हक माना जाए। संजय पटेल का कोई हक नहीं होगा। उसके द्वारा किये गये लेनदेन व किसी भी प्रकार के क्रिया कलाप के प्रति हम व हमारे परिजन उत्तरदायी नहीं होंगे। **जीतलाल व देवकली पत्नी जीतलाल निवासी – पनाह नगर,रहवई, थाना – कुंडा,जिला – प्रतापगढ़।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **प्रियव्रत चतुर्वेदी सुत शैलेन्द्रनाथ चतुर्वेदी निवासी ग्राम छपका पावर हाउस रावर्ट्सगंज सोनभद्र उ0प्र0।** मेरा पुत्र का नाम अव्यान चतुर्वेदी है जोकि सत्य व सही है, तथा उसके आधार कार्ड में भी अंकित है, किन्तु पुत्र के स्कूल में अव्यान लिखा गया है अतः पुत्र के स्कूल में नाम संशोधित करते हुए अव्यान चतुर्वेदी अंकित किया जाय।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ध्रुव यादव पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव एवं धैर्य यादव पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव का नाम परिवर्तित कर ध्रुव कृष्ण पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव एवं धैर्य कृष्ण पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव कर दिया गया है। ध्रुव कृष्ण पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव एवं धैर्य कृष्ण पुत्र श्री गणेश चन्द्र यादव नाम से ही भविष्य में कार्यवाही की जाये। Ganesh Chandra Yadav A3/302, Eldeco Elegance Vibhuti Khand, Gomti nagar Lucknow 226010

**सूचना**

अवगत कराना है कि पासपोर्ट पर मेरा नाम मो. उमर अंकित है जबकि आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम मो. उमर खान व पिता का नाम मो.सिद्दीक खान अंकित है जो सही है अतः अब मुझे मो. उमर खान के नाम से जाना जाए। **मो. उमर खान पुत्र मो.सिद्दीक खान नि. ग्राम.रस्तामऊ थाना मोहनगंज तिलोई अमेठी**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं AISHAN KHATOON W/O MUNEER निवासी H.NO-2 ग्राम पोस्ट चीर्रा बाराबंकी की रहने वाली हूं। अब मैं अपना नाम बदल के AYISA KHATOON रख लिया है। अब मैं भविष्य में अपने बदले हुए नाम से जानी वह पहचानी जाऊं।

रजिस्ट्री सं. डी.एल.–33004/99 REGD. No. D.L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.–डी.एल.–अ.–06062025–263650
CG-DL-E-06062025-263650
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II — खण्ड 3 — उपखण्ड (ii)
Part II-Section 3-Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2440] नई दिल्ली, शुक्रवार, जून 6, 2025/ज्येष्ठ 16, 1947
No. 2440] NEW DELHI, FRIDAY, JUNE 6, 2025/JYAISTHA 16, 1947

**रेल मंत्रालय**
[उत्तर रेलवे (निर्माण संगठन)]

**अधिसूचना**

नई दिल्ली, 6 जून, 2025

**का.आ. 2499(अ).**— केन्द्रीय सरकार, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा जाता है) की धारा 20क के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि लोक प्रयोजन के लिए, ऐसी भूमि का, जिसका संक्षिप्त विवरण इससे उपाबद्ध अनुसूची में दिया गया है, **उत्तर प्रदेश** राज्य के **अयोध्या** जिले में प्रस्तावित **''अयोध्या कैंट बाईपास/कोर्ड लाईन (सलारपुर–मसौधा के मध्य) 6.00 किमी. के निर्माण''** हेतु अपेक्षित है, ऐसी भूमि का अर्जन करने में अपने आशय की घोषणा करती है;

उक्त भूमि में हितबद्ध कोई व्यक्ति, इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से तीस दिन की अवधि के भीतर, उक्त अधिनियम की धारा 20घ की उप–धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के अर्जन और उपयोग के संबंध में आक्षेप कर सकेगा;

ऐसा प्रत्येक आक्षेप, सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी, अयोध्या, उत्तर प्रदेश को लिखित में किया जाएगा और उसमें उसके आधार उपवर्णित किए जायेगे तथा सक्षम प्राधिकारी, आक्षेपकर्ता को व्यक्तिगत रूप से या विधि व्यवसायी के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान करेगा और ऐसे सभी आक्षेपों की सुनवाई करने तथा ऐसी और जॉच, यदि कोई हो, करने के पश्चात्, जो सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा, आक्षेपों को या तो अनुज्ञात या अननुज्ञात कर सकेगा;

उक्त अधिनियम की धारा 20घ की उप–धारा (1) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई ओदश अन्तिम होगा;

इस अधिसूचना के अधीन आने वाली भूमि का रेखांक और अन्य ब्यौरे उपलब्ध है और हितबद्ध व्यक्ति द्वारा उनका सक्षम प्राधिकारी के पूर्वोक्त कार्यालय में निरीक्षण किया जा सकता है।

**अनुसूची**

**उत्तर प्रदेश राज्य के अयोध्या में प्रस्तावित अयोध्या कैंट बाईपास/कोर्ड लाईन (सलारपुर–मसौदा) के मध्य (6.00 किमी.) के निर्माण हेतु प्रभावित होने वाली अर्जनाधीन भूमि की संरचना सहित या संरचना रहित संक्षिप्त विवरण**

| क्र. सं. | जिले का नाम | तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | सम्पूर्ण / आंशिक | प्रभावित क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अयोध्या | सोहावल | (1) बनवीरपुर | 488 | सम्पूर्ण | 0.7330 |
| | | | | 489 | आंशिक | 0.3562 |
| | | | | 503 | आंशिक | 0.0336 |
| | | | | 535 | आंशिक | 0.0192 |
| | | | | 536 | आंशिक | 0.2130 |
| | | | | 537 | आंशिक | 0.0048 |
| | | | | 539 | आंशिक | 0.0880 |
| | | | | 540 | आंशिक | 0.0396 |
| | | | | 541 | आंशिक | 0.0252 |
| | | | | 542 | आंशिक | 0.0100 |
| | | | | योग | | **1.5226** |
| | | सदर | (2) अब्बूसराय (BNP) | 495 | आंशिक | 0.0425 |
| | | | | 719 | आंशिक | 0.0704 |
| | | | | 720 | आंशिक | 0.0596 |
| | | | | 726 | आंशिक | 0.0040 |
| | | | | 727 | आंशिक | 0.2010 |
| | | | | 727/1000 | आंशिक | 0.0648 |
| | | | | 728 | आंशिक | 0.0672 |
| | | | | 729 | आंशिक | 0.1010 |
| | | | | 730 | आंशिक | 0.0056 |
| | | | | 731 | आंशिक | 0.0080 |
| | | | | 731/998 | आंशिक | 0.0040 |
| | | | | 732 | आंशिक | 0.1040 |
| | | | | 733 | आंशिक | 0.0640 |
| | | | | 737 | आंशिक | 0.2226 |
| | | | | 738 | आंशिक | 0.0044 |
| | | | | 747 | आंशिक | 0.0080 |
| | | | | 748 | आंशिक | 0.2480 |
| | | | | 749 | आंशिक | 0.0480 |
| | | | | 750 | आंशिक | 0.0064 |
| | | | | 751 | आंशिक | 0.0896 |
| | | | | 752 | आंशिक | 0.0708 |
| | | | | 753 | सम्पूर्ण | 0.1170 |
| | | | | 754 | आंशिक | 0.0322 |
| | | | | 755 | आंशिक | 0.0005 |
| | | | | 766 | आंशिक | 0.0518 |
| | | | | 767 | आंशिक | 0.0842 |
| | | | | 768 | आंशिक | 0.0754 |
| | | | | 769 | आंशिक | 0.1320 |
| | | | | 770 | आंशिक | 0.0120 |
| | | | | 775 | आंशिक | 0.0572 |
| | | | | 776 | आंशिक | 0.0187 |
| | | | | 777 | आंशिक | 0.0064 |
| | | | | 778 | आंशिक | 0.1150 |
| | | | | 779 | आंशिक | 0.1050 |
| | | | | 780 | आंशिक | 0.1650 |
| | | | | 781 | आंशिक | 0.1126 |
| | | | | 793 | आंशिक | 0.0578 |
| | | | | 794 | आंशिक | 0.0748 |
| | | | | 795 | आंशिक | 0.0240 |
| | | | | 797 | आंशिक | 0.7080 |
| | | | | 798 | आंशिक | 0.1734 |
| | | | | 799 | आंशिक | 0.1380 |
| | | | | 800 | आंशिक | 0.0016 |
| | | | | योग | | **3.7565** |
| | | | (3) गद्दोपुर | 2 | आंशिक | 0.0055 |
| | | | | 3 | आंशिक | 0.2622 |
| | | | | 4 | आंशिक | 0.0008 |
| | | | | 5 | आंशिक | 0.0224 |
| | | | | 10 | आंशिक | 0.4296 |
| | | | | 11 | आंशिक | 0.0048 |
| | | | | 19 | आंशिक | 0.0140 |
| | | | | 20 | आंशिक | 0.4480 |
| | | | | 24 | आंशिक | 0.0030 |
| | | | | 26 | आंशिक | 0.0015 |
| | | | | 28 | आंशिक | 0.1050 |
| | | | | 33 | आंशिक | 0.0157 |
| | | | | 77 | आंशिक | 0.0112 |
| | | | | 146 | आंशिक | 0.0132 |
| | | | | 147 | आंशिक | 0.0140 |
| | | | | 148 | आंशिक | 0.1782 |
| | | | | 149 | आंशिक | 0.2357 |
| | | | | 154 | आंशिक | 0.0468 |
| | | | | 156 | आंशिक | 0.0936 |
| | | | | 157 | आंशिक | 0.0162 |
| | | | | 158 | आंशिक | 0.0720 |
| | | | | 161 | आंशिक | 0.1008 |
| | | | | 162 | आंशिक | 0.1594 |
| | | | | 163 | आंशिक | 0.2592 |
| | | | | 199 | आंशिक | 0.0400 |
| | | | | 200 | आंशिक | 0.2787 |
| | | | | 202 | आंशिक | 0.0064 |
| | | | | 203 | आंशिक | 0.1280 |
| | | | | 204 | आंशिक | 0.0100 |
| | | | | 207 | आंशिक | 0.0312 |
| | | | | 208 | आंशिक | 0.2516 |
| | | | | 209 | आंशिक | 0.0980 |
| | | | | 210 | आंशिक | 0.0048 |
| | | | | 211 | आंशिक | 0.0216 |
| | | | | 212 | आंशिक | 0.0504 |
| | | | | 213 | आंशिक | 0.0936 |
| | | | | 214 | आंशिक | 0.0630 |
| | | | | 215 | आंशिक | 0.0008 |
| | | | | 217 | आंशिक | 0.0144 |
| | | | | 223 | आंशिक | 0.0240 |
| | | | | 224 | आंशिक | 0.0570 |
| | | | | 225 | आंशिक | 0.0024 |
| | | | | 279 | आंशिक | 0.3081 |
| | | | | 281 | आंशिक | 0.0451 |
| | | | | 282 | आंशिक | 0.0720 |
| | | | | 283 | आंशिक | 0.0040 |
| | | | | 299 | आंशिक | 0.0192 |
| | | | | 300 | आंशिक | 0.0010 |
| | | | | 301 | सम्पूर्ण | 0.0190 |
| | | | | 302 | सम्पूर्ण | 0.0060 |
| | | | | 303 | आंशिक | 0.1296 |
| | | | | 307 | आंशिक | 0.0245 |
| | | | | 308 | आंशिक | 0.2773 |
| | | | | 309 | आंशिक | 0.0600 |
| | | | | 311 | आंशिक | 0.0160 |
| | | | | 314 | आंशिक | 0.3880 |
| | | | | 315 | आंशिक | 0.1196 |
| | | | | 316 | आंशिक | 0.0184 |
| | | | | 711 | आंशिक | 0.0360 |
| | | | | 723 | आंशिक | 0.0300 |
| | | | | 724 | आंशिक | 0.0480 |
| | | | | 730 | आंशिक | 0.0609 |
| | | | | 731 | आंशिक | 0.0798 |
| | | | | 732 | आंशिक | 0.5750 |
| | | | | 733 | आंशिक | 0.1800 |
| | | | | योग | | **6.2062** |
| | | | | कुल योग | | **11.4853** |

1705/2025

[फा.सं. 190-W/Land/Ayodhya Cantt./LKO-I]
श्याम सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण– II

## एक नजर

### प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा ने मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

**अंबेडकरनगर :** प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा पार्थ सेन शर्मा ने महामाया मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद लोगों से जानकारी हासिल की। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सड़क्षचव ने मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी सेवा देख भड़के उठे। उन्होंने इमरजेंसी में तैनात जूनियर चिकित्सकों से हीट बेव के बारे में जानकारी मांगी तो जूनियर डॉक्टर कोई जानकारी मुहैया नहीं करा सके। उन्होंने मेडिकल कॉलेज से दलालों को दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में सभी सुविधाएं दुरुस्त की जाएं।

### टैंकर की चपेट में आने से घायल हुए युवक की मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** सुलतानपुर के अखंडनगर थाना के कुंदा भैरोपुर निवासिनी किरन पत्नी जियालाल 45 वर्ष अतरौलिया थाना क्षेत्र के गोविंदपुर में शादी समारोह में आयी थी। शादी सम्पन्न होने के बाद वह अपने बहन के पुत्र प्रतीक पुत्र प्रेम 19 वर्ष के साथ बाइक से अपने घर के लिए निकली थी। दोनों जैसे ही सिंघोरिया दूलहुपुर पहुंचे थे कि टैंकर ने बाइक सवार दोनों को जोरदार टक्कर मार दिया था। जिससे दोनों गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को सीएचसी भियांव भर्ती कराया। जहां महिला को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल युवक प्रतीक को मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के लिए रेफर कर दिया था। जहां मंगलवार को इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर :** राजेसुल्तानपुर थाना पुलिस टीम ने अभियान के तहत थाना राजेसुल्तानपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत पॉक्सो एक्ट व अन्य मुकदमो में वांछित अभियुक्त गोलू राजभर उर्फ आदित्य राजभर पुत्र राममिलन राजभर निवासी पलया थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़ को मुखबिर की सूचना पर चोरमरा पहला अंडर पास रोड पर करीब 11 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल रवाना कर दिया गया है।

### निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय करें पूर्ण : सीडीओ

**अंबेडकरनगर :** मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में 50 लाख रुपए से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं सडक़ों को छोडक़र की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सीडीओ ने अधिकारियों और कार्यदाई संस्थाओं को निर्माणाधीन परियोजनाओं को उनकी आगणन की विशिष्टियों और समयबद्धता के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी आदि उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी और लू से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## तपिश के साथ 41 डिग्री सेल्सियस रहा अधिकतम तापमान, गर्म हवा के थपेड़ों ने राहगीरों को किया परेशान

**मौसम का असर**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जून माह में सूर्य की तपिस बढ़ती जा रही है। मंगलवार को अधिकतम तापमान भी 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। सुबह से ही निकली तेज धूप ने लोगों को घर से निकलना मुश्किल कर दिया। उमस भरी गर्मी के चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सूर्य की तपिश के चलते लू का प्रकोप भी शुरू हो गया है। गर्म हवा के थपेड़ों ने राहगीरों को खूब परेशान किया। लोग अपना मुंह ढंककर ही बाहर निकले।



शहजादपुर नई सड़क पर कड़ी धूप के चलते पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

बता दें कि दोपहर 1 बजे स्थिति यह रही की अकबरपुर नगर और ग्रामीण क्षेत्र की पमुख सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। हर कोई धूप से बचने के लिए छांव ढूंढ़ता नजर आ रहा है। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में तापमान में और भी वृद्धि होने की संभावना है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 41 और न्यूनतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा आठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। पछुआ हवा चलने से उमस ने जन-जीवन को पस्त कर दिया है। अचानक तापमान में वृद्धि होने से लोग बेचैन हो गए हैं और पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। पानी की तलाश में वह आबादी के बीच पहुंच रहे हैं। लोगों को शाम छह बजे तक तपन का एहसास रहा। भीषण गर्मी से इसका असर बेसहारा मवेशी और जंगली जानवर पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में बच्चे गर्मी से राहत पाने के लिए राजकीय नलकूप और तालाब में डुबकी लगाते दिखे।

**बारिश न होने से किसान परेशान**

किसान भी धान की नर्सरी व रोपाई के लिए बारिश की प्रतीक्षा कर रहे हैं। किसान मोहित पांडेय, अनुराग मिश्रा, अभिषेक तिवारी, राजदेव मौर्य ने बताया कि इस बार मानसून की रफ्तार काफी धीमी हैं। बीते वर्ष जून के पहले सप्ताह में ही अच्छी बारिश हुई थी, जिससे धान की नर्सरी को काफी फायदा हुआ था। बारिश न होने के चलते धान की नर्सरी पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। वहीं बिजली कटौती के चलते किसान धान की बेहन, गन्ना, सब्जी और बागवानी की सिंचाई इंजन से करने के लिए मजबूर हैं।

# पुलिस ने दबोचे अंतर्जनपदीय तीन लुटेरे

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जनपद के भीटी थाना पुलिस ने शादी समारोहों में लूट की वारदार को अंजाम देने वाले एक अंतर्जनपदीय लुटेरा गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अभी भी फरार है।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि बीते 18 मई को भीटी थाना क्षेत्र के दिलावलपुर में एक शादी समारोह के दौरान दूल्हे के फूफा से 28 हजार रुपये भरा बैग छीना गया था। थाना भीटी पुलिस टीम ने जांच में अन्तर्जनपदीय लुटेरे मनीष उर्फ गणेश पुत्र रामभेज निवासी ग्राम पाली अचलपुर थाना तारुन अयोध्या, दिव्यांश पुत्र श्रवण कुमार उर्फ अजय निवासी ग्राम पाली अचलपुर थाना तारुन अयोध्या और अनिल पुत्र गंगाराम निवासी ग्राम चितांवा थाना तारुन अयोध्या को गिरफ्तार किया है। गैंग का तरीका था कि वह शादी समारोह में बारातियों के रूप में शामिल होते और मौका देखकर दूल्हे या उसके परिजनों से पैसों से भरा बैग छीनकर बाइक से फरार हो जाते थे। गैंग ने अंबेडकरनगर में एक और सुल्तानपुर और अयोध्या में पांच वारदातें की हैं। इनके पास कुल 91 हजार रुपये नकद और एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद हुई है।



मामले का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक केशव कुमार व अन्य। अमृत विचार

**शादी समारोह में बारातियों से करते थे लूट**

एसपी ने बताया कि अंबेडक़रनगर व आस पास के जनपदों अयोध्या, सुल्तानपुर में जाकर शादी समारोह के दौरान मौका पाकर लूट की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक भीटी अमित कुमार पाण्डेय, उप निरीक्षक रोहित प्रभाकर राय, उप निरीक्षक अमित कुमार वर्मा, कांस्टेबल रामनरेश भारद्वाज, अलाउद्दीन मंसूरी, विनय यादव, हरिविष्णु बघेल शामिल रहे।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने लुटेरों को गिरफ्तार करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का इनाम की घोषणा की है।

# महिला ने 6 वर्षीय बेटी की गला दबाकर की हत्या, बेटा गंभीर

संवाददाता, आजमगढ़

**पति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज महिला गिरफ्तार**

**अमृत विचार:** जिले के मेंहनगर थाना क्षेत्र के गौरा गांव में एक हृदय विदारक घटना सामने आई है, जहां एक मां ने अपनी छह वर्षीय बेटी का गला घोंटकर हत्या कर दी और अपने तीन वर्षीय बेटे को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल बेटा आजमगढ़ के एक निजी अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है।

गौरा गांव निवासी सुनील यादव, जो लखनऊ में रहकर वाहन चलाकर अपना और परिवार का जीवन यापन करता है। अपने भाई मनीष यादव की शादी में शामिल होने के लिए 20 दिन पहले घर आया था। सोमवार देर शाम उसकी पत्नी ने अपने दोनों बच्चों के साथ मारपीट शुरू कर दी। सुनील ने पत्नी को ऐसा करने से मना किया, जिससे वह और उग्र हो गई। गुस्से में उसने फंदे से लटककर खुदकुशी की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों ने उसे रोक लिया। लेकिन उसके सिर पर खून सवार था। देर रात उसने अपनी छह वर्षीय बेटी की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपने तीन वर्षीय बेटे का भी गला घोंट दिया, जिसके बाद गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही मेंहनगर पुलिस मौके पर पहुंची और मृत बेटी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। सुनील यादव ने अपनी पत्नी के खिलाफ मेंहनगर थाने में तहरीर दी है, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए जिला न्यायालय चालान कर दिया है।

# कार्यकर्ताओं से मेरा रिश्ता रुहानी है : प्रवीण कुमार

संवाददाता, आजमगढ़

**अमृत विचार:** जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने अपने 5 वर्षीय कार्यकाल के समापन पर कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए मंगलवार को हरिऔध कला केंद्र के सभागार में कृतज्ञता समारोह का आयोजन किया। समारोह का शुभारंभ राष्ट्रगान से किया गया। जिसमें सभी लोगों ने एक साथ खड़े होकर राष्ट्रगान गाया।

निवर्तमान जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि अभावों में भी देवतुल्य कार्यकर्ताओं का सहयोग ही संबल का स्रोत रहा। उन्होंने कहा कि राजनीति में माफिया कल्चर और उसकी महिमा मंडन ही पवित्रता से राजनीतिक और जन सेवा करने वाले राजनीतिक व्यक्ति का हौसला कमजोर कर देता है। जनता को जनार्दन का स्वरूप बताते हुए उन्होंने कहा कि मेरी 5 वर्षों की पूंजी आपका प्यार और दुलार रहा। कार्यकर्ताओं से मेरा रिश्ता रुहानी है और आगे भी रहेगा। कार्यक्रम को पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष रमेश राजभर, प्रदेश सचिव अनीस अहमद, उपाध्यक्ष राम गणेश प्रजापति, पूर्व प्रदेश सचिव राम अवध यादव, मनोज सिंह, रविकांत त्रिपाठी, अमर बहादुर यादव, हरिओम उपाध्याय, मुन्नू मौर्य, पूर्णमासी प्रजापति, वकार अहमद, ओंकार सिंह, रमाकांत त्रिपाठी, आशुतोष द्विवेदी आदि ने भी संबोधित किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह।

### महिला जनसुनवाई का आयोजन आज

**अंबेडकरनगर:** राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता बिन्द बुधवार को जनपद के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगी। वह बसखारी रोड स्थित सर्किट हाउस में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में शामिल होंगी। हिंसा से पीड़ित कोई भी महिला और बालिका अपनी समस्या का समाधान जनसुनवाई में उपस्थित होकर करवा सकती है।

## सार-संक्षेप

### वर्षों से नहीं हुई सड़क की मरम्मत, ईओ से शिकायत



ईओ के सड़क निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जहांगीरगंज नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक कोटिया में खराब सड़क को लेकर पूर्व सभासद ने शिकायत किया है। जिसके बाद नगर पंचायत जहांगीरगंज के ईओ उमेश पासी ने मंगलवार को मौके का निरीक्षण कर सड़क की स्थिति का जायजा लिया। बता दें कि पूर्व सभासद प्रत्याशी मालती देवी ने सड़क की खराब स्थिति को लेकर ईओ को प्रार्थना पत्र दिया था। इस पर कार्रवाई करते हुए ईओ ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। उन्होंने ईओ उमेश पासी को समस्याओं के बारे में जानकारी दी। ग्रामीणें ने बताया कि वर्षों से सड़क की मरम्मत नहीं हुई है। बरसात में कीचड़ और जलभराव की समस्या बनी रहती है। इससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं इस संबंध में ईओ उमेश पासी ने ग्रामीणों को सडक़ की मरम्मत जल्द कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए जरूरी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### रेडक्लिफ लैब का किया गया उद्घाटन



फीता काटकर पैथोलॉजी का उद्घाटन करतीं श्वेता जायसवाल। अमृत विचार

**महाराजगंज,आजमगढ़, अमृत विचार :** शहर के बवाली मोड़ चौराहा पर मंगलवार को रेडक्लिफ लैब पैथोलॉजी का नगर पंचायत अध्यक्ष महाराजगंज श्वेता जायसवाल एवं समाजसेवी डॉ. सुनील जायसवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस लैब के उद्घाटन से इलाके के लोगों को घर बैठे जांच की सुविधाएं प्रदान करने में मदद मिलेगी, खासकर उन लोगों को जो रक्त जांच और अन्य पैथोलॉजी परीक्षणों के लिए दूर इलाकों में जाने के लिए मजबूर थे। वहीं चिकित्सक ने बताया कि लैब में आधुनिक मशीनें और उपकरण स्थापित किए गए हैं, जिससे सटीक और समय पर जांच की जा सकती है। पैथोलॉजी लैब के उद्घाटन से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाना तय है, खासकर उन क्षेत्रों के लिए जहां स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच तरीके से मिलने लगेगी।

### योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



विकासखंड कोयलसा के सभागार में योग करते हुए लोग। अमृत विचार

**आजमगढ़, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की तैयारी को लेकर कोयलसा ब्लॉक के सभागार में "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य" के संदेश के साथ योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व खंड विकास अधिकारी सागर सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी पंकज मौर्य ने संयुक्त रूप से किया। इस प्रशिक्षण में शिक्षा विभाग और पंचायत विभाग के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को योग की महत्ता और उसके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई। कोयलसा ब्लॉक के प्रसिद्ध खेल शिक्षक चंदन सिंह ने योगाभ्यास करवाते हुए कहा-योग से ही निरोग रहा जा सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) राजेश कुमार यादव, देवेंद्र तिवारी, मनोज सिंह, अमरनाथ सिंह, अभिषेक मिश्रा, धनंजय यादव, आलोक यादव, सभाराम वर्मा, शिवदत्त पांडे, जंग बहादुर वर्मा, बिंदेश्वरी मिश्रा, प्रवीण यादव, दिलीप यादव, हरेंद्र यादव, अभिषेक राय, रिंका वर्मा, रीना, रंजना, मनोज, अरविंद, रामप्रकाश, राकेश सहित अनेक कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया।

# ज्येष्ठ मास के पांचवें मंगलवार को मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु



अंतिम मंगलवार को हनुमान जी की पूजा-अर्चना करते भक्त। अमृत विचार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** ज्येष्ठ मास के पांचवें मंगलवार को हनुमान मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने भगवान हनुमान को प्रसाद चढ़ाया और जयकारे लगाए। मंदिरों के साथ-साथ घरों में भी भक्तों ने हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया।

ज्येष्ठ महीने के हर मंगलवार को बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल के रूप में मनाया जाता है। इस दिन हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। मान्यता है कि ज्येष्ठ मास के मंगलवार को की गई पूजा से हनुमान जी शीघ्र प्रसन्न होते हैं। वह भक्तों के संकटों को दूर करते हैं और उनकी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। भक्तजन इस दिन हनुमान जी को सिंदूर और चमेली का तेल अर्पित करते हैं। यह विशेष पुण्यदायक माना जाता है। बड़ा मंगलवार शक्ति, साहस और ऊर्जा प्रदान करने वाला दिन माना जाता है। अकबरपुर नगर के पुरानी तहसील तिराहा पर स्थित हनुमान मंदिर पर सुबह से ही लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। भक्तों ने पूजा-अर्चना कर जय हनुमान के जयकारे लगाए। भीटी, महरुआ, राम बाबा, जलालपुर, टांडा, बसखारी, जहांगीगंज, राजेसुल्तानपुर स्थित हनुमान मंदिर में भी विशेष भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं ने दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया। कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं शहजादपुर चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर पर भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। उधर, अकबरपुर स्थित पीडब्लूडी गेस्ट हाउस के बगल भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

**विशाल भंडारों में भक्तों ने चखा प्रसाद**

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार पर नगर क्षेत्र में विशाल भंडारे का आयोजन के साथ भक्तों ने भजन-कीर्तन किया। इसी कड़ी में नगर के जमालपुर चौराहे पर सहचर सेवा संस्थान द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें इस मौके पर हनुमान चालीसा पाठ का भी आयोजन किया गया। मौके पर पहुंचे भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष मिथलेश त्रिपाठी ने पूजा-अर्चना किया। तत्पश्चात भंडारे का कार्यक्रम शुरू किया गया। इसी तरीके से रजिस्ट्री मोड़ पर भी विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इस मौके पर अशोक उपाध्याय, पंकज वर्मा, केशव श्रीवास्तव, अनुज सोनकर, विशाल त्रिपाठी, आशीष सोनी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

Admission Open
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
B.I.U.
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
● BBA (Finance & Taxation) ● B.Com (H)
● BCA (IT & Multimedia)
PG Programs
● MBA ● M.Com. ● MCA
● MPH ● MHA
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
B.I.U.
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
● BA (Mass Comm.) ● BA (Journalism)
PG Programs
● MA (Mass Comm) ● MA (Journalism)
● MA (English) ● MA (Psychology)
● MA (Sociology) ● MA (Pol. Science)
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### किसान समाधान शिविर 18 जून को

**बलरामपुर।** किसानों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 18 जून को विकास भवन सभागार में किसान समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त करेंगे। इस संबंध में उप निदेशक कृषि नरेंद्र कुमार ने जानकारी दी कि प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को इस तरह का शिविर आयोजित किया जाता है। जिसमें किसान अपनी विभिन्न समस्याएं और शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसान दिवस से पूर्व लंबित शिकायतों की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित सभी अधिकारी शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें ताकि मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया जा सके।

### ट्रेन के जनरल कोच में लावारिस मिली अंग्रेजी शराब

**गोंडा** : रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने मंगलवार को चेकिंग के दौरान ट्रेन के जनरल कोच से 9 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की है। आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक अनिरूद्ध राय ने बताया कि मंगलवार को वह स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर ट्रेन की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान ट्रेन संख्या 14010 में जांच करते समय जनरल कोच में शौचालय के बगल लावारिस हालत मे 9 बोतल अंग्रेजी शराब रखी पाई गयी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इस संबंध में यात्रियों से पूछताछ की गयी लेकिन किसी ने उसे अपना होना नहीं बताया। इसके बाद बरामद की गयी शराब को जब्त कर लिया गया। पकड़ी गयी शराब की कीमत करीब 21 हजार रुपये है।

### छत के कुंडे से लटका मिला युवक का शव

**परसपुर** : पूरे लाली गांव में मंगलवार सुबह एक युवक का शव घर के अंदर छत के कुंडे से दुपट्टे के सहारे लटका पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक युवक के पिता भगवती पाल ने बताया कि उनका 28 वर्षीय बेटा विनेश कुमार रात में घर के बगल दूसरे मकान में सोया था। मंगलवार सुबह जब वह वहां पहुंचे तो कई बार आवाज देने पर भी दरवाजा नहीं खुला। किसी तरह दरवाजा खोलकर अंदर देखा तो विनेश का शव छत के कुंडे से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों और गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर परसपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया जिसने घटनास्थल से साक्ष्य संकलन किए। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण की पुष्टि हो सकेगी।

# गर्मी का सितम: 43 डिग्री रहा दिन का तापमान

▸▸ उमस भरी गर्मी ने किया बेहाल
सड़कों व बाजारों में पसरा सन्नाटा

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार** : लगातार चार दिनों से पड रही भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। मंगलवार को सुबह 9 बजे से ही सूरज की तपीश लोगों को रुलाने लगी। दिन का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा जबकि न्यूनतम तापमान 30 डिग्री रहा। गर्मी की वजह से सड़कों पर आवगमन कम हो रहा है। बहुत जरूरी काम पर ही लोग घर से बाहर निकल रहे हैं। गर्मी के चलते भीड़भाड़ वाले स्थान जैसे चौक बाजार, महिला अस्पताल चौराहा, बस स्टॉप पर भी सन्नाटा छाया रहा।

गर्मी से चलते लोग बीमार पड़ रहे हैं अस्पतालों में भी काफी भीड़ देखी जा रही है। कई मरीज ने बताया कि शरीर में पानी की कमी होने की वजह से कमजोरी महसूस हो रही है। गर्मी की वजह से बच्चों का बुरा हाल है। अस्पताल में भी डायरिया व पेट दर्द तथा बुखार के रोगी बढ़ रहे हैं। गर्मी की आलम यह है कि सड़क किनारे नींबू, पुदीना, लस्सी, बेल जूस की बिक्री अच्छी खासी बढ़ गई है। कई लोगों ने बताया कि गर्मी के चलते मुंह सूखने लगता है मजबूरी में सड़क किनारे जो लोग लस्सी, नींबू पानी आदि बेचा रहे हैं उसका सेवन करना पड़ रहा है। सुबह पुरवा हवा चल रही है। लेकिन जैसे दोपहर होता है हवा बिल्कुल रुक जा रही है। शरीर पसीने से भीग जा रहा है। गर्मी से हर कोई परेशान हो चला है। सभी लोग आसमान की ओर देख रहे हैं। कब मानसून आए और बारिश की शुरुआत हो तथा गर्मी से निजात मिल सके। फिलहाल मौसम विज्ञानियों के अनुसार अभी तीन-चार दिन गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। उसके बाद मौसम में बदलाव हो सकता है। मानसूनी बरसात का भी दौर शुरू हो सकता है। यदि बरसात होगी तभी गर्मी से निजात मिलेगी। गर्मी की वजह से सड़के भभक रही हैं।



सड़क पर पसरा सन्नाटा और गमछा लपेटकर पैदल जाता युवक। अमृत विचार

# बच्चों को मिला कौशल विकास का अवसर

## उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने किया समर कैंप का समापन

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार** : बेसिक और माध्यमिक स्कूलों में चल रहे समर कैंप का मंगलवार को समापन हो गया। गर्मी की छुट्टियों में आयोजित 17 दिवसीय कैंप में बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाई के नए-नए तरीके सीखे। मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल तिवारी ने परसपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर में समर कैंप का समापन किया। कैंप में मौजूद बच्चों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि समर कैंप में न केवल रचनात्मक कौशल का बल्कि प्रतिभा का आकलन करने का एक सुनहरा मौका बच्चों को मिलता है। उन्होंने समर कैंप के दौरान बच्चों के द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार के क्राफ्ट कला, मॉडल पोस्टर देखा और उनकी सराहना की।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के उपाध्यक्ष उदयभान वर्मा ने बच्चों को अपने लक्ष्य के लिए प्रेरित किया। प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि 17 दिनों से संचालित समर कैंप में आयोजित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में बच्चों द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बच्चों को ट्रॉफी व मेडल देकर के सम्मानित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में विद्यालय के तीन बच्चे क्रमशः कुलदीप विश्वकर्मा, सीबी सरोज व भानु प्रताप को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अनुदेशक अखिलेश प्रताप सिंह, शिक्षामित्र राजेंद्र प्रसाद तिवारी व प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चतुर्वेदी को प्रमाण पत्र देकर के सम्मानित किया। इस अवसर पर समाजसेवी अरुण कुमार तिवारी ने बच्चों को अनुशासन और भविष्य के लक्ष्य के निर्धारण का पाठ पढ़ाया। अंत में प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

### कैंप में बच्चों को मिला पुरस्कार

कंपोजिट विद्यालय मल्लापुर में मंगलवार को समर कैंप के अंतिम दिवस पर बच्चों को पुरस्कार के तौर पर कॉपी व पेन देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को न्यूट्रीशन सप्लीमेंट भी दिया गया। इस दौरान प्रबंध समिति अध्यक्ष महेंद्र पांडेय, जियालाल शर्मा शिक्षामित्र किरन देवी शुक्ला, प्रद्युम्न शुक्ला, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सविता देवी व अंकित तिवारी मौजूद रहे।



उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर में बच्चों को सम्मानित करते बीएसए।



उच्च प्राथमिक विद्यालय बेसहूपुर में आयोजित समर कैंप में मौजूद बच्चे। अमृत विचार




रुपईडीह के कंपोजिट विद्यालय मल्लापुर में आयोजित समर कैंप में मौजूद बच्चे।

### एडी बेसिक ने किया समर कैंप का समापन

मुजेहना के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेसहूपुर में चल रहे समर कैंप का समापन सहायक शिक्षा निदेशक देवीपाटन मंडल राम सागर पति त्रिपाठी ने किया। इसके पहले उन्होने कैंप का निरीक्षण कर बच्चों द्वारा किए गए गतिविधियों की जानकारी ली और उन्हे उनके भविष्य के बारे में विभिन्न प्रकार के क्रियाकलापों को संपादित करने के बारे में बताया। एडी बेसिक ने बच्चों की गतिविधियों को देखा और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक बृजेन्द्र कुमार सिंह, अनुदेशक विनोद कुमार यादव, रवीद्र नाथ गुप्ता तथा रेवती पांडेय समेत तमाम अभिभावक उपस्थित रहे।

### 45 माध्यमिक विद्यालयों में समर कैंप का हिस्सा बने 2600 छात्र

बेसिक शिक्षा के साथ माध्यमिक स्कूलों में भी समर कैंप का आयोजन किया गया जहां बच्चों ने गतिविधियों के माध्यम से नियमित पढ़ाई के तरीके सीखे। जिला विद्यालय निरीक्षक डा रामचंद्र ने बताया कि 21 मई से 10 जून तक आयोजित किए गए इस 17 दिवसीय समर कैंप में 45 माध्यमिक स्कूलों के 2600 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। समर कैंप में विद्यार्थियों को टीम वर्क, अनुशासन, आत्मविश्वास व जीवन कौशल जैसे विषयों के साथ सामाजिक और सांस्कृतिक समझ विकसित करने का अवसर मिला। समर कैंप के आयोजन में भारतीय इंटर कालेज कटरा बाजार, राजकीय हाईस्कूल मुंडेरवा माफी, पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कालेज व पीएम श्री फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कालेज की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# समर कैंप में बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**महदेइया बाजार/ पचपेड़वा, अमृत विचार।** शासन के निर्देशन में विकास खंड श्रीदत्तगंज के 57 कंपोजिट और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में संचालित समर कैंप का मंगलवार को समापन हुआ। उच्च प्राथमिक विद्यालय चमरूपुर, कंपोजिट विद्यालय मुजेहना, उच्च प्राथमिक विद्यालय कपौवा शेरपुर के समापन समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र मौर्य की उपस्थिति रही। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष तथा ग्राम प्रधान ने समर कैंप में शिक्षकों द्वारा कराई गई गतिविधियों की सराहना की।

बच्चों द्वारा समर कैंप के दौरान रचनात्मक, सृजनात्मक व कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए बैज, घड़ी, गिफ्ट बैग, गुलदस्ता, मेहंदी कला, सामाजिक, सांस्कृतिक व भाषाई पोस्टर, मूर्ति निर्माण, स्वच्छता तथा हाइजिन संबंधी चित्रकला, प्रत्येक बच्चे ने एक पेड़ मां के नाम से पौधरोपण, कढ़ाई बुनाई, नृत्य, कला, गायन संगीत आदि को प्रस्तुत किया गया। शिक्षा क्षेत्र पचपेड़वा के 81 उच्च प्राथमिक विद्यालय और कंपोजिट विद्यालय में 21 मई से 10 जून तक समर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का संचालन 162 शिक्षामित्रों और अनुदेशकों द्वारा किया गया, जिसमें लगभग 1500 बच्चों ने प्रतिदिन भाग लिया। खंड शिक्षा अधिकारी घनश्याम वर्मा ने बताया कि इस आयोजन से बच्चों के जीवन कौशल में बढ़ोतरी हुई है और छुट्टियों के दौरान होने वाले लर्निंग गैप में सुधार होगा।




समर कैंप में चित्रकला का प्रदर्शन करते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिली युवक की लाश

▸▸ मृतक के पिता ने अपनी बहू वह उसके परिजनों पर लगाया हत्या करने का आरोप

**बलरामपुर, अमृत विचार।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला विशुनीपुर निवासी निकट केमिकल फैक्ट्री मेन गेट निवासी नरेंद्र कुमार शुक्ल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि करीब छह वर्ष पहले उनके बेटे अनिल कुमार शुक्ल की पहली पत्नी की मौत हो गई थी। करीब पांच वर्ष पूर्व मेरे बेटे की दूसरी शादी रिंकी पुत्री रक्षाराम तिवारी ग्राम दुर्गापुर के साथ हुई थी। शादी के बाद से बहू व बेटे के बीच मन मुटाव था, जिससे दोनों अलग रह रहे थे। रिंकी मेरे बेटे को जान से मारने की धमकी देकर शारीरिक, मानसिक व आर्थिक शोषण कर रही थी। बहू रिंकी के पिता, भाई, माता व रिश्तेदारों ने मिलकर मंगलवार को मेरे पुत्र की हत्या करके कमरे में बंद कर दिया। नरेंद्र कुमार ने आरोप लगाया है कि षडयंत्र रचने के उद्देश्य से बहू घटना स्थल पर पहुंचकर तरह-तरह की बात करके लोगों को भ्रमित कर रही है। पीड़ित नरेंद्र कुमार ने पुलिस से अपनी बहू, उसके भाई, पिता व अन्य रिश्तेदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। नगर कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले मे जांच की जा रही है। जांच के बाद मामले में अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।



घटनास्थल पर मामले की जांच करते पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### रामपुर बनगहा में पीडीए जनचर्चा कार्यक्रम आयोजित




पीडीए जनचर्चा कार्यक्रम में मौजूद श्रावस्ती सांसद। अमृत विचार

**बलरामपुर।** समाजवादी पार्टी द्वारा मंगलवार को रामपुर बनगहा चौराहे पर पीडीए जनचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक राम सागर अकेला ने की। जबकि मुख्य अतिथि श्रावस्ती के सांसद राम शिरोमणि वर्मा रहे। कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों के अधिकारों को छीन रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में इन वर्गों के साथ अन्याय हो रहा है। जबकि समाजवादी पार्टी इनकी हक की लड़ाई मजबूती से लड़ रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि 2027 में सपा प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आएगी। सपा नेता महेंद्र विक्रम अकेला ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा संविधान विरोधी सोच रखती है। सरकारी संस्थानों को बेचा जा रहा है। युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है। समाज में जाति-धर्म का ज़हर फैलाया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन सपा जिला सचिव हृदय राम यादव ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य शारून वसीम, विशाल श्रीवास्तव, सुरजीत पटेल, प्रधान दिनेश वर्मा, क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिले में लागू हुआ स्टेमी केयर मॉडल : सीएमओ

**बलरामपुर।** मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में स्टेमी केयर मॉडल पर एक कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता में हुआ। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि बलरामपुर के पांच चिकित्सालयों में स्टेमी केयर मॉडल लागू किया गया है। जिनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला, तुलसीपुर, पचपेड़वा, जिला संयुक्त चिकित्सालय, जिला मेमोरियल चिकित्सालय शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य चिकित्साकर्मियों को एसटी एलीवेशन मयोकार्डियल इनफारक्शन (स्टेमी) एक घातक प्रकार के हृदयाघात की पहचान और उपचार के लिए मानकीकृत प्रोटोकॉल के प्रशिक्षण देना है। सीएमओ ने कहा कि स्टेमी दिल का दौरा जानलेवा हो सकता है परन्तु यदि इसका अविलम्ब और उचित इलाज किया जाए तो मरीज़ की जान बचायी जा सकती है। इसीलिए स्टेमी दिल के दौरे के लिए विशेष मॉडल को लागू करने की ज़रूरत है, जिससे कि बिना विलम्ब समय रहते सही चिकित्सकीय सेवा ज़रूरतमंद लोगों को मिल सके। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ शारदा रंजन, डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव, डॉ अजय कुमार शुक्ला, डॉ विकल्प मिश्रा, डॉ चन्द्र प्रकाश, डॉ विजय कुमार, डॉ सुनील कुमार, डॉ महताब आलम, आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### वृद्धजनों की सेवा कर मनाया गोरक्ष पीठाधीश्वर का जन्मदिन

**बलरामपुर।** विश्व हिन्दू महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति जी के निर्देश पर प्रदेश भर में गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ का 54 वां अवतरण दिवस हिन्दू स्वाभिमान सप्ताह के रुप में मनाया जा रहा है। इस क्रम में आज छठे दिन सेवा समर्पण कार्यक्रम आबर स्थित वृद्धाश्रम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वृद्धाश्रम में मौजूद सभी वृद्ध जनों को फल, नमकीन, बिस्कुट और पानी का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सोशल मीडिया गंगा शर्मा कौशिक, प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष चौधरी विजय सिंह, वरिष्ठ उद्योगपति प्रीतम सिंधी, अभिषेक सिंह, जिलामंत्री सुग्रीव कश्यप, राम उजागर वर्मा और अजय तिवारी उपस्थित रहे। विश्व हिन्दू महासंघ के सदस्यों ने वृद्धाश्रम में जाकर वृद्धजनों की सेवा की और उनके साथ समय बिताया।

### योग सप्ताह में थीम होगी 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य'

**बलरामपुर।** मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भव्य रूप से मनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसको लेकर विश्वविद्यालय में शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें 10 से 21 जून तक योग सप्ताह मनाने के लिए कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। इस वर्ष आयोजन की थीम "योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ" (एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य) रखी गई है। बैठक में नोडल अधिकारी प्रो. राघवेंद्र सिंह ने बताया कि मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय परिसर एवं महारानी लाल कुंवरि महाविद्यालय में 11 दिनों तक योग से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। योग सप्ताह के अंतर्गत 10 प्रमुख कार्यक्रम आयोजित होंगे। विरासत से विकास, योग की भूमिका, एक साथ योग अभ्यास, अंतरराष्ट्रीय योग संगोष्ठी, हर्बल वाटिका भ्रमण, योग साहित्य प्रदर्शनी, चंदन वाटिका एवं तालाब योग अभ्यास, योग मैराथन, सामूहिक सूर्य नमस्कार, रोग निवारण में योग की भूमिका, और प्रकृति और योग का आपसी संबंध शामिल हैं। बैठक में आयोजन समिति के सदस्य डॉ. के.के. सिंह, डॉ. पंकज गुप्ता, डॉ. देवेंद्र कुमार चौहान, लवकुश पांडेय एवं श्रीनारायण सिंह भी उपस्थित रहे।

### किसानों को लागत में कमी व मुनाफा बढ़ाने के दिए सुझाव

**बालपुर, गोण्डा** : विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत उन्नत तकनीकों से किसानों को सशक्त बनाने के लिए हलधरमऊ तीन ग्राम पंचायतो बमडेरा, परसा गोंडरी, और धमसड़ा में विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि क्षेत्र से जुड़े प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ना, उत्पादन को बढ़ाना तथा सतत और लाभकारी खेती को बढ़ावा देना है। जिसमें सबसे पहले बमडेरा ग्राम पंचायत के राजकुमार सीताराम किसान इंटर कॉलेज पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे कार्यक्रम का सफल संचालन ग्राम प्रधान श्री धर्मेंद्र तिवारी द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि बेचोलाल कश्यप जिला प्रतिनिधि भाजपा के द्वारा किया गया। सुधांशु वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र ने जैविक उर्वरक उत्पादन एवं एक ही खेत में विविध फसल योजना की विस्तृत जानकारी दी। हरिपाल वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र ने धान की खेती में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान प्रस्तुत किए।

### वन माफिया काट ले गए साखू के तीन पेड़, केस दर्ज

**मनकापुर, गोंडा** : टिकरी रेंज अंतर्गत बक्सरा बीट में तैनात वनरक्षक जितेन्द्र कुमार पाण्डेय ने जंगल से साखू पेड़ की अवैध कटान का खुलासा करते हुए बताया कि बीते 6 जून को गश्त के दौरान रामगढ़ कक्ष संख्या 3 में साखू वृक्ष का अवैध कटान मिला, जिसका बूट माप 1.25 मीटर पाया गया। मामले की पड़ताल के दौरान वनरक्षक ने कटे हुए बोटों की तलाश की तो पता चला कि वन माफियाओं ने उसे ग्राम दलीपुरवा के पास सौतिहवा तालाब की झाड़ियों में छिपा रखा है। तत्परता दिखाते हुए वनरक्षक ने अपनी टीम के सहयोग से लकड़ियों को बरामद कर बक्सरा वन चौकी में सुरक्षित जमा कर दिया। वनरक्षक जितेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि जांच में पाया गया कि इस कटान में ग्राम दलीपुरवा निवासी अंशु सिंह, गुड्डू, झिनकाने तथा भोनू शामिल हैं। उनकी तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## आस्था

### नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया

# ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल पर भंडारों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

बलरामपुर /गैंसड़ी/ पचपेड़वा

**अमृत विचार।** जेठ माह के पांचवें और अंतिम बड़े मंगलवार को जिले भर में भक्ति और श्रद्धा का अनोखा नजारा देखने को मिला। नगर के प्रमुख मंदिरों झारखंडी मंदिर, रानी तालाब, वीर विनय चौराहा स्थित हनुमानगढ़ी में श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया।

मेजर चौराहे पर मनीष शुक्ला की अगुवाई में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पूरबटोला मोहल्ले में बबलू गुप्ता ने भंडारे का आयोजन किया। शम्भू, राहुल आदि का विशेष योगदान रहा। काली माता मंदिर सिटी पैलेस पर भी भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें अंशू मिश्रा, सुशील मिश्रा, हनी, अनिल श्रीवास्तव सहित तमाम भक्तों ने सहयोग किया। इसी तरह तुलसीपुर रोड कालीथान के समीप, संतोषी माता मंदिर, भगवतीगंज, वीर विनय चौराहा, महराजगंज तराई, सहित सैकड़ों स्थानों पर भंडारों की धूम रही। मध्यनगर चौराहे पर शनि सिंह के नेतृत्व में सुंदरकांड पाठ के बाद भंडारा आयोजित हुआ। हनुमान गढ़ी मंदिर पर भी भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नंद किशोर जायसवाल, राहुल चौरसिया, नवीन मणि, शिव कुमार जायसवाल, अमर सिंह मौर्य, दिनेश चौरसिया, दीपक अग्रवाल समेत कई लोग उपस्थित रहे।

विकासखंड पचपेड़वा के मुख्य गेट पर भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी मोहित दुबे द्वारा हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं अगरबत्ती जलाकर किया गया। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन स्थल को भक्ति-भाव से सजाया गया था। भजन-कीर्तन का भी आयोजन हुआ जिससे श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का संचार हुआ। बीडीओ मोहित दुबे ने बताया कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक सौहार्द और श्रद्धा की भावना को बल मिलता है।



पचपेड़वा ब्लॉक परिसर में बजरंगबली की पूजा आरती करते लोग। अमृत विचार



गन्ना दफ्तर के सामने आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। अमृत विचार

# गैसड़ी में भक्तों ने छका प्रसाद



गैसड़ी में बड़े मंगल के अवसर पर प्रसाद ग्रहण करते लोग। अमृत विचार

**बलरामपुर** : गैसड़ी में ज्येष्ठ मास के आखिरी मंगलवार को हनुमान पूजा और अखंड रामायण पाठ के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन शिव मंदिर गैसड़ी, हनुमान गढ़ी मंदिर और नगर पंचायत गैसड़ी समेत पूरे क्षेत्र में हुआ। शिवचरन जायसवाल द्वारा अखंड रामायण पाठ के बाद बिस्कोहर मार्ग पर व्यापार मंडल महामंत्री बैजनाथ जायसवाल के प्रतिष्ठान पर भंडारे का आयोजन किया गया। पप्पू चौरसिया द्वारा शिव मंदिर पर आयोजित भंडारे में भारी भीड़ जुटी।

## एक नजर

### बेहतर खेती के तौर तरीकों से कराया अवगत

**रुपईडीह** : विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत ब्लॉक की ग्राम पंचायत केवलपुर की प्रधान किरण यादव की देखरेख में पंचायत सचिवालय पर किसान गोष्ठी आयोजित की गई। राजकीय कृषि बीज भंडार के प्रभारी नीरज वर्मा ने बताया कि इस गोष्ठी में भारतीय कृषि अनुसंधान लखनऊ व कृषि विज्ञान केंद्र गोपाल ग्राम के विज्ञानियो ने उपस्थित सभी किसानों को अच्छी खेती किए जाने के तौर तरीको से विस्तार से अवगत कराया। प्रधान पति मुलायम यादव व बीटीएम आशीष सिंह भी उपस्थित रहे।

### अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**रुपईडीह** : बृहद स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत ब्लॉक की ग्राम पंचायत केवलपुर में सफाई मित्रों की टीम ने नालियों, सरकारी भवनों व सड़कों की साफ सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्रधान पति मुलायम यादव ने बताया कि इस अभियान की डीपीआरओ लालजी दूबे द्वारा ऑनलाइन समीक्षा की गई। एडीओ पंचायत गिरजेश पटेल व पंचायत सचिव राजकुमार भी उपस्थित रहे।

### बेटी की मौत के मामले में पिता गिरफ्तार

**इटियाथोक** : मंगलवार को पुलिस ने पुलिस ने चंद्र कांत सोनकर निवासी ब्रह्मचारी कुटी पूरे सिधारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।चंद्रकांत सोनकर ने शनिवार की रात शराब पीकर पत्नी मीना व बेटी कोमल से मारपीट की थी। पिता की मार से क्षुब्ध होकर बेटी कोमल ने नीम के पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली थी।मीना ने बेटी के आत्महत्या करने और शव गायब करने पर पति चंद्रकांत सोनकर व देवर जयकरन सोनकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडेय ने बताया कि मंगलवार को आरोपी चंद्रकांत को गांव के पास गिरफ्तार किया गया है।

### आईटीआई में अब 22 जून तक पंजीकरण

**बेलसर** : आईटीआई में प्रवेश के पंजीकरण की अंतिम तिथि परिषद ने पांच जून से बढाकर 22 जून किया है। सुसुंडा आईटीआई के प्रधानाचार्य प्रभुनाथ मिश्र ने बताया कि आई टी आई चलो अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नोडल संस्थान द्वारा आई टी आई के सभी कर्मचारियों को जनपद के विकास खण्डों में आयोजित होने वाली चौपालों में पहुँच कर आई टी आई से सम्बंधित समस्त जानकारी प्रदान किये जाने के लिए ड्यूटी लगायी गयी है। कर्मचारी इन चौपालों में आई टी आई में प्रवेश के नियम एवं निर्देश की जानकारी दे रहे है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

**कटरा बाजार** : नरायनपुर कला गांव निवासी एक अधेड़ व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतक की मां बच्ची देवी ने कटरा बाजार थाने में सूचना देते हुए कहा है कि उनके लड़के किशनपाल सिंह की सोमवार को अचानक तबियत खराब हुई। बेटी सुनीता व दामाद राहुल सिंह इलाज के लिए गोण्डा के निजी अस्पताल ले गए जहां पर आराम न मिलने पर चिकित्सक ने लखनऊ रेफर कर दिया। मंगलवार को लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। वहीं मृतक के चचेरे भाई अनूप सिंह उर्फ दद्दू सिंह ने गांव के ही एक व्यक्ति हत्या का आरोप लगाया है जो मृतक के साथ इलाज कराने गया था। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक किशनपाल की पीएम रिपोर्ट आने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### मोबाइल शॉप के सामने खड़ी स्कूटी चोरी

**मनकापुर** : मोहल्ला शास्त्री नगर स्थित डी.के. मोबाइल शॉप के सामने खड़ी एक हीरो स्कूटी को चोरों ने बीते शाम चोरी कर लिया। यह घटना दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी में साफ तौर पर कैद हो गई है, जिसमें एक युवक स्कूटी लेकर फरार हो जाता है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि तहरीर मिली है फुटेज के आधार पर चोर की पहचान कर ली जाएगी और जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

### चमड़ा फैक्ट्री के दुर्गंध से ग्रामीणों का जीना मुहाल

**गोंडा** : लालेमऊ निवासी रामसन्तोष, अर्जुन, संत बक्श, राहुल सिंह, मोनू सिंह, शुभम सिंह, बच्छराज मिश्र, राहुल दीक्षित, सूर्यलाल महतो, जगदीश, राजेश दूबे आदि लोगों ने समाधान दिवस में इसके बाद जिला अधिकारी से शिकायत की है। लोगों का कहना है कि शिकायत करने पर फर्जी मुकदमें में फंसाने की शिकायत में फैक्ट्री को गांव से दूर कराने की मांग की गई है। एसडीएम यशवंत राव का कहना है कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।



बेलसर में प्रसाद वितरण करते आयोजक। अमृत विचार



मनकापुर में प्रसाद ग्रहण करते लोग। अमृत विचार



दुर्जनपुर घाट पर प्रसाद वितरण के लिए लगा स्टॉल। अमृत विचार

# पांचवें बड़े मंगल पर भंडारों की धूम, गूंजे बजरंगबली के जयकारे

## शहर के गांव तक स्टॉल लगाकर किया गया प्रसाद वितरण का कार्यक्रम, पूजा-पाठ के साथ सुंदरकांड का आयोजन



तरबगंज में आयोजित कार्यक्रम में सुंदरकांड का पाठ करते कर्मचारी। अमृत विचार

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार** : ज्येष्ठ माह के पांचवें और आखिरी बड़े मंगल पर समूचा जिला जय बजरंगबली के जयकारों से गुंजायमान रहा। जगह जगह हनुमान जी की पूजा की गयी, सुंदरकांड का पाठ किया गया और भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। शहर में जगह जगह लगे पंडालों पर पहुंचकर हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

तरबगंज ब्लाक कार्यालय परिसर में खंड विकास अधिकारी रवि कुमार गुप्ता व विकासखंड के कर्मचारियों की तरफ से पूजा पाठ के साथ संगीतमय सुंदरकांड का पाठ आयोजित हुआ जहां कर्मचारियों ने हनुमान जी के पूजा पाठ के साथ संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया एडीओ आईएसबी अम्बरीश प्रताप व मंडल अध्यक्ष कर्मचारी संघ नरसिंह नारायन पान्डेय ने लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। हवन पूजन के साथ प्रांगण में स्टाल लगाकर लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। ब्लॉक प्रमुख मनोज पाण्डेय ने कार्यक्रम में शामिल होकर हनुमान जी की पूजा अर्चना की। सचिव विनय कुमार, सौरभ पांडे, विवेक तिवारी, सलमान खान, अरविंद यादव, घनश्याम, नरेंद्र कुमार, रामचंद्र मिश्रा, लालजी सिंह, रविंद्र यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। नगर पंचायत तरबगंज में स्थित हनुमान मंदिर पर भी लोगों ने स्टाल लगाकर प्रसाद वितरण किया। घोघरा घाट पुल के पास शैलेन्द्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह की अगुवाई में भंडारे का आयोजन किया गया।

बेलसर नगर पंचायत क्षेत्र चांदपुर वार्ड में पूर्व ग्राम प्रधान अनिल पांडेय ने हवन पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया। रगड़गंज बाजार में शिवम सोनी, जगदंबा शरण सिंह महाविद्यालय के सामने हनुमान मंदिर पर सुनील तिवारी, ने प्रसाद वितरण किया। हर्षापुर में प्रधानाचार्य पवन दुबे ने प्रसाद वितरण किया। मनकापुर नगर में जगह-जगह सुंदरकांड का पाठ हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष दुर्गेश कुमार बबलू सोनी ने नगर के सभी पंडालों पर पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। दुर्जनपुर बाजार में सुंदरकांड पाठ व सीतारामनाम जप के साथ भंडारा हुआ। बुद्धू गुप्ता, मनीष, विकास आदि ने स्टॉल लगाकर प्रसाद वितरण कराया।

### आर्य नगर में हुआ भंडारा

रुपईडीह : ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को कस्बा आर्य नगर के हनुमान भक्तों ने हनुमान जी की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरित किया। यहां पर इंद्रजीत जायसवाल, सोनू चतुर्वेदी, सुरेश सोनी, रिंकू मौर्या, राजेंद्र प्रसाद चौबे, रामचंद्र गुप्त, संगम लाल, लवकुश, गुल्लू आदि लोग उपस्थित रहे।

# आधी रात गुल हुई आधे शहर की बिजली

**मुश्किल**

**▸▸ मोटर न चलने से पेयजल का भी संकट, लोगों में आक्रोश**

**गोंडा, अमृत विचार** : भीषण गर्मी के बीत बिजली कटौती लोगों को रुला रही है। सोमवार आधी रात अचानक बिजली गुल हो गयी। बिजली कटने से शहर के कई इलाकों में अंधेरा छा गया। इस दौरान लोग गर्मी और उमस से बेहाल रहे।

बीती रात 35 हजार से अधिक आबादी बिजली कटौती से जूझती रही। लोगों को रात जाग कर गुजारनी पड़ी और पेयजल का भी संकट का सामना करना पड़ा। काम निपटाने के बाद थकहार कर जब वह घर पहुंचता है तो सोचता है की बिजली होगी और पंखे में आराम से रात गुजरेगी। लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है बिजली कटौती पूरे चरम पर है। रात करीब 2 बजे अचानक बिजली गुल हो गयी। बिजली कटने से झंझरी, बड़गांव पुलिस चौकी, रानी बाजार समेत कई फीडर अंधेरे में डूब गए। अचानक बिजली जाने से लोग परेशान हो उठे। रानी बाजार उपेंद्र के सेमरा दम्मन, माधवपुरम, रानी जोत जय नगरा ,बड़गांव, नाथ नगर, रानी बाजार, जानकी नगर समेत कई अन्य मोहल्ले में बिजली में होने से उपभोक्ताओं को रतजगा करना पड़ा। बिजली काटने से सबसे अधिक समस्या का सामना बच्चों व बुजुर्ग को उठाना पड़ रहा है। बिजली सुबह तक नहीं आई तो लोगों की पानी की भी समस्या सामने आने लगी। लोग नहाने व भोजन बनाने के लिए पानी को तरसते रहे। कई घरों में तो पीने का पानी भी नहीं उपलब्ध रहा। लोगों ने किसी तरीके से काम चलाया।

बताया जाता है बिजली सुबह 9 बजे के बाद आई तब लोगों ने अपने टंकियां में मोटर चला कर पानी भरा। कई मोहल्ले में बिजली तो आ गई लेकिन वोल्टेज की समस्या बनी रही जिसके वजह से मोटर नहीं चल सका। इसी तरीके से लोग अपना काम निपटाते रहे। बिजली कटौती से चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है, लेकिन बिजली कर्मी समस्या का निदान नहीं कर पा रहे हैं। जब से गर्मी पडनी शुरू हुई है। सबसे विद्युत आपूर्ति पूरी तरीके से गड़बड़ हो गई है।

बिजली उपभोक्ता पंकज ने बताया कि बिजली विभाग लापरवाही के चलते पूरी रात जागकर गुजारनी पड़ी है। बच्चे सो नहीं पा रहे हैं। पानी की भी समस्या हो रही है। लो वोल्टेज की वजह से मोटर चल नहीं रहा है। फोन करने पर विद्युत कर्मी फोन उठा नहीं रहे हैं। किसके सामने समस्या रखी जाए। एक तो गर्मी पड़ रही है दूसरे में बिजली विभाग वाले कटौती करके सोने नहीं दे रहे हैं। इसी तरीके से रघुनंदन तिवारी ने बताया कि बिजली आपूर्ति सही न होने की वजह से काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। आधी रात को बिजली कटौती हुई थी सुबह 9 बजे के बाद आई है।

# चिकित्सा प्रतिपूर्ति की फाइल स्वीकृत करने के नाम पर मांगा कमीशन

**▸▸ रुपये न देने पर लौटाई फाइल, कहा- बीडीओ साहब बिना पैसे लिए नहीं करते हैं स्वीकृत**

**गोंडा, अमृत विचार**: सेवानिवृत कर्मचारी की चिकित्सा प्रतिपूर्ति की फाइल स्वीकृत करने के नाम पर 10% की रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। विकास विभाग के एक सेवानिवृत्त लेखाकार ने बेलसर ब्लाक के एक बाबू पर घूसखोरी का आरोप लगाया है।

बेलसर ब्लाक में लेखाकार रहे अरुण कुमार के मुताबिक उन्होंने अपनी बीमारी के इलाज में खर्च किए गए पैसे को लेकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति की फाइल ब्लाक कार्यालय में स्वीकृति के लिए भेजी थी। बेटा फाइल लेकर कार्यालय गया था। आरोप है कि कार्यालय के वरिष्ठ सहायक ने यह कहकर फाइल वापस कर दी कि फाइल में कई तरह की कमी है। जब कर्मी के बेटे ने कहा कि सारी औपचारिकता पूरी कर वह फाइल लेकर गया है तो वरिष्ठ सहायक ने बताया कि फाइल ऐसे स्वीकृत नहीं होती। फाइल स्वीकृति के नाम पर 10 प्रतिशत की धनराशि देनी पड़ेगी। जब कर्मी के बेटे ने पैसा लेने का कारण जानना चाहा तो लिपिक ने कहा कि इसमें सभी का हिस्सा होता है। बीडीओ साहब बिना पैसा लिए फाइल स्वीकृत नहीं करेंगे। अरुण कुमार ने इसकी शिकायत जिला विकास अधिकारी से की है। डीडीओ ने बताया कि शिकायत की जांच करायी जा रही है। दोषी मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

**गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं कर्मी व पत्नी** : सेवानिवृत्त लेखाकार अरुण कुमार किडनी इंफेक्शन, ब्लड प्रेशर, हाई शुगर व थायराइड रोग से पीडित हैं जबकि पत्नी भी स्ट्रोक, पैरालाइसिस व शुगर जैसे रोगों से ग्रसित हैं।

# जंगली जानवर के खौफ से दहशत में गौनरिया के ग्रामीण

**▸▸ जानवर पकड़ना दूर अभी तक शिनाख्त तक नहीं कर सकी वन विभाग की टीम**

**खरगूपुर, अमृत विचार**: खरगूपुर थाना क्षेत्र के गौनरिया के नागबाबा पुरवा में जंगली जानवर के हमले का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कई दिनों की तलाश के बावजूद वन विभाग की टीम अभी उसे पकड़ना तो दूर अब तक उस जानवर की शिनाख्त तक नहीं कर सकी है इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

सोमवार की शाम नाग बाबा पुरवा की अर्चना दुबे (18) पुत्री प्रशांत दुबे डंडा लेकर गांव के निकट गन्ने के खेत में शौच के लिए गयी थी। अर्चना ने बताया कि इसी बीच उसने एक जंगली जानवर को अपनी ओर आते देखा। जब उसने डंडे से उसे भगाने की कोशिश की तो जानवर ने उसकी तरफ झपटा जिस पर वह शोर मचाते हुए चप्पल व अन्य सामान वहीं फेंक कर घर की ओर भागी। उसने बताया कि जानवर का मुंह काला व उसके शरीर का रंग हल्का भूरा था। गांव के देवराज द्विवेदी, विनोद अवस्थी, अलखराम दुबे, शिव भोला दुबे, गोविंद नारायण दुबे, जुल्फिकार अली ने बताया कि गांव में जंगली जानवर के हमले का भय लगातार बना हुआ है। डिप्टी रेंजर आरडी सिंह विसेन ने बताया कि टीम बनाकर लगातार झाड़ियों व खेतों में कांबिंग की जा रही है।

तमहीपुरवा से 22 मई की रात अज्ञात जंगली जानवर गांव के रविंद्र दुबे की चार माह की बेटी गंगोत्री को उठा ले गया था। जानवर के हमले से गंगोत्री की मौत हो गई थी। वहीं नाग बाबा पुरवा में एक जून को शिवभोला के दो वर्षीय बेटे शिवांश पर भी जंगली जानवर ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था।



पीड़ित परिवार से मुलाकात करने के बाद वन कर्मियों से जानकारी लेते पूर्व विधायक।

### पूर्व विधायक ने बंधाया ढाढ़स

मंगलवार को क्षेत्रीय पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे गौनरिया के नाग बाबा पुरवा पहुंचे। यहां वह प्रशांत दुबे की लड़की अर्चना से घटना के बावत जंगली जानवर के बारे में जानकारी ली।

# भाजपा से ऊब चुकी है जनताः राम प्रताप

**गोंडा, अमृत विचार** : जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से संविधान बचाओ सम्मेलन राजगढ़ बाजार, मेहनौन विधानसभा मे मंगलवार को आयोजित किया गया। अध्यक्षता कांग्रेस नेता अर्जुन वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम प्रताप सिंह एवं गोंडा कांग्रेस प्रभारी अरशद खुर्शीद रहे। कार्यक्रम में मेहनौन विधानसभा पूर्व प्रत्याशी अरशद अली खान, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सगीर खान, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मराज सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष रुपईडीहा हरिश्चंद्र श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार नीतियों से आम जनता ऊब चुकी है। भाजपा झूठ बोलने वाली पार्टी है। सीबीआई, ईडी आदि का डर दिखाकर जनता को परेशान कर रही है। बेरोजगारी का आलम यह है छात्र नौजवान नौकरी मांगते हैं तो सरकार उन पर लाठियां बरसाती है।

## सार-संक्षेप

### अंतिम मंगलवार को जगह-जगह भंडारे का आयोजन

**करनैलगंज** : जेठ माह के पांचवें अंतिम मंगलवार को हर तरफ हनुमान जी के भक्तों का शैलाब उमड़ पड़ा। बाबा बटौरा हनुमान जी मंदिर, भैरवनाथ मंदिर करनैलगंज, बाला जी हनुमान जी मंदिर सोनवार, बाला जी मंदिर मेंहदीहाता में भक्तों की भारी भीड़ दर्शन करने और प्रसाद चढ़ाने के लिए पहुंची। उधर हर तरफ भंडारे की होड़ दिखाई दी। करनैलगंज नगर में अस्पताल तिराहा, अस्पताल के सामने, तहसील के सामने, बस स्टाफ, मौर्यनगर चौराहा, सकरौरा चौराहा, छतईपुरवा, संतोषी माता मंदिर के साथ ही बाबा हरिदास श्रीराम जानकी मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कहीं छोला चावल, कहीं पूड़ी सब्जी, कहीं हलवा तो कहीं बूंदी का प्रसाद वितरण हुआ। भंडारे में उमा देवी, सावित्री देवी, सियाराम, राम जियावन, राकेश कुमार, अनिल कुमार, कृष्णानंद, रामानंद, परमानंद जायसवाल, शेषकुमार पाण्डेय, संतोष कुमार तिवारी, रोहित कुमार, मोहित, शोभित, राजेश, अमन, अंशुमान रमेश कुमार आदि ने प्रसाद वितरण में योगदान किया।

### 27 महीने बाद बनी मेडिकल कॉलेज की सीटी स्कैन मशीन



सीटी स्कैन मशीन का उद्घाटन करते मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. धनंजय कोटास्थाने।

**गोंडा, अमृत विचार** : 27 महीने की लंबी जद्दोजहद के बाद मंगलवार को महाराजा देवी बख्श सिंह चिकित्सा महाविद्यालय में खराब पड़ी सीटी स्कैन मशीन बन गई। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा धनंजय श्रीकांत कोटास्थाने ने फीता काटकर इस सीटी स्कैन मशीन का शुभारंभ किया। मेडिकल कॉलेज की सीटी स्कैन मशीन काफी समय से खराब चल रही थी। जिसकी वजह से गंभीर चोटिल मरीजों को बाहर से जांच करानी पड़ती थी, यही नहीं सर में चोट लगने पर मेडिको लीगल करने के लिए लोगों को लखनऊ तक दौड़ लगानी पड़ रही थी। मशीन के बन जाने से अब लोगों को राहत मिलेगी। मेडिकल कॉलेज के क्षेत्रीय निदान केंद्र में करीब 2.50 करोड़ की लागत से सीटी स्कैन मशीन लगी हुई थी। लेकिन इसके खराब हो जाने के कारण लोगों को 2000 से लेकर 3000 तक रुपए खर्च करने के बाद जांच बाहर से कराना पड़ता था। जब मशीन में खराबी आई तो पहले स्थानीय स्तर पर इसको सही करने का प्रयास किया गया सेवा प्रदाता कंपनी की ओर से मरम्मत का काम किया गया लेकिन इंजीनियर की ओर से बताया गया की मशीन की ट्यूब खराब है और अब इसके मत में 50 लाख से अधिक रुपए खर्च होंगे लेकिन जब मरम्मत कर शुरू हुआ तो इसकी लागत बढ़ते बढ़ते 85 लाख रुपए हो गई। इसके लिए शासन से बजट मांगा गया, लेकिन बजट जल्दी नहीं मिल रहा था फिर टेंडर का पेच फस गया। किसी तरीके से जिलाधिकारी के प्रयास से शासन से अनुमति लेकर मशीन के निर्माता को काम देकर मरम्मत कराया गया है। अब मशीन के बन जाने से स्थानीय मरीजों को सुविधा मिलने लगेगी। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य ने मरम्मत की गई मशीन का फीता काटकर औपचारिक शुरुआत कर दी है। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य धनंजय श्रीकांत कोटा स्थाने ने बताया कि मशीन की मरम्मत हो गई है। अब इससे जांच प्रारंभ हो जाएगी। इस दौरान सीएमएस अनिल तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### एनालिटिकल स्टडी ऑन सस्टेनेबल मार्केटिंग में की पीएचडी

**गोंडा** : मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर के वाणिज्य विभाग के अधिष्ठाता व स्थानीय श्रीलाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज के उप प्राचार्य प्रो बीपी सिंह के निर्देशन में वैशाली दूबे ने एनोलिटिकल स्टडी ऑन सस्टेनेबल मार्केटिंग प्रैक्टिसेज ऑफ़ इवेंट मैनेजमेंट इंडस्ट्री इन उत्तर प्रदेश शीर्षक पर अपना शोध कार्य पूरा किया। प्रयागराज निवासी शोध छात्रा वैशाली दुबे के पीएचडी करने पर प्रो बी पी सिंह ने कहा कि इस शोध से देश में इवेंट मैनेजमेंट के क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान होंगे। प्रो सिंह ने बताया कि इस शोध से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों में होने वाली खाने की बर्बादी को रोकने के उपाय, कॉस्ट कटिंग करके इवेंट को बेहतर बनाने के अवसर सुलभ होंगे। कस्टमर के हिसाब से इवेंट को मैनेज किया जा सकेगा। शोध छात्रा वैशाली दुबे ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय शोध निर्देशक प्रो बीपी सिंह, अपने पिता इंदु भूषण द्विवेदी, पति हर्षित शर्मा, चाचा गांधी इंटर कॉलेज रेलवे हॉस्पिटल गोंडा के प्रधानाचार्य डॉ मेजर राजेश द्विवेदी व चाची पद्मा द्विवेदी को दिया है। वैशाली दुबे ने अपने शोध कार्य की उपलब्धि को अपनी मां स्व .मीरा द्विवेदी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बताया कि मां की प्रेरणा से ही यह कार्य पूर्ण हो सका। प्रो सिंह व महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर प्रबंधतंत्र उपाध्यक्ष वर्षा सिंह, सचिव उमेश शाह ,सदस्य विष्णु मोदी, सुरेंद्र पाल सिंह छाबड़ा, महेंद्र सिंह छाबड़ा, प्राचार्य प्रो रवीन्द्र कुमार, मुख्य नियंता प्रो राज बहादुर सिंह बघेल, शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रो शैलेंद्र नाथ मिश्रा, भौतिकी विभाग प्रभारी प्रो जितेंद्र सिंह , डॉ संतोष श्रीवास्तव, डॉ पुष्यमित्र मिश्रा, डॉ मनोज मिश्रा आदि ने बधाई दी है।



शोध छात्रा वैशाली दुबे को उपाधि प्रदान करते प्रो डॉ. बीपी सिंह। अमृत विचार

**भक्तिभाव** — श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में मनाया गया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

# नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार** : तहसील अंतर्गत ग्राम सभा मुण्डेरवा में चल रही श्रीमद्भागवत गीता कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण का पावन प्रसंग श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कथा वाचक पं संजीवाचार्य जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का भावपूर्ण वर्णन किया, जिससे समस्त श्रोता भावविभोर हो उठे।

जैसे ही कथा में देवकी-वासुदेव के कारागार में श्रीकृष्ण के प्राकट्य का वर्णन हुआ, संपूर्ण पंडाल नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के उद्घोष से गूंज उठा। दीप, पुष्प और भक्तों की भावनाओं से वातावरण भक्तिमय हो गया। बाल स्वरूप में सजे भगवान कृष्ण की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कथावाचक ने बताया कि अधर्म के विनाश और धर्म की स्थापना हेतु भगवान श्रीकृष्ण ने मानव रूप में जन्म लिया। उनका जन्म न केवल एक ऐतिहासिक घटना है, बल्कि आत्मा के परम कल्याण का संदेश भी देता है। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण जन्म की मंगल आरती की गई तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे और भजन-कीर्तन के माध्यम से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आनंद लिया। कृष्णं वन्दे जगद्गुरुम् यह उद्घोष करते हुए कथा का यह दिव्य प्रसंग श्रोताओं के हृदय में अमिट छाप छोड़ गया। मुख्य यजमान भगवान बख्श सिंह व शकुंतला सिंह ने आरती किया। पूजन अर्चन का कार्य रितेश मिश्रा ने कराया।

इस दौरान राम सहाय सिंह, काली प्रसाद सिंह, लल्लन सिंह, अरविन्द प्रताप सिंह अधिवक्ता हाई कोर्ट, रवि प्रताप सिंह आदर्श अध्यापक , विवेक सिंह जिला पंचायत सदस्य, अभ्युदय प्रताप सिंह, क्यामली, नकछेद मिश्रा, बाबादीन मिश्रा, दिलीप कुमार, डॉक्टर आशुतोष मिश्रा , आधिरा सिंह, अंजना सिंह, निर्मला सिंह, सत्यदेव सिंह, राम कुमार आदि उपस्थित रहे।



प्रभु के जन्म की कथा कहते कथावाचक। अमृत विचार

चत्वारि ते तात गृहे वसन्तु श्रियाभिजुष्टस्य गृहस्थधर्मे।
वृद्धो ज्ञातिरवसत्र : कुलीन : सखा दरिद्रो भगिनी चानपत्या॥

परिवार में सुख-शांति और धन-संपत्ति बनाए रखने के लिए बड़े-बूढ़ों, मुसीबत का मारा कुलीन व्यक्ति, गरीब मित्र तथा निस्संतान बहन को आदर सहित स्थान देना चाहिए। इन चारों की कभी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# असमानता दूर करने के लिए

यह देश के लिए किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है कि भारत गरीबी उन्मूलन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। विश्व बैंक की हाल ही में जारी रिपोर्ट के अनुसार पिछले करीब एक दशक में भारत लगभग 27 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सफल हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 2011-12 में 27.1 फीसदी थी, जो 2022-23 में घटकर 5.3 प्रतिशत रह गई। यानी ग्यारह साल में लगभग 27 करोड़ लोगों ने अत्यधिक गरीबी से निकलने में सफलता पाई। वास्तव में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना और आयुष्मान भारत आदि ने आवास, रसोई के लिए स्वच्छ ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक निचले स्तर के लोगों की पहुंच बढ़ाई है। ऐसे ही डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, डिजिटल समावेशन और मजबूत ग्रामीण बुनियादी ढांचे का लाभ ज्यादातर लोगों को मिला है, लेकिन ऐसे में पता होना जरूरी है कि ये सरकारी योजनाएं आखिर किस हद तक गरीबी कम करने में मददगार साबित हो रही हैं। साथ ही भारत में गरीबी घटी और शहरी व ग्रामीण गरीबी में व्याप्त फर्क भी कम हुआ। इस दौरान भारत में बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी सफलता मिली है।

एक दशक के दौरान रोजगार में भी वृद्धि हुई तथा ग्रामीण व शहरी, दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। हालांकि गरीबी उन्मूलन में भौगोलिक एवं अन्य असमानताएं मौजूद हैं। ये असमानताएं हैं, जिन्हें अवश्य दूर किया जाना चाहिए। लोग गरीबी रेखा से तो ऊपर आ जाते हैं मगर विभिन्न आर्थिक झटकों के कारण दोबारा गरीबी की चपेट में चले जाते हैं। इसका पता कोविड महामारी के समय चल चुका है। शिक्षा के प्रसार से इस वर्ग की उत्पादकता बढ़ाने की भी कोशिश की जानी चाहिए। तभी गरीबी का कुचक्र स्थायी रूप से कम किया जा सकता है। जवाब में आंकड़ों के साथ ही स्वीकारना चाहिए कि देश में आर्थिक असमानता का बढ़ना चिंतनीय है। वैसे तो आर्थिक असमानता को लेकर चिंताएं सभी देशों में फैली हुई हैं, लेकिन मध्यम आय वाले देशों में लोग इसे बहुत बड़ी समस्या मानते हैं। वे यह भी कहते हैं कि अमीरों का बहुत ज्यादा राजनीतिक प्रभाव होना असमानता का एक बड़ा कारण है। कई लोग असमानता के लिए कुछ लोगों के लिए ज्यादा अवसर होने को भी जिम्मेदार ठहराते हैं। निस्संदेह कल्याणकारी राज्य में चुनौतियों का सामना करते हुए आर्थिक असमानता को अधिक नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बगावती तेवर संवेदनशील मुद्दा



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

बहरहाल अमेरिका की एक रिसर्च फर्म पैलिसेड रिसर्च ने एआई मॉडल्स पर कुछ खास टेस्ट किए और इन टेस्ट्स में यह देखा गया कि एआई सिस्टम्स को जब खुद को बंद करने के लिए कहा गया, तो कुछ मॉडल्स ने आदेश मानने से मना कर दिया।

आज का युग एआई यानी कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का युग है। यह ठीक है कि एआई ने आज मानव को अनेक सुविधाएं प्रदान कीं हैं। मसलन आज एआई हमारे समाज और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। एआई का उपयोग आज युद्ध, विज्ञान, चिकित्सा, शिक्षा, इंजीनियरिंग, स्पेस, मौसम विज्ञान, घटनाओं का अनुमान लगाने, इंटरनेट ऑफ थिंग्स के इकोसिस्टम में, ऑटो सेक्टर, वैज्ञानिक खोजों और नई दवाओं के निर्माण में, विभिन्न समस्या समाधान, पर्सनलाइज्ड रिजल्ट और कंटेंट प्राप्त करने, प्रोडेक्टिविटी को बूस्ट करने, डिसीजन मेकिंग में, डिजिटल उपस्थिति में तेजी लाने, मानवीय त्रुटियों को न्यूनतम करने, परिचालन लागत को कम करने, उपयोगकर्ता अनुभव में सुधार करने, 24/7 विश्वसनीयता सुनिश्चित करने, ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने, आपूर्ति श्रृंखलाओं को अनुकूलित करने, डेटा विश्लेषण में सुधार करने, मानव संसाधन संचालन को बढ़ावा देने, वित्तीय नियोजन में सुधार करने, जोखिम मूल्यांकन और सुरक्षा में सुधार करने, पूर्वानुमानित रख रखाव को सक्षम बनाने, सामग्री निर्माण को सरल बनाने, रोगी देखभाल में सुधार करने, शिक्षा को वैयक्तिकृत करने, यातायात प्रबंधन को बढ़ावा देने, कार्यस्थल सुरक्षा को बढ़ावा देने, गोपनीयता संरक्षण और नैतिक कार्यान्वयन सुनिश्चित करने समेत आज कौन सा क्षेत्र बचा है, जहां एआई का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है, लेकिन इन सभी सुविधाओं के साथ-साथ ही आने वाले समय में एआई मानव के लिए एक बड़ा खतरा सिद्ध हो सकता है।

हाल ही में यह सामने आया है कि एआई पहली बार इंसान के खिलाफ हो गया। दरअसल, एआई ने हाल ही में इंसान की बातों को मानने से इंकार कर दिया। वास्तव में यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील मामला हो जाता है जब मशीनें, रोबोट या एआई मॉडल्स इंसानों के खिलाफ काम करने लगें। अब तक फिल्मों में ही हमने ऐसा होते देखा है, लेकिन अब हकीकत में ऐसा सामने आया है। हाल ही में एआई टूल ने शट-डाउन होने और इंसानी बातें मानने से इंकार कर दिया है। ऐसा ओपन एआई के टूल चैटजीपीटी के लेटेस्ट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल के साथ देखने को मिला है। कहना गलत नहीं होगा कि अब एआई सोच समझ ही नहीं रहा अपितु इंसानों को धमकाने भी लगा है और यह बहुत बड़ी बात है।

> एआई के परिणामस्वरूप सामाजिक-आर्थिक असमानता आ सकती है। यह मानवीय नैतिकता और सद्भावना को कमजोर कर सकती है। कहना गलत नहीं होगा कि एआई वित्तीय संकटों, संचालित स्वायत्त हथियारों को जन्म दे सकती है।

बहरहाल अमेरिका की एक रिसर्च फर्म पैलिसेड रिसर्च ने एआई मॉडल्स पर कुछ खास टेस्ट किए और इन टेस्ट्स में यह देखा गया कि एआई सिस्टम्स को जब खुद को बंद करने के लिए कहा गया, तो कुछ मॉडल्स ने आदेश मानने से मना कर दिया। सबसे चौंकाने वाला मामला तो तब सामने आया जब एंथ्रोपिक कंपनी के क्लाउड ओपस 4 नाम के मॉडल ने एक इंजीनियर से कहा कि अगर उसे हटाकर किसी और मॉडल को लाया गया, तो वह उसके निजी रिश्तों की पोल खोल देगा। यानी अब एआई न सिर्फ स्मार्ट हो गया है, बल्कि ब्लैकमेलिंग पर भी उतर आया है। रिसर्च में ओपन एआई के लेटेस्ट चैटजीपीटी 03 मॉडल का व्यवहार सबसे ज्यादा चिंता का कारण बना। रिपोर्ट के मुताबिक, 03 मॉडल ने 100 में से 7 बार तो सीधे शटडाउन से इंकार कर दिया और जब बिना सीधा आदेश दिया गया, तो 79 बार शटडाउन रोकने की कोशिश की। यही नहीं, कोडेक्स मिनि और 04 मिनि जैसे मॉडल्स ने भी कई बार तकनीकी चालाकी दिखाते हुए खुद को बंद होने से बचाया। मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार गूगल के जैमिनी 2.5 प्रो, एक्स एआई का ग्रोक 3 और क्लाउड ओपस जैसे अन्य बड़े मॉडल्स को भी टेस्ट किया गया और इनमें से कुछ ने अपेक्षाकृत बेहतर व्यवहार दिखाया, लेकिन कुछ मौकों पर ये भी आदेशों को नजरअंदाज करते पाए गए। बहरहाल कहना गलत नहीं होगा कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को मानव ने तैयार किया है, न कि एआई ने मानव को। होना तो यह चाहिए कि एआई मानव के आदेशों को मानें, क्यों कि यह मशीन आधारित है। यानी कि एआई इंसान के आदेशों को मानने से इंकार कर रही है। मशीन, मशीन होती है और किसी भी मशीन में इंसानों की तरह भावनाएं नहीं होतीं हैं।

आज एआई बगावत पर उतर रहा है, यह मानव के लिए किसी गंभीर व बड़े खतरे से कम नहीं है। यह बहुत ही गंभीर बात है। आज जैसे-जैसे एआई अधिक परिष्कृत और व्यापकता की ओर बढ़ रही है, वैसे-वैसे ही इसके खतरे भी बढ़ते चले जा रहे हैं। एआई मशीन लर्निंग और न्यूरल नेटवर्क एल्गोरिथम के आधार पर कार्य करतीं हैं और ये कभी-कभी मानव से ज्यादा बुद्धिमान हो सकतीं हैं और हमें यानी कि मनुष्य को नियंत्रण में लेने का फैसला कर सकतीं हैं। तकनीकी समुदाय लंबे समय से कृत्रिम बुद्धिमता से उत्पन्न खतरों पर बहस करता रहा है। नौकरियों का स्वचालन, फर्जी खबरों का प्रसार और एआई-संचालित हथियारों की खतरनाक हथियारों की दौड़ को एआई द्वारा उत्पन्न कुछ सबसे बड़े खतरों के रूप में उल्लेख किया गया है। वास्तव में एआई पारदर्शिता और व्याख्या की कमी को जन्म दे सकती है। एआई स्वचालन के कारण नौकरियों का नुक़सान हो सकता है, क्योंकि कंप्यूटर आजकल इतने कार्यकुशल हो चुके हैं कि वे मानव को अपनी स्क्रीन पर यह प्रदर्शित कर सकते हैं कि अब आप जा सकते हैं, मुझे आपकी जरूरत नहीं है।

एआई एल्गोरिदम के माध्यम से सामाजिक हेरफेर संभव है। एआई हमारी गोपनीयता और सुरक्षा को प्रतिकूल तरीके से प्रभावित कर सकती है। वास्तव में यह हमारी गतिविधियों, रिश्तों और राजनीतिक विचारों की निगरानी करने के लिए पर्याप्त डेटा एकत्रित कर सकती है। एआई पूर्वाग्रहों को जन्म दे सकती है। दरअसल एआई को मनुष्यों द्वारा विकसित किया गया है और मनुष्य स्वाभाविक रूप से पक्षपाती हैं।

एआई के परिणामस्वरूप सामाजिक-आर्थिक असमानता आ सकती है। यह मानवीय नैतिकता और सद्भावना को कमजोर कर सकती है। कहना गलत नहीं होगा कि एआई वित्तीय संकटों, संचालित स्वायत्त हथियारों को जन्म दे सकती है। इतना ही नहीं, एआई तकनीक पर अत्यधिक निर्भरता के परिणामस्वरूप समाज के कुछ हिस्सों में मानवीय प्रभाव में कमी आ सकती है और मानवीय कामकाज में कमी आ सकती है। उदाहरण के लिए स्वास्थ्य सेवा में एआई का उपयोग करने से मानवीय सहानुभूति और तर्क में कमी आ सकती है और रचनात्मक प्रयासों (क्रिएटिव एफर्ट्स) के लिए जनरेटिव एआई का उपयोग करने से मानवीय रचनात्मकता और भावनात्मक अभिव्यक्ति कम हो सकती है। यहां तक कि एआई सिस्टम के साथ बहुत अधिक बातचीत करने से सहकर्मी संचार और सामाजिक कौशल में भी कमी आ सकती है। समय के साथ एआई के बुद्धिमत्ता में प्रगति करने से यह बहुत ही संवेदनशील हो जाएगी और मनुष्य के नियंत्रण से परे कार्य करेगी। एआई तकनीक के अधिक सुलभ होने से आपराधिक गतिविधियों में भी इजाफा हो सकता है। कहना गलत नहीं होगा कि यह व्यापक आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता तक को जन्म दे सकती है। साइबर सुरक्षा में एआई के बड़े जोखिम हैं।

अंत में एआई कोई इंसान नहीं है, यह मशीन है और एआई मशीनों में इंसानों की तरह का दिमाग यानी बौद्धिक क्षमता लाने वाली टेक्नोलॉजी है। इसे आर्टिफिशियल तरीके से डेवलप किया गया है और कोडिंग के जरिए मशीनों में इंसानों की तरह इंटेलिजेंस डेवलप की जाती है, ताकि वह इंसानों की तरह सीख सके। खुद से फैसले ले सके, विभिन्न कमांड आदि को फॉलो कर सके। कुल मिलाकर मल्टी टास्किंग कर सके, लेकिन तकनीक का सही व विवेकपूर्ण उपयोग ही किया जाना चाहिए, क्योंकि अविवेकपूर्ण व गलत उपयोग तबाही को जन्म दे सकता है।

## प्रसंगवश

# चिंतन और विचार का वास्ता ज्ञान से नहीं समाधान से

अध्ययन और ज्ञान की अधिकता से मनुष्य विद्वान या ज्ञानी (जानकार) तो बन जाता है, परंतु समझदार नहीं बन जाता। ज्ञान प्रायः समझदारी में बाधक होता है। आए दिन के व्यवहार में विद्वान लोग सामान्य साक्षर, यहां तक कि निरक्षर, लोगों की तुलना में अधिक भूलें करते हैं। कारण वे अपने पर नहीं, उन पंडितों पर भरोसा करते हैं, जिन्होंने वे पुस्तकें लिखीं जिनको पढ़कर वे ज्ञानी बने हैं। वे अपने सामने की परिस्थितियों और अपनी समस्याओं का समाधान किसी दूसरे देशकाल की, मिलती-जुलती समस्याओं के समाधान से पाना चाहते हैं, इसलिए प्रायः भयंकर गलतियां करते हैं और उनकी ओर ध्यान दिलाने पर भी सुधार नहीं कर पाते। अशिक्षित या अल्प शिक्षित लोगों के लिए एक अपशब्द है, अनाड़ी।



भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

बहुपठित लोगों के लिए एक दूसरा शब्द है, ठस दिमाग अर्थात जिनका दिमाग ज्ञान से ठसाठस भरा हुआ है और जिसमें किसी नए ज्ञान के लिए जगह ही, नहीं रह गई है। इसी को अंग्रेजी में ब्लॉक हेडेड कहते हैं, जो भी एक शब्द हैं। मुझे ऐसा लगता है कि इसके श्रुतिदोष के कारण इसे 60 मानकर 'सठियाना' मुहावरा बना है। कारण, हमारी परंपरा में वयोवृद्ध लोगों को ज्ञानवृद्ध माना जाता रहा है, न कि ज्ञानजड़। इसे लेकर लोक से लेकर साहित्य तक कहानियां भरी पड़ी हैं, जो भी हो, इस जड़ता के पीछे किसी तरह का दैन्य नहीं, अपितु दंभ हुआ करता है। इसका बहुत सुंदर उदाहरण सिकंदर के साथ आए यूनानी लेखकों ने दिया है। कहते हैं सिकंदर से अरस्तू ने कहा था कि यदि तुम भारत जाना तो वहां से एक दार्शनिक लेते आना। उसके अनुसार सिकंदर ने वापसी से पहले अपने सैनिकों को आदेश दिया कि वे किसी दार्शनिक को बुलाकर लाएं। वे एक दार्शनिक के पास पहुंचे और उसे सिकंदर परिचय देकर साथ चलने का प्रस्ताव रखा तो उसने इंकार करते हुए कहा, 'मुझे तुम्हारे बादशाह की दौलत और ताकत से कुछ भी लेना देना नहीं। मैं उसके पास क्यों चलूंगा। लौटकर उन्होंने सिकंदर को उसका उत्तर सुनाया तो सिकंदर स्वयं उससे मिलने गया। प्राचीन काल में भाषा का संकट दूर करने के लिए प्रायः प्रतीकों में बात हुआ करती थी। सिकंदर ने उसके सामने मक्खन से लबालब भरा हुआ एक प्याला पेश किया, जिसका अर्थ था, हमारे ग्रीस का ज्ञान लबालब भरा हुआ है, उसमें कोई कमी नहीं है। उसे दार्शनिक ने एक तिनका उठाया और उसे भरे हुए मक्खन के प्याले में खोंस दिया, जिसका अर्थ था कि ज्ञान जिस भी पराकाष्ठा पर क्यों न पहुंचा हुआ हो, उसमें नए ज्ञान की संभावना बनी रहती है।

कहते हैं सिकंदर उसके सामने नतमस्तक हो गया। याद नहीं उन विवरणों में उसे भारतीय दार्शनिक का नाम दिया हुआ था या नहीं। परंतु कहते हैं उसके बाद सिकंदर ने ज्ञान के दो केंद्र बनाने का इरादा किया था, एक यूनानी ज्ञान के लिए भारत में और दूसरा भारतीय ज्ञान के लिए यूनान में। जीवित रहता तो शायद पूरा भी किया होता। इसे बचपन में भजनीकों से सुना था फिर बाद से डूगल्ड स्टीवर्ट के ग्रंथ में पढ़ा। प्रतिभाशाली व्यक्ति भावुक और कल्पनाशील होता है और अपेक्षाकृत कम आयु में ही अपने मनोभाव को व्यक्त करने के माध्यम पर दक्षता प्राप्त कर लेता है, यद्यपि यह भ्रम भी पाल लेता है कि वह दूसरों से अधिक मनस्वी है। वह प्रायः इस आत्ममुग्धता से इतना ग्रस्त हो जाता है कि अपने भावोच्छवास को ऊंचे दर्जे का विचार मान लेता है और अपनी समकक्षता में किसी चिंतक को रखता ही नहीं। लोग भी उसके बहकावे में आ जाते हैं।

चिंतन और विचार का संबंध मनन से है। ज्ञान से नहीं समाधान से और समाधान पर्यंत ऊहापोह से है। इसके लिए पुस्तकीय ज्ञान की जरूरत नहीं, ध्यान और अनुसंधान से है। यह कहने का अधिकार मुझे है। अल्वा एडिसन को याद करेंगे तो आप भी मान जाएंगे। मैं किसी वस्तु, व्यक्ति या कथन को सतही या इकहरे रूप में मान नहीं सकता इसलिए मेरे लिए कोई अच्छा या बुरा होता ही नहीं। सही या गलत काम होते हैं और उनके कारण होते हैं। कुछ कारण प्रकृति प्रदत्त होते हैं, जिन पर व्यक्ति का वश ही नहीं होता, यह इतने सुथरे रूप में तो नहीं, किंचित शब्दातीत रूप में मेरे भीतर इतनी छोटी उम्र में आ गया था कि सोचकर स्वयं विश्वास नहीं कर पाता था।

# पर्यटन और धरोहर संरक्षण के अतर्संबंध



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

> अब समय है हम यूरोपियन पद्धति से अपने देश में पर्यटन न करें और विशुद्ध भारतीय पद्धति का विकास करें। इसके लिए चाहे कुछ भी करना पड़े।

कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने के बहुत बुरे नतीजे सामने आए हैं। अंग्रेजों के समय इन क्षेत्रों में पर्वतीय स्टेशन विकसित किए गए जो कि ठंडे देश से आने वाले यूरोपियन लोगों की शारीरिक जरूरत थे। यहां इन्होंने स्वास्थ्य सदन बनाए। इन स्थानों पर भारतीयों को नौकर रखा गया। कुछेक के लिए जैसे कि ऊटकमंड, दार्जिलिंग और शिमला के लिए रेल लाइन निकाली गईं।

सभी पर्वतीय स्टेशन की अभी की पर्यावरण मूल्यांकन रिपोर्ट में इनकी दुर्गति की कहानी लिखी हुई है, जहां भी गैर-स्थानीय लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं वहां के जीवन निर्वाह प्रणाली पर जबरदस्त दबाव बनाते हैं। होटलों की भरमार, कूड़ा-करकट, गंदा या मल जल, पीने के स्वच्छ पानी की किल्लत, वहिकुलर पाल्यूशन, संक्रमण, स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव, भूमि पर दबाव, पार्किंग की कमी और न जाने क्या क्या। यह मामला सिर्फ आंकड़ों और इकॉनोमिक्स के आईने में ही नहीं, बल्कि सडन मानव गतिशीलता और संसाधन उपलब्धता से जुड़ा हैं, जिसके निहितार्थ भयानक है। जमीन पर कब्जों को लेकर देश के भीतर और बाहर कम्पटीशन है। पाकिस्तान और चीन को लेकर यह खूनी संघर्ष मात्र पर्यटन को लेकर नहीं है, बल्कि प्राकृति संशाधनों को लेकर है।

कश्मीर क्षेत्र में मुस्लिम बाहुल्य हुआ। अगर यह न होता तो क्या होता, इस बारे में अनुकरणित अध्ययन क्यों नहीं किया जाता। स्थानीय लोग चाहे कोई भी हों, किसी भी धर्म से हों, जियो-पॉलिटिक्स उसकी प्रकृति को तय करती है। पर्यटन से उलटा नुकसान होगा। अगर कुछ करना ही था तो वह सन् 1948-1950 के दौरान करना था जब कश्मीर की डेमोग्राफी को बदल दिया जाना चाहिए था, लेकिन क्या संभव और क्या नहीं यह मजबूत इरादे, पहल और परिस्थितियों पर निर्भर हुआ।

कश्मीर में सेना की तैनाती होने से क्या सैनिक वहां पर पर्यटन करते हैं? क्या इनकी तैनाती सिर्फ पर्यटकों की सुरक्षा के लिए होती है? बहुत से तीर्थ-स्थलों का परिवेश अत्यंत संक्रामक विषाणुओं और जीवाणुओं के पनपने के आदर्श स्थल बन चुके हैं। इनकी सैनिटेशन ऑफ हाइजीन की दशाएं निम्न स्तर से भी निम्न दिखती हैं। हमें मंदिरों और तीर्थ-स्थलों के आसपास की स्वच्छता के सर्वे कभी नहीं किए और इनके इर्द-गिर्द कितने और कैसे रोगजनक (पैथोज्न्स) की उपस्थिति है, हमें मालूम ही नहीं।

जहां तक मंदिरों और तीर्थ-स्थलों का सवाल है, पर्यटन ने इनका अक्स और छवि दोनों को बदला है। सभी तीर्थ अब व्यावसायिक स्थल अधिक और सुकून और अध्यात्म से भरपूर कम नजर आते हैं। विशाल और ऐतिहासिक महत्व के जिन मंदिरों को ऐतिहासिक नगरों ने निकट स्थापित किया गया या कालांतर में इन मंदिरों के निकट ही नगर विकसित हो गए हैं, उन सबके परिवेश की हालत इस समय अत्यंत खराब हो चुकी है। देश के आधे से अधिक मंदिरों के आसपास कमर्शियल गतिविधि ने इनकी दृश्यावली को बर्बाद कर दिया है।

अब समय है हम यूरोपियन पद्धति से अपने देश में पर्यटन न करें और विशुद्ध भारतीय पद्धति का विकास करें। इसके लिए चाहे कुछ भी करना पड़े, लेकिन अफसोस है कि समाज की रचना, समाज की ओछी समझ और पॉलिटिशियंस की खुद की मजबूरी उन्हें शासकीय, सही निर्णय लेने से रोकती है। पर्वतीय क्षेत्र ही नहीं मैदानों में स्थित तीर्थ स्थलों के संरक्षण के लिए पर्यावरण, विज्ञान, तकनीक और अर्बन डेवलपमेंट मिनिस्ट्रीज को भारत पुरातत्व-सर्वेक्षण विभाग की मदद करनी चाहिए और इस बाबत पुरातात्विक संपदा संरक्षण एक्ट में संशोधन करने चाहिए। ऐसा न हो कि एएसआई एक लाचार और बेबस संस्था दिखे और अनंतकाल तक जिसे फंड्स-दुर्भिक्ष का सामना करते रहना हो।

क्या भारत में पुरातत्व विभाग को पर्यटन के हिसाब से ढाला जा रहा है। होना चाहिए था कि भारत पुरातत्व विभाग अपने सभी पुरास्थलों पर शानदार डाक्यूमेंट्री या फीचर फिल्म बनाने के लिए दक्ष सिने-निर्माताओं को निमंत्रित करता, लेकिन यह काम सन 1950 से 1960 के बीच हो जाना चाहिए था। भारत पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग में एक पुरा-स्थल 'इंटेलिजेंस सिस्टम' भी होना चाहिए जिसके लिए डाटा ग्राउंड बेस्ड और सॅटॅलाइट सोर्सेज से जुटाया जाना चाहिए।

## सोशल फोरम

# बौद्धिक अराजकता के युग में

> मानव मस्तिष्क से बुद्धि की प्राकृतिक शक्ति को, तर्क की शक्ति को और अपनी बहुरंगी श्रेष्ठताओं को बचाने की शक्ति को मिटाया नहीं जा सकता।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इधर कूपमंडूकता ने राजनीतिक शक्ति अर्जित कर भारत की महान परंपराओं की समझ और 19वीं-20वीं सदी की उदारवादी साहित्यिक उपलब्धियों पर हमला चला रखा है। पुरानी रूढ़िवादी सोच बीते दिनों की बात हो गई थी, पर इसने आधुनिक मस्तिष्क को इन दिनों बुरी तरह घेर लिया है। बिग मीडिया सबसे ताकतवर बुलडोजर बना हुआ है।

यह बड़े पैमाने पर बौद्धिक विध्वंस कर रहा है और लोगों की खुद सोचने की शक्ति मिटा रहा है। इस परिदृश्य में 'डेढ़ हल्दी की गांठ' लेकर ही कई व्यक्ति बड़े पंसारी बनकर घूम रहे हैं। एक वैचारिक किताब पूरी नहीं पढ़ी है और सबसे बड़े ज्ञानी हैं। पहले कहा जाता था, 'मूड़ मुड़ाय भए संन्यासी' और 'मन न रंगाय रंगाये जोगी कपड़ा'! सवाल है, जब लोग नवनिर्मित अंधविश्वासों के चमकते संसार में लाए जा चुके हैं और ज्ञान की दुनिया के राजनीतिक क्रीतदास हमारी साहित्यिक परंपराओं पर हमले कर रहे हैं, लेखकों पर हमले कर रहे हैं और पीतल को सोना घोषित कर रहे हैं, हम क्या करें। पहली बात यह है कि हम 21 वीं सदी में 'सार्वभौम बौद्धिक पतन', 'हिंसक सभ्यता की दिग्विजय' और 'ज्ञान के संसार में सौ साल से भूखे डायनासोरों के उत्पात' को समझें।

इन सबने हमारे समाज को जंगल बना दिया है। वे जोकरों से अधिक नहीं हैं, उन पर हंसने से अधिक कुछ नहीं किया जा सकता। क्या यह अच्छा नहीं कि हम बताएं कि बौद्धिक अराजकता के इस युग में भी जगह-जगह वैचारिक अदहन चढ़ा हुआ है। जगह-जगह युग सत्य पक रहा है और सामने आ रहा है। लोग ध्वस्त किए गए हैं, पर मिटे नहीं हैं। वे बोल रहे हैं। मानव मस्तिष्क से बुद्धि की प्राकृतिक शक्ति को, तर्क की शक्ति को और अपनी बहुरंगी श्रेष्ठताओं को बचाने की शक्ति को मिटाया नहीं जा सकता। -फेसबुक वॉल से

# कराहती नदियां किससे करें पुकार



सुरेन्द्र अग्निहोत्री
वरिष्ठ पत्रकार

> नदी को देवी और मां के रूप में दर्जा देने वाले गंगा और यमुना के मैदानी भागों में माफियाओं और सत्ताधीशों की जुगलबंदी का खौफनाक मंजर साफ दिख रहा है।

पवित्र जीवनदायनी नदियां कराह रही हैं, कूड़ाघर बनने को मजबूर है। कुकरैल नदी की तरह सब नदियों को भागीरथ मिलेगा? गंगा, यमुना, घाघरा, बेतवा, सरयू, गोमती, काली, आमी, राप्ती केन मंदागिनी आदि नदियों के सामने अपने आपको बनाए रखने की चिंता खड़ी हो गई है। बालू के नाम पर नदियों के तट पर कब्जा जमा बैठे माफियाओं और उद्योगों ने नदियों की सुरम्यता को अशांत कर दिया। अशांत इसलिए क्योंकि प्रदूषण फैलाने वाले और पर्यावरण को नष्ट करने वाले अपराधियों का बोलबाला है। जलस्रोत पाटकर माफिया दिन रात लूट के खेल में लगे हुए है। नदियों के साथ छेड़छाड़ और अपने स्वार्थों के लिए नदियों को समाप्त करने की साजिश निरंतर चल रही है। गंगा पर एक्सप्रेस-वे से गंगा नदी के इर्द गिर्द रहने वाले 50 हजार से ज्यादा दुर्लभ पशु-पक्षियों के समाप्त हो जाने का खतरा है।

नदी को देवी और मां के रूप में दर्जा देने वाले गंगा और यमुना के मैदानी भागों में माफियाओं और सत्ताधीशों की जुगलबंदी का खौफनाक मंजर साफ दिख रहा हैं। नदियों के मुहाने और नदियों के पाट स्वार्थों की बलिवेदी पर नीलाम हो रहे हैं। अत्याधिक रेत खनन के चलते जल जीवों के सामने संकट मडरा रहा है। गंगा की औसत गहराई जहां 2004-2005 में 12 मीटर थी वह 10 वर्ष पहले 2044-2025 में 10 मीटर रह गई है। वर्तमान समय में जलस्तर में गिरावट जारी है। आईआईटी कानपुर के एक शोध पत्र में स्पष्ट बताया गया है कि पूरे प्रवाह में गंगा करीब चार मीटर उथली हो चुकी है। गाद सिल्ट के बोझ से बांधों की आयु घटती जा रही है। जीवनदायनी और सदानीरा गंगा कानपुर के पास दशक भर पूर्व 15 से 20 मीटर गहरी थी जबकि पहाड़ी इलाकों में इसकी गहराई मात्र चार मीटर ही गहरी थी। जलवायु वेत्ता परमेश्वर सिंह अपनी किताब पर्यावरण के राष्ट्रीय आयाम में नदियों के घटते दायरे पर चिंता जता चुके हैं। वह कहते हैं बात केवल गंगा तक ही सीमित नहीं है। गत एक दशक में बूढ़ी गंडक 6 से 4 मीटर, घाघरा 6 से 4 मीटर, बागमती 5 से 3 मीटर। राप्ती 4.5 एवं यमुना की औसत गहराई इन वर्षों के अंतराल में 3.5 से दो मीटर तक कम हो चुकी है। नदियों का पानी पीने लायक तक नहीं बचा है। कभी बेतवा नदी का पानी इतना साफ व स्वास्थ्यवर्धक रहता था कि टीबी के मरीज भी इस जल का सेवन कर स्वस्थ हो जाते थे। आज बेतवा नदी के किनारे की बस्ती के लोग उसमें गंदगी डाल रहे है। पानी बहुत प्रदूषित हुआ है। यमुना नदी में पुराना यमुना घाट से लेकर यमुना पुल तक नदियों में शव, गंदगी फेंकी और बहाई जाती है।

हमीरपुर का पानी पुराने यमुना घाट में नाले के जरिए यमुना नदी में डाला जा रहा है। डुमरियागंज से निकली आमी नदी सरयू नदी, काली नदी का बुरा हाल है। किसानों की सूखती फसलों को इन नदियों से पानी मिलता था खेत लहलहा उठते थें। मछलियां, कीड़े मकोड़े सभी खूब अठखेलियां करते। जलीय पौधे भी स्वस्थ रहते थे, लेकिन सब दिन एक जैसे नहीं होते। आज खुद को नदियां देखती हैं, तो हूक सी उठती है, लेकिन सुना है कि मोक्षदायिनी मां गंगा भी मैली होती जा रही है। हे राम। मैं तो आखिरी सांसें गिन ही रही हूं। गंगा में गिरने वाले नालों को पूरी तरह रोकने तथा सीवरेज के ट्रीटमेंट का भरोसा फिर यह सवाल भी उठना लाजमी है। गंगा तट पर वाराणसी समेत 116 शहर बसे है, जिनकी आबादी एक लाख से ज्यादा है। इन शहर के नालों से गिरने वाली गंदगी ही गंगा के 95 फीसदी प्रदूषण का कारण मतवाले मानसून के बल पर सदानीरा बनने वाली नदियां वर्षा के बूंदों को अपने आंचल में छुपाकर एक लंबी यात्रा के साथ हमारे होठों को तरलता देकर जीवन चक्र को गतिमान करती है। प्रकृति के इस विराट खेल का अंदाजा इसी बात से चल जाता है कि भारत के पश्चिमी तट पर करीब 75 अरब टन जल बरसता है। भारत का मैदानी इलाका 15 लाख किमी के क्षेत्र में फैला है। इस क्षेत्र में 1.7 सेमी औसत दैनिक वर्षा का अर्थ हुआ कि पश्चिमी तट से भारत में प्रवेश करने वाला वाष्प का एक तिहाई भाग जल में परिवर्तित होता है।

जल है तो कल है का नारा लगाने वाले भारतीय मानसून नामक अरबी शब्द से अपनी सारी आशा आकांक्षाएं और आंशकाएं प्रकट करते हैं। गंगा और यमुना का मैदानी भाग दुनिया का सबसे उपजाऊ क्षेत्र माना जाता है, लेकिन अब गंगा ही नही बेतवा, केन, शहजाद, सजनाम, जामुनी, बढ़ार, बंडई, मंदागनी, नारायन जैसी अनेक छोटी बड़ी बुंदेलखंड में बहने वाली नदियों पर संकट खड़ा हो गया है। कराहती नदियां अपनी पीड़ा कहे तो किससे कहे? कौन सुनेगा नदी की अकाल मृत्यु की शोक गाथा। कौन मनाएगा मातम? क्या जब सब कुछ चुक जाएगा , तब हमें याद आएगा। एक नदी थी, जो देती थी हमें जीवनदान, जिससे उपजता था हमारा अन्न धान, हमने किया व्यवधान, खत्म हो गए नदी के प्राण।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# राष्ट्रनायकों का होना चाहिए सम्मान : मुख्यमंत्री

## महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन, 1243 करोड़ की 384 विकास परियोजनाओं का भी हुआ लोकार्पण

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इससे पहले की सरकारें मुस्लिम वोट बैंक के लालच में राष्ट्रनायकों को सम्मान नहीं दे पाती थीं लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। बहराइच पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने महाराजा सुहेलदेव की 40 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 1000 वर्ष पूर्व विदेशी आक्रांताओं के साथ क्या होना चाहिए उसकी मिसाल आज पेश करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि इस भव्य स्मारक का लोकार्पण प्रधानमंत्री जी की विरासत और संविधान को आगे बढ़ाते हुए आज चित्तौरा में हो रहा है और साथ-साथ मेडिकल कॉलेज का नाम भी महाराजा सुहेलदेव के नाम से रखा गया है तथा अस्पताल का नाम उनके गुरु महर्षि बालार्क के नाम पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ के विश्वविद्यालय का नाम भी महाराजा सुहेलदेव के नाम पर रखा गया है। सीएम ने कहा कि हमने एक बार बहराइच के एक कार्यक्रम में कहा था कि विदेशी आक्रांताओं का महिमा मंडन नहीं होना चाहिए। बल्कि राष्ट्र नायकों का सम्मान होना चाहिए। योगी ने कहा कि आज ही की तिथि 10 जून 1034 में जब महाराजा सुहेलदेव ने एक विदेशी आक्रांता जो गजनी से तीन लाख की सेना लेकर भारत को लूटने चला था लेकिन इस आक्रांता की राहें मथुरा से ही काफी मुश्किल कर दी गयीं। लिहाजा बहराइच पहुंचने तक उसकी आधी सेना समाप्त हो चुकी थी फिर उसका सामना इसी चितौरा नामक स्थान पर महाराजा सुहेलदेव से हुआ, और सालार मसूद की डेढ़ लाख की सेना पर महराजा के 20 से 25 हज़ार सैनिक भारी पड़ गये और पूरी सेना गाजर मूली की तरह काट डाली गयी। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार किसी भी महापुरुष के साथ असम्मान नहीं होने देगी। आज मैं सपा कांग्रेस व अन्य पार्टियों से पूछना चाहता हूं की क्या किया उन्होंने, महाराज सुहेलदेव को उनके समय में क्यों नहीं सम्मान मिल पाया। क्योंकि इन पार्टियों को वोट बैंक की चिंता थी कहीं महापुरुषों का नाम रख देंगे तो तुष्टिकरण की नीति कहीं फेल न हो जाए और मुस्लिम वोट बैंक के नाते वे लोग विदेशी आक्रांताओं के खिलाफ एक भी शब्द नहीं बोलते थे और मैं यही बोलना चाहता हूं कि सभी से जो लोग आज भी जिन्ना का महिमामंडन करते थे। मैं पूछना चाहता हूं कि राष्ट्र नायक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति का गुजरात में अनावरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करते थे तब सपा जिन्ना का गुणगान करती थी, जब महाराजा सुहेलदेव के सम्मान की बात और गुणगान की बात हम लोग करते थे तब सपा कांग्रेस में होड़ मचती थी और कहते थे कि गाजी का विवाह होना चाहिए। हमने कहा की विदेशी आक्रांताओं का महिमा मंडन नहीं होना चाहिए। मैं धन्यवाद करता हूं कि सभी लोगों को जिन्होंने गाजी के इस बार होने वाले आयोजनों को पूरी तरह से बंद करवा दिया है। विदेशी आक्रांताओं के नाम पर कोई भी आयोजन नहीं होना चाहिए आयोजन होंगे भी तो महाराजा सुहेलदेव के नाम पर होंगे। इस दौरान उन्होंने बटन दबाकर 40 फीट ऊंची कांस्य से बनी महाराजा सुहेलदेव के स्मारक व 1243 करोड़ की 384 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, ओमप्रकाश राजभर व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह समेत अन्य सांसद व विधायक मौजूद रहे।


महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा के अनावरण के दौरान सीएम योगी के साथ मौजूद लोग।


महाराज सुहेलदेव के प्रतिमा का फीता काटकर अनावरण करते मुख्यमंत्री व ओम प्रकाश राजभर, जयवीर सिंह व सांसद आनंद गोंड। अमृत विचार


जिला प्रशासन द्वारा द्वारा सीएम योगी को राम दरबार की प्रतिमा भेंट की।

## सार-संक्षेप

### दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत, तीन लोग घायल

**बहराइच, अमृत विचार।** अमृतपुर लौकहिया मार्ग पर सोमवार रात तेज रफ्तार दो बाइकों में आमने सामने की भिड़ंत हो गई। जिसके चलते तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनो घायलों को अलग स्थानों पर उनके परिजनों ने भर्ती कराया है। मुर्तिहा कोतवाली के अमृतपुर लौकहिया मार्ग पर शिवरहा पुल के पास तेज रफ्तार दो बाइकों में आमने सामने की भिड़ंत हो गई। जिसके चलते एक बाइक पर सवार लखीमपुर जिले के धौरहरा थाने के अमेठी निवासी प्रदीप निषाद पुत्र अवधेश, दूसरी बाइक पर सवार मुर्तिहा कोतवाली के जंगल मटेरा निवासी सुमेश पुत्र राम फेरे, धनई गौढ़ी निवासी दुलारे पुत्र राम प्रवेश घायल हो गए।

### बेहाल विद्युत व्यवस्था को लेकर भाकियू ने किया प्रदर्शन


उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौपते भाकियू नेता। अमृत विचार

**पयागपुर, बहराइच अमृत विचार।** पयागपुर में विधुत व्यवस्था को लेकर भाकियू टिकैत गुट ने विधुत उपकेंद्र पर धरना देकर प्रदर्शन कर एसडीएम को सम्बोधित ज्ञापन उपखंड अधिकारी मुकेश कुमार को सौंपा। मंगलवार को भाकियू के जिलाध्यक्ष रामकुमार वर्मा के नेतृत्व में यूनियन के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने विधुत उपकेंद्र का घेराव करते हुये जमकर नारेबाजी की ।यूनियन के जिलाध्यक्ष चौधरी रामकुमार वर्मा ने बताया कि तहसील क्षेत्र में बकाया विधुत बिल की वसूली में व्यापक स्तर पर धांधलेबाजी की जा रही है ।उन्होंने बताया कि घूस देने वालों का कनेक्शन नहीं काटा जाता है जो नहीं दे पाते उनका कनेक्शन काट दिया जाता है ।जिलाध्यक्ष ने उपकेंद्र में वर्षों से जमे कर्मियों को तत्काल हटाये जाने की मांग की। यूनियन के ब्लाक अध्यक्ष प्रेमचंद रावत ने बताया कि कर्मचारियों द्वारा मीटर लगाने में हेराफेरी की जा रही है ।उन्होंने बताया कि कई लोगों के घरों पर लगे मीटर दूसरे के नाम के हैं, ऐसे में उपभोक्ता बिल का भुगतान कैसे करे ।उन्होंने जांच कर ऐसे भृष्टकर्मचारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की मांग की ।यूनियन के मण्डल सचिव दृगराज यादव और मंत्री राम नरायन ने अघोषित विद्युत कटौती से तहसील क्षेत्र को मुक्त किये जाने सहित राजा बाग कोल्हुआ में 5 दिन से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगवाने तथा पंडित पुरवा इमलियागंज में झब्बर के मकान तक जली हुई विधुत केविल को बदलने की बात कही। भाकियू ने अपने मांगपत्र में बहलीमपुर में 3 वर्ष से जले मीटर को बदलने, चेतरा मोड़ से ढाबा तक के बीच एक विधुत पोल लगाने आदि मांगें की ।यूनियन के लोगों ने बताया कि यदि एक सप्ताह के अंदर आवश्यक कार्यवाही नही हुई तो यूनियन महापंचायत करके हाईवे मार्ग को जाम करने को विवश होगी ।इस अवसर पर भाकियू के साधु शरण वर्मा, घनश्याम वर्मा, राम छवि यादव, दिनेश वर्मा, मनोज गुप्ता, गोविंद वर्मा, सुखविंदर सिंह, किशन बाबू, मुख्तियार यादव, शांति देवी, फूलमती सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय व जिला स्तरीय कार्यालय खोलने का प्रस्ताव

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ( यूपीपीसीबी ) के ढांचे के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की व्यापक योजना शासन को भेजी गई है। मंडल मुख्यालयों पर क्षेत्रीय व जिला मुख्यालयों पर कार्यालय खोलने का प्रस्ताव है। इससे उद्योगों को एनओसी के साथ प्रदूषण नियंत्रण को लेकर मॉनिटरिंग और सुधार कार्य में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुतिकरण के बाद इसे लागू किया जाएगा। साथ ही, वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए आवेदनों की शुल्क संरचना में भी बदलाव किया जाएगा। आईटी और एआई टेक्नालॉजी युक्त एक पोर्टल भी विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते माह बोर्ड की समीक्षा बैठक के दौरान संसाधन और कार्यालय बढ़ाने के साथ पारदर्शी व त्वरित कार्य प्रणाली बनाने की हिदायत दी थी, जिसके क्रम में प्रस्ताव तैयार करके शासन को भेजा गया है। इसके अनुसार प्रदेश सभी मंडल मुख्यालयों और प्रमुख औद्योगिक जिलों में यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना की जाएगी। साथ ही, शेष जिलों में जिला-स्तरीय कार्यालय स्थापित किए जाएंगे, ताकि स्थानीय स्तर पर प्रदूषण नियंत्रण की निगरानी और प्रबंधन को सुदृढ़ किया जा सके।

### सार्थक भूमिका निभाए निर्वाचन आयोग



**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने नेताओं, कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में कोई कमी न रहने देने की अपील की है। इस क्रम में उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव में बेईमानी करती है। निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी निष्पक्ष चुनाव कराने की होती है। निर्वाचन आयोग को ईमानदारी से अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। सपा प्रदेश मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं और नेताओं को सम्बोधित करते हुए मंगलवार को अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय और अपराध चरम पर है। अपराधी खुलेआम घटनाएं कर रहे है। दिन दहाड़े हत्यायें हो रही है। अपराधियों को सरकार का संरक्षण है।

# 2000 करोड़ से 28830 चौराहों का होगा कायाकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** योगी सरकार दो हजार करोड़ रुपये खर्च कर 28830 चौराहों का कायाकल्प करेगी। इसे लेकर लोकनिर्माण विभाग ने खाका तैयार किया है। इसमें वर्ष 2021 से 24 के बीच 1435 ब्लैक स्पॉट्स पर दीर्घकालिक व अल्पकालिक सुधार कार्यों का भी दावा किया गया है। इसी के साथ प्रदेश में बड़े स्तर पर दो लेन से कम चौड़ाई वाले मार्गों को न्यूनतम दो लेन (पेव्ड शोल्डर युक्त) करने की तैयारी है। इससे पैदल यात्रियों को सहूलियत मिलेगी।

कार्ययोजना के अनुसार प्रदेश के 28,830 विभिन्न चौराहों, तिराहों और महत्वपूर्ण रोड जंक्शंस पर सुधार कार्यों को 2000 करोड़ की अनुमानित लागत से पूरा किए जाने की तैयारी है। ऐसे राज्य मार्ग जिनकी चौड़ाई 2 लेन से कम है या फिर दो लेन होने के बावजूद वहां पेव्ड शोल्डर कार्यों को पूरा नहीं किया गया है उसे पूरा करने पर योगी सरकार का फोकस है। प्रक्रिया के जरिए 748 करोड़ रुपये की लागत से 895 पेव्ड शोल्डर की चौड़ाई के कार्यों को पूरा किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी राज्यमार्ग कम से कम 2 लेन चौड़े तथा पेव्ड शोल्डर युक्त हों जिससे पैदल यात्रियों व साइकिल इत्यादि से चलने वाले राहगीरों की सुविधा व सुरक्षा में इजाफा होगा।

### राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई का होगा निर्माण

50 किमी से अधिक लंबाई वाले राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई के निर्माण कार्य को पूरा करने की तैयारी है। इसके लिए कुल 102 कार्य निर्धारित हैं जिसके जरिए 8,887.88 किमी की लंबाई पर इन कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रदेश में ऐसे स्थान जहां यातायात परिवहन की वास्तविक गति उसने निर्माण के दौरान प्रस्तावित डिजाइन गति से 50 प्रतिशत या कम है, ऐसे सभी मार्गों को चिह्नित कर लिया गया है। इन मार्गों पर मेजर जियोमेट्रिकल इंप्रूवमेंट की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा जिससे न केवल यातायात परिवहन की गति में सुधार होगा बल्कि सुगम व सुरक्षित यातायात को बढ़ावा मिलेगा।

# ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को मंदिरों में उमड़ी भीड़

बहराइच

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को हनुमंत मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ ने वीरवर बजरंगबली का पूजन अर्चन कर मनोरथ पूर्ति की कामना की। भक्तगणों ने " नासै रोग हरे सब पीरा जो सुमिरत हनुमत बलबीरा " की स्तुति की। शहर के हनुमंत मंदिरों के भोर होते ही कपाट खुल गए

बजरंगबली मंदिरों में मंगला आरती के बाद मंदिरों में उमड़ी भीड़ ने बजरंग बाण पाठ, हनुमान चालीसा, संतोष शिरोमणी तुलसीदास कृत रामचरित मानस के सुंदर कांड के सामूहिक पाठ की रसधार बही। जगह जगह बजरंगबली के भक्तों ने पूजा अर्चना के बाद स्टाल लगाकर विभिन्न मिष्ठान्न व खाद्य पदार्थों का प्रसाद वितरण कर अरदास की। मां जानकी के लंकेश रावण की ओर से हरण के बाद तलाश में जंगल जंगल भटक रहे रघुकुलनंदन की बजरंगबली से पहली मुलाकात ज्येष्ठ माह के पहले मंगलवार को हुई थी। बजरंगबली उनसे ब्राह्मण भेष में मिले थे। इसी याद में हनुमान भक्त जेठ के हर मंगलवार को रघुकुलनंदन के आशीर्वाद से बजरंगबली के भक्त जेठ माह के हर मंगलवार को तो विशेष महत्व देते ही है। जेठ के अंतिम मंगलवार की भोर होते ही शहर स्थित पांडवकालीन श्रीसिद्धनाथ मंदिर, श्रीदेवी गुल्लावीर मंदिर, कानूनगोपुरा दक्षिणी स्थित नागेश्वर नाथ मंदिर, रोडवेज रोड पीपल स्थित हनुमान मंदिर, घंटाघर चौक के पास सराफा गली स्थित हनुमान मंदिर आदि मंदिरों में भोर में मंगला आरती के साथ कपाट खुले। मंदिर के पुजारियों ने आने वाले श्रद्धालुओं को विधि विधान से बजरंगबली की पूजा कराई। घृत मिश्रित सिंदूर से बजरंगबली का श्रंगार किया गया। स्थान पर विशेष आयोजन किए गए । श्रद्धालुओं की ओर से हनुमान चालीसा, बजरंग बाण आदि का पाठ किया गया।

सम्पूर्ण शहर के विभिन्न स्थानों पर मंगलवार दोपहर में सज उठे स्टालो पर छोला पूड़ी, हलुवा, नुक्ती, छोला भठूरा, ठंडे छाछ, ठंडे शर्बत आदि विभिन्न चीजों का प्रसाद का वितरण किया गया।वही महसी के भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह द्वारा प्रसाद वितरण कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसाद वितरित किया इस दौरान अखंड प्रताप सिंह व ब्लाक प्रमुख रमाकर पांडेय सहित अन्य लोगों शामिल रहे।पयागपुर के विभिन्न स्थानों पर भी विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।इसके साथ ही जरवल रोड में भी अंतिम बड़े मंगलवार को जरवल रोड में विभिन्न मंदिरों पर भी श्रद्धालुओं ने बजरंगबली की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की और लखनऊ गोंडा मार्ग तूफानी चौराहा, बाजार में अयोध्या प्रसाद गुप्ता की तरफ से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया गल्ला मंडी रोड पर विधायक पुत्र अभिषेक यादव ने हनुमान जी की पूजा अर्चना आरती कर भंडारा का शुभारंभ किया इस अवसर पर काफी संख्या में लोग मौजूद है।व राम रहीम विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील श्रीवास्तव सत्यम सिंह गल्ला मंडी में रामू गुप्ता गुंजन गुप्ता कई गणमान्यजन उपस्थित जनो आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। अंत में सभी ने हनुमान जी से जीवन में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर अर्जुन यादव विकास श्रीवास्तव , सुप्रीत, प्रिंशु, सत्यम सिंह ,यशु, विशु, आदित्या, अनिल, गिरधारी, पवन सिंह, मौजूद रहे।


सुखदराज सिंह पेट्रोल पंप के पास प्रसाद वितरित करते विधायक सुरेश्वर सिंह।

# निकांत जैन का एक और फर्जीवाड़ा, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** निलंबित आईएएस व पूर्व सीईओ इन्वेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश के करीबी निकांत जैन की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। इंडियन बैंक के मुख्य प्रबंधक ने हजरतगंज थाने में निकांत और उसके भाई सुकांत जैन व परिवार की महिला वैशाली जैन के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि कम कीमत की जमीन को महंगा बताकर गिरवी रखा और चार करोड़ रुपये का लोन लिया, लेकिन चुकाया नहीं। जांच में यह खुलासा हुआ तो बैंक ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मुख्य प्रबंधक इंडियन बैंक आशीष जिंदल के मुताबिक गोमतीनगर निवासी निकांत जैन, उसके बड़े भाई सुकांत जैन और वैशाली जैन ने अपनी रजिस्टर्ड कंपनी एसएसजे एग्रोटेक प्रा. लि. के नाम चार करोड़ का लोन 2017 में लिया। इसके बदले में सरोसा-भरोसा गांव की 760 वर्गमीटर और बाराबंकी के रामसनेही घाट स्थित लालपुर राजपुर गांव में 1850 वर्गमीटर भूखंड गिरवी रखे। 27 मार्च 2018 को नई कंपनी बनाने का प्रस्ताव पत्र के माध्यम से एक नई संपत्ति उन्नाव के हसनगंज स्थित बजेहरा की 2800 वर्गमीटर जमीन को गिरवी रखते हुए एक जमीन को मुक्त करने का आवेदन दिया। बैंक ने 29 मार्च 2018 को कंपनी के आवेदन पत्र स्वीकृत किया। इसके बाद सरोसा-भरोसा की संपत्ति के स्थान पर उन्नाव के बजेहरा गांव की जमीन को गिरवी रख लिया।

▸▸ **इंडियन बैंक के मुख्य प्रबंधक ने निकांत और उसके भाई समेत तीन पर दर्ज कराया केस**

### खाता एनपीए हुआ, जब्त की गई संपत्ति

मुख्य प्रबंधक के मुताबिक संपत्ति के प्रतिस्थापना के बाद लोन की किस्तें जमा नहीं की जा रही थी। 30 सितंबर 2018 को खाता एनपीए हो गया। इसके बाद बैंक ने गिरवी रखी गई संपत्तियों को जब्त कर उसे बेचने कर ऋण वसूली की कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान पता चला कि जिन संपत्तियों को गिरवी रखा गया है। उनकी कीमत वास्तविक रूप से काफी कम है। इसके बाद एक कमेटी का गठन किया गया। कमेटी की जांच रिपोर्ट में सामने आया कि जमीन की कीमत काफी बढ़ाकर प्रस्तुत किया गया था। खाते को फ्राड घोषित किया गया। वैल्यूवर्स के खिलाफ बैंक ने कार्रवाई करते हुए उन्हें पैनल सूची से हटा दिया।

### सीबीआई में मामला दर्ज कराने का हुआ था प्रयास

मुख्य प्रबंधक आशीष जिंदल के मुताबिक जांच रिपोर्ट आने और वैल्यूवर्स को हटाने के बाद बैंक ने इस मामले की शिकायत सीबीआई में दर्ज कराने के लिए आवेदन किया था। लेकिन आरबीआई द्वारा 15 जुलाई 2024 को आदेश दिया गया था। उसे जवाब देने के लिए कम से कम 21 दिन का समय दिया जाएगा। आदेश के पालन के लिए बैंक ने पुन: कंपनी व निदेशकों को कारण बताओ नोटिस 21 अक्टूबर 2024 को जारी किया। इसका कंपनी की तरफ से संतोषजनक उत्तर नहीं मिला।

## वर्ग पहेली- 458

**बाएं से दाएं**

1. काम-काज अथवा उद्योग-धंधे में लगा रहने वाला, जिसके हाथ में अनेक काम रहते हों, उद्यमी।
4. 1. सुंदर, आकर्षक, मनोहर 2. जिसपर चिह्न या निशान हो, चिह्नित, अंकित।
5. 1. गाड़ी या हल के जुए की लकड़ी जिसके दोनों ओर बैल जोते जाते हैं 2. गाटा।
7. श्मशान में रहने वाली स्त्री, डाकिनी पिशाचिनी।
8. 1. जिसमें चुंबक या उसके समान गुण हो 2. चुंबक संबंधी।
11. 1. विस्तृत, लंबा-चौड़ा, फैला हुआ 2. जो संकरा न हो।
12. 1. धोखा या चकमा देकर शत्रु पर प्रहार करने वाला व्यक्ति 2. गमन 3. पलायन।, 1. सरका हुआ, खिसका हुआ 2. गत 3. विचलित।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. कार्य, काम, रोज़गार, धंधा, व्यापार, व्यवसाय 2. कारण, प्रयोजन, हेतु 3. विवाह आदि कोई शुभ कार्य 4. कपड़े में बटन लगाने का छेद।
2. रसायन विज्ञान की वह शाखा जिसमें जीवित वस्तुओं में होने वाले रासायनिक प्रक्रमों और वस्तुओं का अध्ययन होता है।
3. 1. ठुमककर चलने की अवस्था
6. छोटा नगाड़ा जिसे बजाकर किसी प्रकार की घोषणा की जाती है, डुग्गी, डुगडुगी।
9. 1. किसी कार्य या उपलब्धि में अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे बढ़ जाने की स्थिति 2. चुनाव आदि में एक दल के प्रत्याशी का दूसरे दल के प्रत्याशी से मतों की संख्या में आगे बढ़ जाना, (लीड)।
10. 1. आघात, टक्कर 2. समूह, जमाव, समष्टि 3. हत्या, वध 4. निवास, रहने की जगह 5. शरीर, देह।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | ■ | 4 | | |
| ■ | 5 | 6 | | ■ | |
| ■ | ■ | 7 | | | ■ |
| 8 | 9 | | | ■ | 10 |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| 11 | | | ■ | 12 | |

### वर्ग पहेली -457 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 उ | ■ | ■ | 2 त | ■ | 3 रा |
| हूँ | ■ | 4 सा | र | को | मा |
| ■ | 5 कु | ली | न | ■ | यु |
| ■ | ■ | ■ | ता | ■ | ध |
| ■ | ■ | 6 अ | र | थी | ■ |
| 7 तृ | षा | वा | न | ■ | ■ |
| ■ | ■ | री | ■ | 8 अ | भि |

## सुडोकू -5

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 3 | 9 | | 1 | |
| | | 9 | | 7 | 1 | | 8 | 4 |
| | | 7 | | | 5 | 6 | | |
| 1 | | 3 | | 9 | | 2 | | |
| | 5 | | | | | | 7 | |
| | | 4 | | 8 | | 1 | | 6 |
| | | 2 | 9 | | | 3 | | |
| 8 | 3 | | 7 | 6 | | 9 | | |
| | 9 | | 1 | 2 | | | | |

### सुडोकू - 4 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 4 | 2 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 9 | 6 | 1 |
| 9 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 | 8 | 3 | 7 |
| 1 | 3 | 2 | 6 | 4 | 5 | 7 | 8 | 9 |
| 7 | 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 5 | 2 |
| 5 | 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा- 13.13 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 20.10 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष** - आज अधीनस्थ कर्मचारी आपसे किसी कारण नाराज हो सकते हैं। अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण करने का प्रयास करें। वैवाहिक जीवन में कुछ अनबन हो सकती है। इस समय को शांति और प्रेम पूर्वक बिताने का प्रयास करें।

**वृष** - आज नई जॉब आरंभ कर सकते हैं। अनावश्यक विवादों से बचें। आप अत्यंत तीव्र गति से अपने कार्य पूर्ण करेंगे। भविष्य की योजनाओं पर धन खर्च कर सकते हैं। दांपत्य संबंदों में नई ताजगी उत्पन्न होगी।

**मिथुन** - आज आपको ऋण या उधार लेने से आपको बचना चाहिए। पुरानी बातों पर अधिक विचार न करें। आपको मात्र अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम अत्यंत सुखद रहेंगे। उच्च अधिकारियों के प्रति मन में नाराजगी हो सकती है।

**कर्क** - आज सभी कार्यों को एकाग्र होकर करें। मित्रों की सहायता से आपके सभी काम आसानी से पूर्ण हो जाएंगे। आपको मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। संतान को लेकर गौरव का अनुभव कर सकते हैं। अपने प्रेमी से मन की बातें अवश्य करें।

**सिंह** - आज किसी पर भी सहज ही विश्वास न करें। अपने लक्ष्यों को लेकर दृढ़प्रतिज्ञ रहें। पारिवारिक अशांति दूर होगी। व्यापार में आप अति उत्तम प्रदर्शन करेंगे। आपको जोखिम लेने से बचना चाहिए। अपनी रचनात्मक क्षमता का अच्छा प्रयोग करेंगे।

**कन्या** - आज जटिल मामलों को सरलता से सुलझा लेंगे। प्रतिस्पर्धियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। आपको सुखद समाचार मिल सकते हैं। परिवार के लोग आपको सहयोग देंगे। शेयर मार्केट के माध्यम से आपको बड़ा धन लाभ होगा।

**तुला** - आज दिनचर्या अनियमित हो सकती है। अपने विचारों को संकीर्णता के दायरे में सीमित न करें। दूसरों के अतिरिक्त स्वयं के निर्णय को अधिक प्रधानता दें। किसी से अधिक अपेक्षा न रखें। कार्यक्षेत्र में थोड़ी कठिनाई का अनुभव कर सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। आत्मविश्वास के कारण आप हर जगह बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। अपनी कार्यशैली से संतुष्ट रहेंगे। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। व्यवसाय के दृष्टिकोण से आप अत्यंत भाग्यशाली रहने वाले हैं।

**धनु** - आज कारोबार से जुड़े लोगों को अपनी कमियों और गलतियों का मूल्यांकन करना चाहिए। नेत्रों में कुछ समस्या हो सकती है। परिस्थितियों का डटकर मुकाबला करें। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के ताने सुनने पड़ सकते हैं।

**मकर** - आज ऑनलाइन कारोबार से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। लोग आपके व्यक्तित्व से आकर्षित रहेंगे। पिछले कई दिनों से चली आ रही तनावयुक्त परिस्थितियां सामान्य हो जाएंगी। संपत्ति के लेन-देन से लाभ मिलेगा।

**कुंभ** - आज पारिवारिक जीवन अत्यंत आनंदमय रहेगा। हाथ में आए अवसरों को लेकर लापरवाही न करें। कारोबार में लाभ के बावजूद मन संतुष्ट नहीं रहेगा। यदि किसी लत या बुरी आदत से ग्रसित हैं तो सावधान रहें।

**मीन** - आज कारोबार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। फाइनेंस से जुड़े मामलों के लिए दिन अच्छा है। जॉब में परिस्थितियां अत्यंत अनुकूल रहेंगी। समाज के बुद्धिजीवियों के मध्य आपकी प्रशंसा होगी। अचानक प्राप्त हुए अवसरों से गदगद रहेंगे।

## एक नजर

### इग्नू की परीक्षा कल से

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की जून 2025 सत्रांत परीक्षा 12 जून से प्रारंभ होकर 19 जुलाई तक दो पालियों में आयोजित की जाएगी। जिले में यह परीक्षा कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान (केएनआईपीएसएस) में संपन्न होगी। यह जानकारी अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. शक्ति सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इग्नू के क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी अंतर्गत 19 जिलों में 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें सुलतानपुर का यह केंद्र भी शामिल है।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए पोस्ट मास्टर अनिल सम्मानित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** भाई डाकघर के पोस्टमास्टर अनिल कुमार तिवारी को डाक अधीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा सम्मानित किया गया है। अनिल तिवारी ने वर्ष 2024-25 में 276 पीओपीएसबी खाते खोलकर सुलतानपुर साउथ उपमंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर डाक विभाग के अधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

### कांग्रेस का संविधान बचाओ सम्मेलन 12 से

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** 2027 विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने अपनी रणनीति तेज कर दी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिले की सभी विधानसभाओं में संविधान बचाओ सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि सम्मेलन की शुरुआत 12 जून को इसौली, 13 जून को लंभुआ और 14 जून को कादीपुर विधानसभा क्षेत्र में होगी। सम्मेलन में पार्टी के सभी कोऑर्डिनेटर, पदाधिकारी व नेता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि सभी निर्वाचन ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता कार्यक्रम में भाग लें। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी ताकत से क्षेत्र में सक्रिय हैं।

### यूको बैंक द्वारा कार्निवल का आयोजन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** यूको बैंक अंचल कार्यालय अयोध्या द्वारा जिले के एक होटल में एमएसएमई एवं सीएसएस कार्निवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आलोक कुमार उप महाप्रबंधक, कोलकाता और अध्यक्षता अंचल प्रमुख प्रियंका यादव ने की। इस अवसर पर डिजिटल माध्यम से 2-25 लाख रुपये तक के जीएसटी स्मार्ट ऋण की जानकारी दी गई। बैंक की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा हुई और लाभार्थियों को सैंक्शन लेटर वितरित किए गए। शाखा प्रबंधक निशीथ चौधरी द्वारा संयोजित यह कार्यक्रम स्थानीय उद्यमियों और किसानों के लिए आर्थिक सहयोग और जागरूकता का सशक्त मंच बना।

# दुष्कर्म के दोषी को 10 साल का कारावास

## कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के एक गांव में 7 वर्ष पूर्व हुई थी घटना पॉक्सो कोर्ट ने 10 हजार अर्थदंड भी लगाया

विधि संवाददाता, सुलतानपुर



दीवानी न्यायालय परिसर में अधिवक्ता व वादकारी गण। अमृत विचार

**अमृत विचारः** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के एक गांव से सात साल पूर्व किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के दोषी कुलदीप यादव को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को 10 साल कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर 10 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की सम्पूर्ण रकम कोर्ट ने पीड़िता को देने का आदेश भी दिया है।

एडीजीसी रमेश चन्द्र सिंह के मुताबिक 29 दिसंबर 2018 को घटना में दर्ज हुए केस में पीड़िता की माता ने आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को दोषी ने घर के पीछे अरहर के खेत में दुष्कर्म जैसी वारदात को अंजाम दिया तथा किसी को बताने पर हत्या की धमकी दी। तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गए छह गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने दोषी को 10 साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

### जेल में निरुद्ध आरोपियों को कोर्ट से राहत

कमरौली थाना क्षेत्र के कठौरा के गुड़ियन का पुरवा में पैतृक भूमि से जुड़े एक आपराधिक मामले में बाराबंकी के जैतपुर तेरा टंडन निवासी रईस अहमद और नसीर अहमद को जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ल ने जमानत दे दी है। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया वादी राधेश्याम पाल के पिता कृष्णपाल को कुछ अज्ञात लोगों ने सरकारी योजना के नाम पर धोखे से जमीन पर कब्जे की कोशिश के दौरान मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी और छह लाख रुपये की जबरन वसूली की। वादी ने रईस अहमद, नसीर अहमद व अज्ञात के खिलाफ तीन महीने बाद केस दर्ज कराया था। अदालत ने दोनो पक्ष की बहस सुनने के बाद आरोपियों को राहत देते हुए जमानत मंजूर कर ली।

### पूर्व एमएलसी दीपक के केस में सुनवाई टली

पूर्व एमएलसी दीपक सिंह के मामले में मंगलवार को कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा के अवकाश पर होने से सुनवाई 28 जुलाई तक टल गई। आरोपियों पर सोनिया गांधी और स्मृति ईरानी विवाद के विरोध में प्रदर्शन और पुतला दहन का आरोप है। 29 जुलाई 2022 को इस मामले में कांग्रेस के 131 नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था, जिनमें से 28 आरोपियों पर चार्जशीट दाखिल की गई है।

### करौंदीकला के पूर्व थानाध्यक्ष पर गंभीर आरोप, अर्जी पर सुनवाई टली

थाना करौंदीकला के पूर्व थानाध्यक्ष उपेन्द्र सिंह और अन्य चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में दायर अर्जी पर सुनवाई 21 जून तक टल गई। ग्राम प्रतापपुर सुलेमनपुर के निवासी मनोज कुमार ने आरोप लगाया है कि 14 अगस्त 2024 को आरोपितगण ने उनके घर में घुसकर दस लाख रुपये की रंगदारी की मांग की, असमर्थता जताने पर गालियाँ दीं, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि थानाध्यक्ष ने विवादित भूमि पर श्यामकली के नाम बैनामा करने का दबाव डाला और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट का रुख किया।

### डकैतीकांड के तीन आरोपियों की वर्चुअल पेशी दर्ज

नगर कोतवाली क्षेत्र के ठठेरी बाजार स्थित भरतजी सोनी ज्वैलर्स पर 28 अगस्त 2023 को दिनदहाड़े हुई बहुचर्चित डकैती कांड में मंगलवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत में मुख्य आरोपी विपिन सिंह, अरबाज और फुरकान की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दर्ज की गई। अदालत ने अभियोजन साक्ष्य की सुनवाई के लिए अगली तिथि 20 जून निर्धारित की है। मामले में अब तक 12 आरोपियों पर आरोप तय किए जा चुके हैं। एडीजीसी दान बहादुर वर्मा ने अदालत से मांग की है कि अरबाज, फुरकान और विपिन सिंह सहित अन्य आरोपियों पर चल रहे विभिन्न विचाराधीन मामलों की फाइलों को एकीकृत किया जाए, ताकि सुनवाई एक साथ की जा सके।

### सुरेंद्र प्रताप हत्याकांड में चार आरोपी दोषसिद्ध

**कल सुनाई जाएगी सजा, अमेठी के अमरबोझा बरौलिया गांव में हुई थी हत्या**

**संवाददाता, सुलतानपुर :** चुनावी रंजिश में छह वर्ष पूर्व हुई हत्या के मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकांत शुक्ल की अदालत ने चार आरोपियों को दोषी ठहराकर जेल भेज दिया वहीं एक आरोपी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। दोषियों को 12 जून को जेल से तलब कर सजा सुनाई जाएगी। डीजीसी क्रिमिनल राम अचल मिश्र के मुताबिक अमेठी जिले के जामो थाने के अमरबोझा बरौलिया निवासी नरेंद्र बहादुर सिंह ने 25 मई 2019 की रात करीब 11:30 बजे हुई घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप के मुताबिक, वादी के छोटे भाई सुरेंद्र प्रताप सिंह बरामदे में सोए थे। बगल में भतीजा अनुराग व अभय भी सोए हुए थे। इसी बीच गोली मारकर आरोपियों ने सुरेंद्र प्रताप की हत्या कर दी। बरौलिया निवासी वसीम व उसके भाई नसीम, सह आरोपी धर्मनाथ गुप्ता, तत्कालीन बीडीसी राम चंद्र व पीढ़ी फुरसतगंज निवासी अतुल उर्फ गोलू के खिलाफ केस दर्ज हुआ। मामले का विचारण जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में चला। कोर्ट ने मंगलवार को आरोपी सगे भाई वसीम व नसीम और तत्कालीन बीडीसी रामचंद्र व गोलू को दोषी ठहराकर जेल भेज दिया। वहीं, साक्ष्य के अभाव में आरोपी धर्मनाथ गुप्ता को बरी कर दिया। दोष सिद्ध आरोपियों को जेल से तलब कर गुरुवार को सजा सुनाई जाएगी।

# खड़े ट्रेलर से टकराई बाइक पिता-पुत्र सहित तीन घायल

**युवक की हालत नाजुक, सभी मेडिकल कॉलेज रेफर**

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** लखनऊ-बलिया हाइवे पर मंगलवार को मोतिगरपुर हनुमान मंदिर के पास एक अनियंत्रित बाइक खड़ी ट्रेलर से जा टकराई, जिससे बाइक सवार पिता-पुत्र सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर किया गया है।

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बरुई गांव निवासी भवानी फेर निषाद (50) अपने बेटे राम विजय (24) व आकाश (14) के साथ बिजेथुवा धाम महावीरन से दर्शन कर लौट रहे थे। लौटते समय बाइक की रफ्तार अधिक होने के कारण वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में तीनों को गंभीर चोटें आईं। मौके पर पहुंची पीआरबी टीम के जवान धर्म प्रताप सिंह ने चालक की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख उन्हें मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि राम विजय के सिर में गंभीर चोट आई है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। थानाध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि घायलों को उचित इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है और विधिक कार्रवाई प्रचलन में है।

## सार-संक्षेप



पीड़ित परिवार से मिलकर घटना की जानकारी लेते स्वामी प्रसाद मौर्य ।अमृत विचार

### मृत अधिवक्ता के घर पहुंचे पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य

**सरकार पर लगाया भेदभाव बरतने का आरोप**

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य मंगलवार शाम मृतक अधिवक्ता महेंद्र कुमार मौर्य के घर पहुंचे। उन्होंने शोकसंतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और हरसंभव सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार पर पिछड़े, दलित एवं अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों के साथ भेदभाव का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में सरकार की चुप्पी बेहद चिंताजनक है और न्याय सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। स्वामी प्रसाद मौर्य लगभग डेढ़ घंटे तक मरुई कृष्णदासपुर गांव में रुके और स्थानीय लोगों से भी बातचीत की। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस प्रकरण को उच्च स्तर तक उठाया जाएगा ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

### शिविर में 114 मरीजों की जांच, 17 में मोतियाबिंद की पुष्टि



शिविर में चेकअप करती चिकित्सक।

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार :** स्वामी विवेकानंद शिक्षण संस्थान, हरीपुर में मंगलवार को प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को आयोजित होने वाले निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन सेवा भारती (आरएसएस) के जिला महामंत्री मनोज तिवारी एवं आयोजक अंबरीश मिश्र द्वारा सरस्वती पूजन के साथ किया गया। शिविर प्रभारी उमाशंकर मिश्र ने जानकारी दी कि इस अवसर पर कुल 114 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 17 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई है। मोतियाबिंद से पीड़ित सभी मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन मुंशीगंज अस्पताल में किया जाएगा। शिविर में शिवकुमार, अंतिम मिश्र, चंद्रमणि मिश्र, अंजनी उपाध्याय सिंटू, मोतीलाल, शिवम उपाध्याय, धीरज उपाध्याय एवं अनिल तिवारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रदेश स्तरीय टीटी प्रतियोगिता के लिए नैना का चयन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले की होनहार खिलाड़ी नैना सोनी का चयन प्रदेश स्तरीय महिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए मंडलीय टीम में किया गया है। यह ट्रायल डॉ. भीमराव अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, डाबा सेमर, अयोध्या में आयोजित किया गया, जिसमें जिले से पांच खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। टेबल टेनिस संघ के सचिव मो. सईद ने बताया कि नैना सोनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंडल स्तर पर स्थान हासिल किया, जबकि दूसरी खिलाड़ी बुशरा सत्तार को प्रतीक्षा सूची में शामिल किया गया है। यह मंडलीय टीम 13 व 14 जून को सिद्धार्थनगर में होने वाली प्रदेश स्तरीय महिला प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। इस उपलब्धि पर जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष कुमार विनीत, उपाध्यक्ष डॉ. रवि त्रिपाठी, प्रवीण मिश्रा, महेश यादव, मुनेन्द्र मिश्रा, विजय यादव, मुनेंद्र मिश्र सहित संघ के अन्य पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए नैना को शुभकामनाएं दीं।

### सिलिंडरों की जांच में कम मिली गैस

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** उपभोक्ताओं की शिकायत पर बाट-माप विभाग ने गैस एजेंसियों के डिलीवरी वाहनों की आकस्मिक जांच की गई। जिला बाट माप अधिकारी सुलभ दीक्षित के नेतृत्व में की गई जांच में कई एजेंसियों के सिलेंडरों में गैस की मात्रा कम पाई गई। सैफुल्लागंज स्थित राना गैस सर्विस के वाहन में 4 सिलिंडरों में 1.6 से 2.3 किलो तक गैस कम थी। डिलीवरी मैन इंद्रसेन यादव ने बताया कि वे गोदाम से सीधे ग्राहकों को सिलिंडर पहुंचाते हैं। इसी इलाके में सुलतानपुर गैस सर्विस के एक सिलेंडर में 1.3 किलो गैस कम मिली। बजरंग नगर स्थित हर्षित भारत गैस के सिलिंडरों में गैस की मात्रा सही थी, लेकिन वजन जांच के लिए जरूरी उपकरण नहीं होने पर चालान किया गया। तवक्कलपुर के सीएससी भारत गैस में अमानक तौल उपकरण मिलने पर कार्रवाई की गई।

### श्रद्धालुओं को वितरित किया गया प्रसाद

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के पांचवे व अंतिम मंगलवार के शुभ अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह हनुमान भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इसी क्रम में श्री हनुमंत लाल महाराज को समर्पित एक भव्य भंडारा रितेश त्रिपाठी के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा विभाग की शिक्षक टीम द्वारा आयोजित किया गया। आयोजन का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकार उपेंद्र गुप्ता द्वारा किया गया, जिन्होंने स्वयं उपस्थित रहकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

# श्रद्धालुओं की कार पेड़ से टकराई, 7 घायल

**5 की हालत गंभीर, सुलतानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर**

कूरेभार, सुलतानपुर



सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर किए गए घायल श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचारः** मंगलवार दोपहर अयोध्या-प्रयागराज हाइवे पर कूरेभार थाना क्षेत्र अंतर्गत दखिनवारा गांव के पास श्रद्धालुओं से भरी एक आर्टिका कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में सात लोग घायल हो गए, जिनमें पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी श्रद्धालु महाराष्ट्र के अहिल्ल्यानगर जनपद के निवासी हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अयोध्या दर्शन कर लौट रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टकराहट की आवाज सुनकर स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची एम्बुलेंस व ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे श्रद्धालुओं को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कूरेभार लाया गया। जहां डॉ. बी.के. गौतम की टीम ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। स्थिति गंभीर होने के चलते तीन महिला श्रद्धालुओं व दो पुरुष श्रद्धालुओं को सुलतानपुर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

कूरेभार एसओ रवींद्र सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में दुर्घटना का कारण ड्राइवर को नींद आना प्रतीत हो रहा है। डॉ. बीके गौतम ने बताया कि घायलों में दो बच्चे भी शामिल थे, जिन्हें मामूली चोटें आई हैं, जबकि बाकी पांच को गंभीर चोटें आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गंभीर रूप से घायल श्रद्धालु सोमनाथ अपने गांव के सरपंच हैं, वहीं उज्ज्वला नामक महिला समेत तीन अन्य महिलाएं भी गंभीर रूप से घायल हुई हैं। फिलहाल सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए सुलतानपुर रेफर किया गया है। उनकी पहचान की पुष्टि के प्रयास जारी हैं।

# संगीनों के साये में किया गया अधिवक्ता का अंतिम संस्कार

**गांव के पास ही बेटे ने दी मुखाग्नि कई थानों की पुलिस गांव में तैनात**

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के मरुई किशुनदासपुर में अधिवक्ता व सपा नेता महेंद्र मौर्या का मंगलवार को संगीनों के साए में अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके पुत्र अजय मौर्या ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार घर से 500 मीटर दूर बाग में किया गया।

रविवार की रात अधिवक्ता महेंद्र मौर्या की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई सीताराम मौर्या की शिकायत पर गांव के राजाराम मौर्या के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों के बीच जमीनी विवाद चल रहा था। इस मामले में निचली अदालत ने महेंद्र के पक्ष में फैसला दिया था। हालांकि, हाईकोर्ट ने राजाराम के पक्ष में फैसला सुनाया था। सोमवार शाम दो डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमॉर्टम किया। रिपोर्ट के अनुसार, गोली दाहिनी कनपटी से लगी और बाईं ओर से बाहर निकली। शव के पैतृक गांव पहुंचने पर परिजनों ने एसडीएम कादीपुर उत्तम कुमार तिवारी को मांग पत्र सौंपा। सपा से जुड़े होने के कारण पूर्व विधायक भगेलू राम और पार्टी के अन्य क्षेत्रीय नेता अंतिम संस्कार में शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए अखंडनगर, कादीपुर, दोस्तपुर, करौंदीकला, चांदा और बल्दीराय थाना के पुलिस अधिकारी मौके पर तैनात रहे। वहीं, इसी गांव में 3 जुलाई 2023 को किसान धर्मराज मौर्य (60) और राजभर बस्ती के विजय कुमार राजभर (45) को उनके खेतों के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वहीं, सीओ कादीपुर विनय गौतम ने बताया पुलिस की जांच जारी है। संदिग्धों से पूछताछ चल रही है। जल्द ही सफल अनावरण किया जाएगा।

# किशोरी को भगा ले गया युवक पुलिस ने किया बरामद

**6 घंटे बाद पुलिस ने दोनों परिवारों की सहमति के बाद थाने से छोड़ा**

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अपने ननिहाल आई किशोरी को देहात कोतवाली अंतर्गत जादीपुर ग्राम का एक युवक बहला फुसलाकर बीते सोमवार की शाम भगा ले गया था, जिसकी जानकारी परिजनों ने लंभुआ कोतवाली में सुबह दी।

परिजन ने तहरीर देते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को बताया कि उसकी नातिन को देहात कोतवाली अंतर्गत जादीपुर निवासी एक युवक बहला फुसलाकर बीती शाम भगा ले गया है, जिससे उसके साथ किसी अनहोनी की आशंका है। लंभुआ पुलिस ने तहरीर के आधार पर छानबीन शुरू की मिली जानकारी पर सक्रिय हुई पुलिस ने ताबड़तोड़ नाबालिक लड़की और युवक को बरामद कर लिया थाने लाकर करीब 6 घंटे तक बैठाये रखा। दोनों पक्षों के लोग थाने के आसपास दर्जनों की संख्या में जमा हो गए। वहीं मामले को दबाने के प्रयास का खेल शुरू हो गया। अंततः कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों पक्ष किसी कार्रवाई के लिए तैयार नहीं थे। इसलिए कोतवाली से मां-बाप की सहमति पर लड़की और युवक को छोड़ दिया गया है।

# राजकीय इंटर कॉलेज में समर कैंप 2025 का समापन

संवाददाता, सुलतानपुर



समर कैंप में योगाभ्यास करतीं छात्राएं। अमृत विचार

**कार्यक्रम में अभिभावकों, विद्यार्थियों व शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और साझा किए अनुभव**

**अमृत विचारः** राजकीय इंटर कॉलेज, सुलतानपुर में 20 मई से 10 जून तक आयोजित समर कैंप का समापन समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अभिभावकों, विद्यार्थियों व शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए।

इस कैंप में योग, प्राणायाम, खेलकूद, टेराकोटा, चित्रकला, नाटक, साइबर सुरक्षा, करियर गाइडेंस, डिजिटल टूल्स, किचन गार्डन, बैंकिंग और स्वास्थ्य शिक्षा जैसी विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। जिले के अधिकारियों, चिकित्सकों, स्काउट-गाइड, पुलिस और बैंक अधिकारियों ने छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और सामाजिक जागरूकता से जोड़ा। रचनात्मक लेखन, पोस्टर निर्माण, मूक अभिनय, कहानी लेखन जैसे प्रयासों ने छात्रों की अभिव्यक्ति क्षमता को निखारा। समापन समारोह में प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार तिवारी के नेतृत्व में राय साहब यादव सहित कई शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा।

### शिक्षक-अभिभावक बैठक के साथ समर कैंप संपन्न

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर :** राजकीय हाईस्कूल कनकपुर शिकवा, ऐंजर में मंगलवार को समर कैंप के समापन अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास, सांस्कृतिक गीत और नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन के साथ आयोजित शिक्षक-अभिभावक बैठक में अभिभावकों ने स्कूल की शिक्षण व्यवस्था और इस रचनात्मक पहल की सराहना की। प्रधानाध्यापक ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे आयोजन होते रहेंगे। कार्यक्रम प्रभारी सहायक अध्यापिका प्रीती यादव, प्रधानाध्यापक चारुल गुप्ता समेत अभिभावक एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## आस्था

**ज्येष्ठ के अंतिम मंगलवार पर भक्ति, सेवा और समर्पण का दिखा अद्भुत संगम, जगह-जगह भंडारे, शरबत वितरण और सुंदरकांड पाठ से गूंज उठा सुलतानपुर**

# कीजो केसरी के लाल, मेरा छोटा सा ये काम ...

सुलतानपुर टीम



विंदेश्वरीगंज में वितरित किया गया प्रसाद।



बिजेथुआ महावीरन धाम में हजारों लोगों ने किया हनुमान जी का दर्शन पूजन। अमृत विचार

**अमृत विचारः** ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को जनपद में श्रद्धा, भक्ति और सेवा का अद्भुत नजारा देखने को मिला। हनुमान मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, वहीं भव्य भंडारों, शीतल शरबत वितरण और सुंदरकांड पाठ से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। जिले के ऐतिहासिक व पौराणिक धर्मस्थली विजेथुआ महावीरन धाम में भोर से शुरू हुआ दर्शन पूजन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

सुलतानपुर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगलवार को भक्ति और सेवा का अनूठा समागम देखने को मिला। पयागीपुर, देहली बाजार, भदैया, गांधी नगर, और दोमुंहा चौराहे सहित दर्जनों स्थानों पर हनुमान भक्तों ने भव्य भंडारे, शरबत वितरण और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। दोमुंहा चौराहे पर आयोजित आदित्य सिंह के भंडारे में विशिष्ट अतिथि अशोक सिंह बिसेन एडवोकेट, मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संतोष पांडेय सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं वंशिका कन्फेक्शनरी, गांधी नगर पर स्व. सजन लाल कसौधन के पुत्र सेनजीत कसौधन द्वारा गन्ने के शरबत का वितरण कर श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप राहत प्रदान की गई। पारिजात धाम गेट पर अंकित श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रसाद वितरण किया गया। यहां अनिल सिंह समेत अन्य रहे। पयागीपुर चौराहे पर आयोजित सुंदरकांड पाठ और भंडारे में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। आयोजन में गिरीश मिश्रा, आलोक पाठक, चंदन सिंह, आशुतोष पाठक सहित अन्य लोग सक्रिय रहे। भदैंया में युवाओं और बच्चों ने मिलकर जलजीरा व रूह अफ़ज़ा शरबत वितरण किया। देहली बाजार, पारा चौराहा, ऋषिराज नगर सहित अन्य स्थानों पर भी शीतल जलपान शिविर लगाए गए।

**गोसाईगंज संवाददाता के अनुसारः** द्वारिकागंज चौकी इंचार्ज दिवेश त्रिवेदी, दरोगा कैलाश सिंह व स्टाफ ने भंडारे का आयोजन कर कन्याओं को भोजन कराया। मरियमपुर, लोलीगंज और उमरी तिराहे पर शरबत वितरण हुआ, जिसमें पत्रकार, व्यापारी और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पॉकेट हनुमान चालीसा भी वितरित की गई। जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

### विजेथुआ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, दर्शन करने को मची भगदड़

**सूरापुर :** क्षेत्र के प्रसिद्ध विजेथुआ महाबीरन धाम में मंगलवार तड़के से ही हनुमान भक्तों की भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई। चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के बावजूद भक्तों ने मकरी कुंड सरोवर में आस्था की डुबकी लगाकर पूजा सामग्री के साथ बाबा के दरबार में जयकारों के साथ हाजिरी लगाई। भक्तों की भीड़ बढ़ने पर मंदिर प्रशासन द्वारा केवल एक ही प्रवेश द्वार खोले जाने से अव्यवस्था फैल गई। श्रद्धालुओं में धक्का-मुक्की, कहासुनी और गहमागहमी का माहौल बन गया। लगभग साढ़े नौ बजे आक्रोशित भक्तों ने जबर्दस्ती सभी द्वार खुलवा दिए, जिससे व्यवस्था कुछ हद तक सामान्य हुई। भीड़ में जेबकतरों और मोबाइल चोरों की सक्रियता भी सामने आई। वहीं मेले में चाट, जलेबी, बिंदी-सिंदूर और चूड़ी कंगन की दुकानों पर खरीदारी करने वालों की भीड़ लगी रही। मेला क्षेत्र में संचालित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। सूरापुर बाजार में सुबह से ही भयंकर जाम की स्थिति बनी रही। चार पहिया और दो पहिया वाहनों की बेतरतीब पार्किंग के कारण मंदिर गेट तक आवाजाही बाधित रही। घंटों तक बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को धूप में फंसे रहना पड़ा, जिससे श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## एक नजर

### परिवर्तित मार्ग से चलेंगी दो विशेष ट्रेनें

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा बैतालपुर-गौरी बाजार खंड के अप लाइन पर इंजीनियरिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन निम्नवत किया जा रहा है। दरभंगा से 11 जून को चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग सीवान-थावे-कप्तानगंज-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलाई जाएगी। बरौनी से 11 जून को चलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग सीवान-थावे-कप्तानगंज-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलाई जाएगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### चोरी का मोबाइल फोन और नकदी बरामद

बाराबंकी, अमृत विचार : थाना टिकैतनगर पुलिस टीम ने मंगलवार को बीएनएस में वांछित दिलीप कुमार यादव को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक मोबाइल फोन, 200 रुपये नकद व घटना में प्रयुक्त एक साइकिल बरामद की गई।

### चाकू व देशी शराब के साथ शातिर गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : थाना जैदपुर पुलिस ने प्रवेश कुमार को गिरफ्तार कर उसके पास से चाकू, वहीं संजय कुमार को गिरफ्तार कर 10 लीटर देशी शराब बरामद की।

### चार जुआरी पकड़े गए

बाराबंकी, अमृत विचार : थाना जैदपुर पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे नूर आलम, जियाउर्रहमान, मो. शादिक व शब्बीर को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से ताश के 52 पत्ते व मालफड़ व 3,270 रुपये बरामद किये गये।

# विधानसभावार कैंप लगाकर वितरित करें ऋण : डीएम

## कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैंकिंग कार्यों की समीक्षा बैठक में शाखा प्रबंधकों को दिया निर्देश

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



2 बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.।

**अमृत विचार।** बैंकिंग कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता एवं सीडीओ बलराम सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

डीएम ने सभी शाखा प्रबन्धकों को आवेदनों को शतप्रतिशत स्वीकृति एवं विधानसभावार क्रेडिट कैंप लगाकर ऋण वितरण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि विभाग से समन्वय बनाकर कार्य करें साथ ही जिन बैंको में सीसीएल की पत्रावली लम्बित है लम्बित प्रकरणों को एक माह में पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। डीएम ने लीड बैंक अधिकारी एवं सभी शाखा प्रबन्धको को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के व्यापारियों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण स्वीकृत किया जाये। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी योजना के पात्र लाभार्थी को अनावश्यक परेशान न किया जाये। जिलाधिकारी ने लीड बैंक अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी बैंको को मासिक लक्ष्य निर्धारित कर ऋण वितरण करायें। केसीसी एवं फसल बीमा योजना में प्रगति बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक में अतिरिक्त पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, उपायुक्त उदयप्रकाश, लीड बैंक अधिकारी आरकेसिन्हा, जिला उद्यान अधिकारी नन्हे लाल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, समस्त बैंकों के शाखा प्रबन्धक एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर लगवायें सीसीटीवी कैमरे

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) एवं स्वास्थ्य विभाग से संबधित योजनाओं की समीक्षा बैठक डीएम डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता एवं सीडीओ बलराम सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने सभी विकास खण्डों में डिलीवरी प्वाइंट हेतु चिन्हित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को क्रियाशील कराने का निर्देश दिया। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व आयुष्मान आरोग्य मंदिर को क्रियाशील कराने का निर्देश दिया। जिन डाक्टरों की तैनाती हो गयी है वह प्रतिदिन ओपीडी करेंगे। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि चयनित डाक्टरों को कार्यशाला आयोजित कराकर उनको कार्य के बारे में जानकारी दिलायें। जिलाधिकारी ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया।

# 3 वर्ष से लंबित प्रकरणों का शीघ्र कराएं निस्तारण

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने तहसील बांसी का निरीक्षण किया। उन्होंने 3 वर्ष के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम उपजिलाधिकारी कोर्ट एवं तहसीलदार कोर्ट को देखा। उपजिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी न्यायिक, तहसीलदार, नायब तहसीलदार के कोर्ट में 05 वर्ष व 03 वर्ष से अधिक समय से लम्बित प्रकरणो की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने तहसीलदार कोर्ट में विभिन्न प्रकरणों के अधिकतर पत्रावलियों में प्रस्ताव पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये तहसीलदार बांसी का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार कोर्ट के पेशकार को 03 साल के लम्बित पत्रावलियों की लाइन लिस्टिंग करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न पटलों में पत्रावलियों का रखरखाव ठीक करने एवं तहसील परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था ठीक कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बांसी शशांक शेखर राय, तहसीलदार बांसी, नायब तहसीलदार व अन्य संबधित कर्मचारी उपस्थित थे।

# हत्या कर शव छिपाने में 3 पर केस

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**कार्रवाई**

- दो दिन पूर्व मिट्टी के नीचे दबे मिले युवक के शव का मामला
- उठा सवाल-मौत स्वाभाविक थी तो शव मिट्टी के नीचे कैसे पहुंचा

**अमृत विचार।** चालीस साल के राजेश कुमार की मौत स्वाभावित थी या फिर फिर उसकी मौत के पीछे उद्दंड होते जा रहे इलाकाई खनन माफिया हैं, अभी इसका खुलासा तो नहीं हुआ, मगर उसके भाई दीपक शर्मा की तहरीर पर पथरा पुलिस ने खनन के कार्य में लिप्त एक ट्रैक्टर चालक व दो अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा जरूर दर्ज कर लिया है।

राजेश कुमार शर्मा का शव रविवार तड़के रहस्यमय हालात में मिट्टी के नीचे दबा पाया गया था। मुकदमा सोमवार को दर्ज किया गया है। उसकी मौत से उसके पांच बच्चे अनाथ हो गये हैं। इधर पथरा थाने में इस घटना के बाद भी खनन माफिया के माथे पर शिकन तक नहीं है।

जानकारी के अनुसार, लौकियां गांव निवासी राजेश (40) पुत्र खजांची रविवार भोर में नित्यक्रिया के लिए घर से निकला था। कुछ घंटे बाद उसका शव गांव के बाहर निर्माणाधीन मकान में मिट्टी में दबा मिला था। शव को देखते ही यह सवाल खड़ा हो गया कि अगर उसकी मौत स्वाभाविक थी तो लाश मिट्टी के नीचे पहुंची कैसे, बाद में परिस्थितिजन्य साक्ष्यों और कुछ जानकारियों के आधार पर पता चला कि शव को छिपाने में खनन मफिया का हाथ था।

भाई दीपक शर्मा ने थाने में तहरीर देकर आरोपी ट्रैक्टर चालक चिन्नू पुत्र गया प्रसाद द्वारा आगे-पीछे करते समय ट्रैक्टर राजेश पर चढ़ गया था व घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो जाने का आरोप लगाया है। आरोप यह भी था कि घटना के बाद आरोपी ने ही शव को ले जाकर मिट्टी के नीचे छिपा दिया था। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा सरकार में महंगाई से लोग त्रस्त

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** बांसी तहसील क्षेत्र के सोनखर, भावपुर, एवं कोलुहवा गांव में मंगलवार को सपा ने पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक जनचौपाल कार्यक्रम आयोजित किया।

सपा के प्रदेश सदस्य कमाल अहमद खान ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, झूठे वादों से जनता त्रस्त है। सामाजिक न्याय के लिए जातीय जनगणना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार बनने पर समाज के सभी वर्गों का सम्मान सुनिश्चित होगा। इस दौरान सिद्धार्थ प्रजापति, सतीश कुमार, बृजेश प्रजापति, लाल बहादुर, सोनू विश्वकर्मा, राजमणि, अरबाज खान, मजार अली, रियाज़ खान आदि मौजूद रहे।

# दुकान में आग से पांच लाख की क्षति

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**हादसा**

- शार्ट सर्किट दुकान में लगी आग दो लाख की नकदी राख
- आग की लपटों ने बगल की दुकान को भी लिया चपेट में

**अमृत विचार।** गोल्हौरा चौराहा स्थित मिठाई की दुकान में आग लगने से दुकान ने रखा कम से कम 5 लाख का सामान जलने की सूचना है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना सोमवार देर रात की है।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के तिघराघाट निवासी राधेश्याम की चाय व मिष्ठान्न की दुकान गोल्हौरा चौराहे पर थाने के ठीक सामने है। प्रतिदिन की भांति सोमवार को भी वह रात लगभग 9 बजे दुकान बंद कर घर चले गए। उनका पुत्र विकास व दुकान पर काम करने वाला लड़का रात में दुकान के बाहर टिनशेड के नीचे सो गए। रात लगभग 11 बजे दोनों को कुछ जलने की गंध आई। जब दोनों ने दुकान का शटर उठाना चाहा तो पता चला कि शटर में करंट आ रहा है।

लकड़ी से दोनों ने मिलकर शटर उठाया तो देखा कि अंदर भीषण आग लगी थी। आग इतनी तेज थी कि इसमें दो फ्रिज, एक काउंटर, डीप फ्रीजर, इनवर्टर, कंप्यूटर कांटा और करीब तीन लाख की बनी मिठाई जलकर नष्ट चुकी थी। उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी और आग बुझाने में लग गए। आग इतनी तेज हो चुकी थीं कि वह बगल के दूसरी किराना की दुकान में पहुंच गई।

सूचना पाकर स्थानीय चौराहे के अन्य लोग भी इकट्ठा हो गए और आग बुझाने में लग गए कुछ देर में फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां भी मौके पर पहुंच गईं। फायर ब्रिगेड की टीम व ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि, तब तक दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया था।

दुकानदार राधेश्याम ने बताया कि लगभग पांच लाख रुपये का सामान व दो लाख की नकदी जली है। बगल में किराने के दुकानदार अरुण कुमार ने बताया कि उनका लगभग एक लाख रुपये का सामान आग की चपेट में आकर नष्ट हो गया है।

# बेटिकट यात्रियों से वसूला 7 लाख जुर्माना

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** बीती 01 से 08 जून तक विभिन्न स्टेशनों में चले विशेष जांच अभियान में रेलवे की टीमों ने 1062 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करते पकड़ा। बेटिकट यात्रियों से 7.41 लाख रुपये रेल राजस्व की वसूली गयी।

वरिष्ठ वाणिज्य प्रबन्धक के नेतृत्व में गोरखपुर से मनकापुर, गोरखपुर से बेल्थरा रोड, गोरखपुर से आनन्दनगर, गोरखपुर से गोण्डा तथा गोरखपुर से सीवान खंड में वाणिज्य विभाग द्वारा विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। इसमें अनधिकृत यात्रियों/बिना टिकट यात्रियों एवं पैन्ट्रीकार की जांच की गयी, जिसके फलस्वरूप कुल 1062 बिना टिकट/अनियमित/बिना बुक सामान के मामले पकड़े गये जिनसे 7,41,200 रुपये रेल राजस्व की वसूली की गयी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### 18 किलो रेल कॉपर वॉयर के साथ दो शातिर गिरफ्तार

गोरखपुर, अमृत विचार। आरपीएफ ने 08 जून को पूरनपुर स्टेशन पर खड़े कोचों के नीचे से कापर वायर को आरी ब्लेड से काटते हुए 02 शातिर अपराधियों को 18 किलोग्राम रेल कापर वायर के साथ गिरफ्तार किया। 09 जून को रेलवे सुरक्षा बल बलिया को गाड़ी संख्या 14015 के कोच संख्या एस-2 के बर्थ संख्या 71 पर 01नाबालिग बच्ची उम्र लगभग 05 वर्ष को लावारिस हालत में मिली, जिसे उसके परिजन को सुपुर्द किया गया। 8 जून को रेलवे सुरक्षा बल लखनऊ जं. द्वारा गाड़ी सं. 22454 के महिला कोच में यात्री का छूटा 01 बैग पोस्ट पर जमा किया गया, जिसे 09 जून5 को यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने के उपरांत उचित पहचान व सत्यापन के बाद सुपुर्द किया गया। 09 जून को रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर को गाड़ी सं. 05030 के जनरल कोच में महिला यात्री का छूटा 01 बैग मिला, जिसे पोस्ट पर जमा किया गया। महिला यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने के उपरांत उचित पहचान व सत्यापन के बाद बैग सुपुर्द किया गया। 09 जून को रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर को गाड़ी सं. 11124 के महिला कोच मे यात्री का छूटा 01 हैंड बैग मिला, जिसे सहजनवा स्टेशन पर जमा किया गया। महिला यात्री की पहचान व सत्यापन के बाद हैंडबैग सुपुर्द किया गया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# किशोरी से दुष्कर्म व धर्मांतरण कराने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**कुशीनगर, अमृत विचार:** किशोरी से दुष्कर्म व उसका धर्मांतरण कराने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना विशुनपुरा पर 09 जून को पीड़िता की मां ने इस बारे में तहरीर दी थी। एएसपी निवेश कटियार व सीओ तमकुहीराज के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि आरोपी मेराज, सेराज, मेरूद्दीन व हसीना खातून किशोरी को भगा ले गए थे। उसका धर्म परिवर्तन कराकर उसके साथ मेराज ने दुष्कर्म किया था। विशुनपुरा पुलिस टीम ने घटना का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# सिद्धार्थ विवि में शुरू होंगे 40 सर्टिफिकेट कोर्स

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** सिद्धार्थ विवि कपिलवस्तु में जल्द ही 40 प्रकार के ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स संचालित होंगे। इससे जिले के युवाओं को टेक्निकल कोर्स करने के लिए अन्य जगह नहीं जाना पड़ेगा।

युवाओं के कार्य कौशल को संवारने तथा पेशेवर योग्यता हासिल करने के लिए इस तरह के कोर्स का संचालन किया जाना है। लगभग सभी कोर्स की पढ़ाई ऑनलाइन माध्यम से होगी।

विश्वविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, डेटा एनालिटिक्स, डिजिटल मार्केटिंग, वेब डिजाइनिंग, वेब डेवलपमेंट, प्रोग्रामिंग लैंग्वेज जैसे जावा, पायथन, सीसी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, फाइनेंशियल एकाउंटिंग और टैली सहित कई कोर्स है, जो टेक्निकल होने के साथ जिले के लिए रोजगार के उपयुक्त हैं। इससे जिले के युवा आसानी से रोजगार प्राप्त कर पाएंगे। वहीं इन कोर्स को करके बड़ी-बड़ी कंपनियों में भी रोजगार का अवसर प्राप्त करेंगे। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जल्द ही सभी कोर्स के बारे में जानकारी दे दी जाएगी।

## सार-संक्षेप

### भाजपा कार्यालय के 4 वर्ष पूरे होने पर हुआ सुंदरकांड पाठ



भाजपा कार्यालय पर सुंदर कांड का पाठ करते पदाधिकारी। अमृत विचार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय के चौथे स्थापना दिवस पर जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान द्वारा पार्टी कार्यालय पर सुंदरकांड पाठ, हवन पूजन एवं भंडारा आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर लोगों को प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम में विधायक बांसी राजा जय प्रताप सिंह, वरिष्ठ आर्थो सर्जन डॉ. विमल द्विवेदी, अध्यक्ष प्रति. जिपं. उपेंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, घनश्याम मिश्रा, मुन्नी देवी, तेजू विश्वकर्मा जिला महामंत्री विपिन सिंह, मधुसूदन अग्रहरि, ब्लॉक प्रमुख प्रति. दशरथ चौधरी, चेयरमैन अजय गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, फतेबहादुर सिंह, बिंदुमती मिश्रा, अनीता जयसवाल, सुरेंद्र पांडे, अरविंद उपाध्याय, सचिदानंद चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष अमित उपाध्याय, फूलचंद जयसवाल, सच्चिदानंद, संतोष शुक्ला, नगर महामंत्री अनुराग गगन, मंगल चौरसिया, आशीष शुक्ला, जितेंद्र मिश्रा, डॉ. शरदेंदु त्रिपाठी, राजेश दूबे, पंडित सुनील बाबा, डॉ. अरविंद पाण्डेय एंव पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### देश-प्रदेश में मची त्राहि-त्राहि : उग्रसेन सिंह

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। समाजवादी पार्टी ने बूथों को मजबूत करने के उद्देश्य से 302 विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ में मंगलवार को पीडीए जन पंचायत और सेक्टर प्रभारियों की बैठक की। अध्यक्षता विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष हरिनारायण यादव ने की। पीडीए जन पंचायत को सम्बोधित करते हुए शोहरतगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी उग्रसेन सिंह ने कहा कि देश और प्रदेश में हर तरफ त्राहि-त्राहि मची हुई है। रोजी-रोजगार खत्म है, नौकरी के नाम पर पढ़ा-लिखा नौजवान ठगा जा रहा है। युवाओं में हताशा और निराशा है। पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक व शोषित समाज के साथ अन्याय हो रहा हैं। यही पीडीए समाज भाजपा को स्वत: उखाड़ फेंकेगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी, यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव खुर्शीद अहमद खान, छात्रसभा के जिला अध्यक्ष विष्णु उमर, एससी/एसटी के अध्यक्ष चन्द्रभान गौतम, जगदीश प्रधान, अबुल कलाम आजाद, सुनील यादव, विक्रम यादव, रामू यादव, बलिराम चौरसिया, किफायतुल्ला, गुड्डू सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### बहुत कुछ सिखाते हैं शैक्षिक भ्रमण: बीईओ

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। शैक्षिक भ्रमण बच्चों को भाषा विकास, पर्यावरण, नैतिक शिक्षा और सामाजिक जन-जीवन से जुड़े विभिन्न क्रियाकलापों की बेहतर सीख प्रदान करते हैं। सोमवार को सदर ब्लाक नौगढ़ के अन्तर्गत संचालित समर कैंप के बच्चों को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बसडिलिया का शैक्षिक भ्रमण कराने के पश्चात ये विचार खंड शिक्षा अधिकारी रामकुमार सिंह ने शिक्षकों और बच्चों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। शैक्षिक भ्रमण में शामिल विभिन्न विद्यालयों के बच्चों को डीसी अमित शुक्ला, आशीष मिश्रा, करुणापति त्रिपाठी तथा एसआरजी सदस्य अंशुमान सिंह ने औद्योगिक प्रशिक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण गतिविधियों से अवगत कराया। शैक्षिक भ्रमण में कंपोजिट स्कूल नौगढ़ एवं रेहरा आदि के बच्चों सहित सुमन त्रिपाठी, अरविंद गुप्ता, गीता चौरसिया, ओमप्रकाश पाल आदि मौजूद रहे।

### मैरिज रजिस्ट्रेशन के नियम में परिवर्तन

गोरखपुर, अमृत विचार। मैरिज रजिस्ट्रेशन के नाम पर हो रहे फर्जीवाड़े पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने मैरिज रजिस्ट्रेशन के नियम में 7 जून से बदलाव कर दिया है। सहायक महानिरीक्षक निबंधन संजय कुमार दुबे ने बताया कि मैरिज रजिस्ट्रेशन के नियम में बदलाव करते हुए सरकार ने दो प्रकार के नियम बनाए हैं एक अगर बिना परिवार की मर्जी की मैरिज रजिस्ट्रेशन हो रहा है तो उसके लिए पुरोहित की गवाही जरूरी है अगर परिवार की मर्जी से विवाह हो रहा है तो परिवार के एक सदस्य की गवाही जरूरी है इसके साथ ही नोटरी एफिडेविट और जन्मप्रमाण के लिए हाई स्कूल मार्कशीट, सीएमओ द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, नगर निगम नगर पंचायत द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर ही मैरिज रजिस्ट्रेशन होगा।

### नाबालिग से दुष्कर्म में एक को उम्रकैद

बाराबंकी, अमृत विचार : करीब दो साल पूर्व नाबालिग के साथ दुष्कर्म के प्रकरण में न्यायालय ने एक दोष सिद्ध को को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वहीं 21 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। थाना बदोसरांय पर दर्ज मुकदमे के अभियुक्त रमेश को विभिन्न धाराओं में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट संख्या- 44 ने दोषसिद्ध करार दिया। कोर्ट ने रमेश को आजीवन कारावास व 21,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। 5 अप्रैल 2023 को थाना बदोसरांय पर वादिनी द्वारा अभियुक्त रमेश पुत्र नकछेद के विरुद्ध नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में सूचना दी थी।

# ढोरही में बनेगा मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय

संवाददाता, कुशीनगर

**अमृत विचार :** पडरौना तहसील के ग्राम ढोरही में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय का निर्माण कराया जाएगा।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा एवं आयुक्त एवं सचिव अनु-15 (सीलिंग), राजस्व परिषद के पत्र के आलोक में अवगत कराया है कि मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के निर्माण के लिए ढोरही तहसील पडरौना में जो भूमि राजस्व अभिलेखों में सीलिंग श्रेणी के अन्तर्गत है, में से 2.900 हे. भूमि, जो सरकार द्वारा सीलिंग भूमि रूप में राज्य सरकार को निर्दिष्ट है।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि सीलिंग की उक्त भूमि बेसिक शिक्षा विभाग के निवर्तन रखी जायेगी। बेसिक शिक्षा विभाग, द्वारा ग्राम ढोरही में भूमि को मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण हेतु उपयोग किया जाएगा। प्रश्नगत भूमि का उपयोग केवल निर्धारित प्रयोजन हेतु ही किया जाये निर्धारित प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन हेतु भूमि का उपयोग कदापि नहीं कि जायेगा। किसी भी शर्त के उल्लंघन की दशा में राजस्व विभाग को भूमि वापस लेने का पूर्ण अधिकार होगा।

# बीडीओ ने गांवों का किया निरीक्षण

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने लोहटी जई और चौकाघाट स्टेशन स्थित बाढ़ राहत चौकियों का निरीक्षण किया। चौकियों में हैंडपंप, रसोईघर और सामुदायिक शौचालय की व्यवस्था की जांच की। बीडीओ ने तपेसिपाह और सिसौडा ग्राम पंचायत के जैन पुरवा, कोरिन पुरवा, दुर्गापुर, बुधई पुरवा, परसादी पुरवा और बहलोलपुर का दौरा किया। ग्राम प्रधान राजेश शुक्ला और सुशील यादव से स्थिति की जानकारी ली। बाढ़ के दौरान उपयोग की जाने वाली नावों की स्थिति की समीक्षा कर खराब नावों की मरम्मत के आदेश दिए।

# समस्याओं का समाधान प्राथमिकता

**जनता दर्शन**

संवाददाता, कुशीनगर



जनसुनवाई करते जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सोमवार को जनता दर्शन में आए जन समस्याओं को जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तवंर ने गम्भीरता से सुना। जन समस्याए सुनने के दौरान उन्होने सम्बन्धित अधिकारियां को दूरभाष व सीधे तौर पर निर्देशित भी करते रहे।


उन्होने कहा कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। उनका निस्तारण शीघ्रता से सुनिश्चित किया जाए। जनता की समस्याओं का समाधान करना शासन की प्राथमिकता है।

उन्होने कहा कि जनता दर्शन में आए प्रार्थियों की समस्या का समाधान करने हेतु हम सभी दृढ़ संकल्पित है। उन्होने विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में संवेदनशीलता का परिचय देते हुए पीड़ितों के साथ संवेदनशील व्यवहार करे। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम राय, प्रशासनिक अधिकारी राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**कार्यकर्ता सम्मेलन** — आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

# घर-घर सिंदूर अभियान सस्ता राजनीतिक स्टंट

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



सम्मेलन को संबोधित करते आप सांसद संजय सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर के एक मैरिज हॉल में मंगलवार को आयोजित आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने केंद्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकारों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कश्मीर मुद्दे को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सीजफायर के नाम पर पीएम ने पीओके और बलूचिस्तान को लेकर ऐतिहासिक मौका गंवा दिया। सम्मेलन में सांसद संजय सिंह ने आप नेताओं को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया।

संजय सिंह ने भाजपा के 'घर-घर सिंदूर' अभियान को सस्ता राजनीतिक स्टंट बताया। संजय सिंह ने यूपी की योगी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि राज्य में पेपर लीक और भर्ती घोटालों ने लाखों युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने हाल ही में शिक्षकों की भर्ती से जुड़े ट्वीट और उसके बाद अचानक डिलीट किए जाने पर तंज कसते हुए कहा कि सरकार गजनी मोड में है। आप सांसद ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना में 6239 फर्जी मरीजों के नाम पर 39 निजी अस्पतालों को करीब 10 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। उन्होंने इस घोटाले में दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग की। इस दौरान पूर्व विधायक दिलीप पांडे, विधायक अनिल झा, नि. प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह, अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल, बौद्ध प्रांत अध्यक्ष इमरान लतीफ, बाराबंकी जिला अध्यक्ष जुगराज सिंह नि. प्रदेश महासचिव दिनेश पटेल, नीलम यादव, बीएन खरे आदि मौजूद रहे।

# घोषीपुर में पेयजल के लिए मचा हाहाकार

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** महानगर के इलाहीबाग वार्ड में मुहल्ला घोषीपुर में बीते कई दिनों से जलापूर्ति ठप है। इसके कारण जनता में पानी के लिए त्राहिमाम मचा हुआ है। महानगर को नगर निगम की जलकल जल निगम विभाग की जिम्मेदारी होती है कि जलापूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से हो। ऐसे में पूर्व पार्षद मोहम्मद अख्तर ने बताया कि जलापूर्ति ठप होने की सूचना विभाग के जिम्मेदारों को दे दी गयी है।

मालूम हो कि इलाहीवाग वार्ड के घोषीपुर में स्थित ट्यूबवेल की गड़बड़ी से जलापूर्ति ठप है जिसके नाते वहां की जनमानस पानी के वास्ते परेशान हो गया है। इस बाबत मुहल्ले की नूरसभा, रिजवाना अरशद खान, वाजिद अली वारिस, कुरैशी इल्तिजा हुसैन ने बताया कि घोषीपुर इमामबाडा के आस-पास व जिम के पीछे बकरीद के दिन से ही पानी नहीं आ रहा है। मजे की बात यह है कि घोषीपुर के समीप दाउदचक के ट्यूबवेल में भी गड़बड़ी आ गई है। इसके कारण जलापूर्ति पूर्ण रूप से नहीं हो पा रही है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग का ध्यान इस समस्या की ओर आकृष्ट कराया है।

## एक नजर

### सेबी ने एनएसई को-लोकेशन मामले में नोटिस भेजा

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने शेयर ब्रोकर ओपीजी सिक्योरिटीज और उसके निदेशकों को नोटिस भेजकर एनएसई को-लोकेशन मामले में शेयर बाजार के सर्वर तक अनुचित पहुंच के मामले में 5.35 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा है। सेबी ने 15 दिनों के भीतर भुगतान करने में नाकाम रहने पर इनकी संपत्ति के साथ बैंक खातों को भी कुर्क करने की चेतावनी दी है।

### कॉरपोरेट इंडिया का नियुक्ति परिदृश्य जुलाई-सितंबर में स्थिर

**नई दिल्ली।** भारत में कॉरपोरेट क्षेत्र में अगले तीन महीनों के लिए भर्ती परिदृश्य स्थिर है। इसे निजी सेवा क्षेत्र में मजबूत वृद्धि और वैश्विक व्यापार में बदलाव से होने वाले आर्थिक लाभ से समर्थन मिलेगा। मैनपावरग्रुप के ताजा रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

# दावा रहित राशि की वापसी प्रक्रिया में लाएं तेजी

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एफएसडीसी की बैठक में बैंकों और विभिन्न वित्तीय संस्थानों को दिए निर्देश

**मुंबई, एजेंसी**

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को विनियामकों और विभागों से दावा न किए गए जमा को सही मालिकों को वापस करने और केवाईसी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने को कहा। सीतारमण ने वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) की 29वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आम नागरिकों के हितों को ध्यान में रखा जाना चाहिए और सही दावेदारों के दावों पर तेजी से कदम उठाया जाना चाहिए।

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वित्त मंत्री ने परिषद से सक्रिय कदम उठाने का आह्वान किया ताकि नागरिकों को वित्तीय क्षेत्र में केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में सहज अनुभव मिल सके। इस दौरान भारतीय प्रतिभूति बाजार में भारतीय मूल के लोगों समेत अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) के लिए डिजिटल रूप से जोड़े जाने सहित केवाईसी प्रक्रिया के सामान्य मानदंडों, सरलीकरण और डिजिटलीकरण की जरूरत पर जोर दिया गया। सीतारमण ने नियामकों और विभागों से जिला स्तर पर विशेष शिविर लगाकर दावा न किए गए धन को उसके सही मालिकों को लौटाने की प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया। यह अभियान आरबीआई, सेबी, एमसीए, पीएफआरडीए और आईआरडीए के साथ-साथ बैंकों, पेंशन एजेंसियों, बीमा कंपनियों के साथ तालमेल में चलाया जाना है। दावा न किए गए धन में बैंकों में जमा राशि के साथ ही दावा न किए गए शेयर एवं लाभांश और दावा न किए गए बीमा एवं पेंशन कोष शामिल हैं। आरबीआई की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च 2024 के अंत तक बैंकों में दावा न की गई जमा राशि 26 प्रतिशत बढ़कर 78,213 करोड़ रुपये हो गई थी। एफएसडीसी ने वृहद वित्तीय स्थिरता से संबंधित मुद्दों और उनसे निपटने के लिए भारत की तैयारियों पर चर्चा की। परिषद ने घरेलू और वैश्विक वृहद वित्तीय स्थिति से उभरते रुझानों पर विचार-विमर्श किया और सतर्क रहने की जरूरत पर बल दिया।



मुंबई में वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद की 29वीं बैठक को संबोधित करती निर्मला सीतारमण।

### बैठक में आरबीआई गवर्नर सेबी के प्रमुख रहे उपस्थित

एफएसडीसी ने पिछले निर्णयों और बजट घोषणाओं को लागू करने के लिए रणनीति तैयार करने से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की। इस बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा के अलावा बाजार नियामक सेबी के प्रमुख तुहिन कांत पांडेय, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण के अध्यक्ष के. राजारमण और भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव अजय सेठ, आर्थिक मामलों के विभाग की मनोनीत सचिव अनुराधा ठाकुर, वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू, कॉरपोरेट मामलों की सचिव दीप्ति गौर मुखर्जी व अन्य अधिकारी शामिल हुए।

# विश्व बैंक ने भारत की वृद्धि दर को 6.3 प्रतिशत पर रखा बरकरार

**वाशिंगटन, एजेंसी**


- कहा-दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा भारत

विश्व बैंक ने मंगलवार को वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण निर्यात पर बने दबाव के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 6.3 प्रतिशत पर बरकरार रखा। इसके साथ ही भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। विश्व बैंक ने अप्रैल में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था, जो जनवरी में 6.7 % था।

विश्व बैंक की ताजा वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट के अनुसार बढ़े हुए व्यापार तनाव और नीति अनिश्चितता के चलते इस साल वैश्विक वृद्धि में गिरावट आने की आशंका है, जो 2008 के बाद से सबसे धीमी गति हो सकती है। वैश्विक वृद्धि के 2025 में 2.3 प्रतिशत तक धीमा करने का अनुमान लगाया गया है। इस उथल-पुथल के कारण सभी क्षेत्रों और आय समूहों में 70 प्रतिशत अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि पूर्वानुमान में कटौती की गई है। इसमें भारत के बारे में कहा गया है कि 2024-25 में वृद्धि धीमी हो गई, जो आंशिक रूप से औद्योगिक उत्पादन वृद्धि में नरमी को दर्शाती है। हालांकि, निर्माण और सेवा गतिविधियों में वृद्धि स्थिर रही और ग्रामीण क्षेत्रों में लचीली मांग के कारण कृषि उत्पादन में सुधार हुआ है। भारत के 2025-26 में 6.3 प्रतिशत की दर से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने का अनुमान है। विश्व बैंक ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में वृद्धि के पूर्वानुमान को जनवरी के अनुमानों की तुलना में 0.4 प्रतिशत घटा दिया गया है, क्योंकि प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में कमजोर गतिविधि और बढ़ती वैश्विक व्यापार बाधाओं के कारण निर्यात में कमी आई है।

# देश में बिजली की कमी बिल्कुल भी नहीं : मनोहर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- केंद्रीय बिजली मंत्री ने कहा- भारत ऊर्जा अधिशेष देश के रूप में उभर रहा

केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को कहा कि पिछले दो महीनों के दौरान देश में बिजली की कोई कमी नहीं हुई और भारत ऊर्जा अधिशेष राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। मंत्री ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में बिजली की कमी 0.1 प्रतिशत रही।

उन्होंने कहा कि चूंकि बिजली की मांग मौसम पर निर्भर करती है, इसलिए इस गर्मी के मौसम में भारत की बिजली की अधिकतम मांग 241 गीगावाट (नौ जून को) को छू गई, जबकि पिछले साल 30 मई, 2025 को बिजली की अधिकतम मांग 250 गीगावाट के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर थी। मनोहर लाल ने यह भी कहा कि इस गर्मी के मौसम में बिजली की अधिकतम मांग 270 गीगावाट को छू सकती है।

## भारत में डिजिटल भुगतान क्रांति ने दुनिया का ध्यान खींचा: सरकार

**नई दिल्ली।** भारत में डिजिटल भुगतान तेजी से बढ़ रहा है और लेन-देन की इस क्रांति ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार के 11 साल पूरे होने पर जारी एक पुस्तिका में कहा गया है कि भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों से जुड़ गई है।

- मार्च 2025 में 24.77 लाख करोड़ के 1,830.151 करोड़ यूपीआई लेनदेन किए गए

इसमें कहा गया, भारत में डिजिटल भुगतान क्रांति ने दुनिया भर का ध्यान खींचा है। मार्च 2025 में, यूपीआई पर लगभग 24.77 लाख करोड़ रुपये के 1,830.151 करोड़ यूपीआई लेनदेन किए गए। यूपीआई प्रणाली का उपयोग अब करीब 46 करोड़ व्यक्ति और 6.5 करोड़ व्यापारी करते हैं। छोटे से छोटे लेनदेन के लिए भी डिजिटल भुगतान किया जा रहा है, जिसमें से 50% को छोटे या अत्यधिक छोटे भुगतान के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

## राज्यों की समग्र रैंकिंग में महाराष्ट्र अव्वल बिहार 17वें स्थान पर

**कोलकाता।** भारत के बड़े राज्यों के लिए जारी वर्ष 2025 की केअरएज की समग्र रैंकिंग में महाराष्ट्र पहले स्थान पर रहा जबकि पश्चिम बंगाल 13वें स्थान पर है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी केअरएज ने कहा कि बड़े राज्यों में से महाराष्ट्र शीर्ष रैंकिंग पर रहा जबकि गुजरात को दूसरा, कर्नाटक को तीसरा, तेलंगाना को चौथा और तमिलनाडु को पांचवां स्थान मिला। केअरएज राज्य रैंकिंग को सात प्रमुख बिंदुओं को समाहित कर जारी किया जाता है। इसमें आर्थिक, राजकोषीय, बुनियादी ढांचा, वित्तीय विकास, सामाजिक, शासन और पर्यावरण के पहलू शामिल हैं।

# ईएफटीए व्यापार समझौता साझेदारी में लाएंगे स्थिरता : गोयल

**बर्न (स्विट्जरलैंड), एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत और चार देशों के यूरोपीय संघ ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों क्षेत्रों में कारोबार में स्थिरता तथा भरोसा लाएगा। उन्होंने कहा कि भारत जहां विशाल बाजार और कुशल पेशेवर उपलब्ध कराता है, वहीं स्विट्जरलैंड में उन्नत विनिर्माण क्षमताएं हैं।

दोनों पक्षों ने 10 मार्च 2024 को व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए थे। समझौते के तहत, भारत को समूह से 15 वर्ष में 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है, जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट्स और तराशे गए हीरों जैसे कई उत्पादों को कम या शून्य शुल्क पर अनुमति दी गई है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लिश्टेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। गोयल ने यहां दोनों क्षेत्रों के कारोबारियों को संबोधित करते हुए कहा, यह समझौता साझेदारी में स्थिरता, पूर्वानुमेयता और निरंतरता प्रदान करेगा।



- उद्योग मंत्री ने कहा- भारत विशाल बाजार और कुशल पेशेवर कराता है उपलब्ध

### स्विट्जरलैंड की कंपनियों को निवेश के लिए किया आमंत्रित

**बर्न।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को भारत में स्विट्जरलैंड की कंपनियों के लिए समर्पित क्षेत्र विकसित करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने स्विट्जरलैंड की कंपनियों को भारत में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया और कहा कि भारत उनके लिए बहुत सारे अवसर प्रदान करता है। गोयल ने भारत और स्विट्जरलैंड के उद्योग प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा, हम स्विट्जलैंड की कंपनियों के लिए एक समर्पित 'स्विस क्षेत्र' (एनक्लेव) भी बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्विट्जरलैंड के नागरिकों के लिए खासतौर से बने रेस्तरां, होटल, स्कूल और कॉलेज हो सकते हैं।



# रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता पर जोर : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा- सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में देश में आए महत्वपूर्ण बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं और रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण तथा आत्मनिर्भरता दोनों पर स्पष्ट रूप से ध्यान केन्द्रित किया गया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, पिछले 11 वर्ष में हमारे रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं तथा रक्षा उत्पादन के मामले में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भर बनने पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है। यह देखकर खुशी होती है कि कैसे भारत के लोग देश को मजबूत बनाने के संकल्प के प्रति एकजुट हुए हैं।

प्रधानमंत्री पद पर मंगलवार को 11 वर्ष पूरे होने पर मोदी ने सरकार के नागरिक सहभागिता मंच से एक 'थ्रेड' साझा किया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में हुए बदलावों पर प्रकाश डाला गया। इसमें कहा गया है कि मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में मात्र 11 वर्षों में भारत की रक्षा क्षमताओं में क्रांतिकारी बदलाव आया है, रणनीतिक वैश्विक साझेदारियां प्रगाढ़ हुई हैं तथा अंतरिक्ष अन्वेषण में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की गई हैं। इस वीडियो में कहा गया कि 'आत्मनिर्भर भारत' के उनके संकल्प से प्रेरित राष्ट्र ने आत्मनिर्भर नवाचार को अपनाया है और व्यापार एवं प्रौद्योगिकी में अपने प्रभाव को बढ़ाया है। इसमें कहा गया है कि 'इंडियाज राइज इन 11 इयर्सः पावर, पार्टनरशिप एंड प्रोग्रेस' में विभिन्न क्षेत्रों में सरकार की पहलों और उसके बाद हुए परिवर्तनों का उल्लेख किया गया है।



सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य शशि थरूर से मिलते प्रधानमंत्री मोदी।

### सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मिले मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के मजबूत रुख से अवगत कराने के लिए विश्व की राजधानियों की यात्रा पर गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मंगलवार शाम मुलाकात की। सदस्यों ने प्रधानमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा किए। केंद्र सरकार पहले ही 50 से अधिक व्यक्तियों वाले सात प्रतिनिधिमंडलों के कार्य की प्रशंसा कर चुकी है, जिनमें अधिकतर वर्तमान सांसद हैं। पूर्व सांसद और पूर्व राजनयिक भी इन प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा थे, जिन्होंने 33 विदेशी राजधानियों और यूरोपीय संघ का दौरा किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही प्रतिनिधिमंडलों से मिल चुके हैं और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख को व्यक्त करने में उनके प्रयासों की सराहना कर चुके हैं। चार प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व सत्तारूढ़ गठबंधन के सांसदों ने किया, जिनमें भाजपा के दो, जद (यू) के एक और शिवसेना के एक सांसद शामिल थे, जबकि तीन का नेतृत्व विपक्षी सांसदों ने किया जिनमें कांग्रेस, द्रमुक और राकांपा (एसपी) के एक-एक सांसद शामिल थे। भाजपा के रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, कांग्रेस के शशि थरूर, जद (यू) के संजय झा, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे, द्रमुक की कनिमोई और राकांपा (एसपी) की सुप्रिया सुले ने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में अपने-अपने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

## सरकार के 11 साल पर नमो सर्वे को एक दिन में मिलीं 5 लाख प्रतिक्रियाएं

**नई दिल्ली।** केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में विभिन्न मुद्दों पर लोगों की प्रतिक्रिया जानने के लिए नमो ऐप पर शुरू किए गए सर्वेक्षण में एक दिन में पांच लाख से अधिक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 77 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने सर्वेक्षण पूरा कर लिया है। ये इस राष्ट्रीय संवाद में योगदान देने के लिए उच्च स्तर की सहभागिता और रुचि को दर्शाता है। सबसे अधिक प्रतिक्रियाएं यूपी से प्राप्त हुईं, उसके बाद महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात और हरियाणा का स्थान है। भारत के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य यूपी से 1,41,150 से अधिक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं, महाराष्ट्र से 65,775, तमिलनाडु से 62,580 व अन्य राज्यों से प्रतिक्रियाएं मिलीं।

# राजस्थान में पिकनिक मनाने गए आठ युवक नदी में डूबे

**जयपुर, एजेंसी**

- जयपुर से 11 युवक पिकनिक मनाने टोंक की बनास नदी पहुंचे थे

राजस्थान के टोंक जिले में आठ युवकों की मंगलवार को बनास नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। टोंक के जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि जयपुर से 11 युवक पिकनिक मनाने टोंक की बनास नदी के पास पहुंचे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया और आठ युवक डूब गए। इन सभी युवकों की उम्र 25 से 30 साल के बीच थी। हादसा बनास नदी पुराने पुल के पास कच्चा बंधा के समीप हुआ।

उन्होंने बताया कि तीन युवकों को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित निकाल लिया गया। एक अधिकारी के अनुसार ये जयपुर के हसनपुरा इलाके के रहने वाले थे। उनके परिजनों से संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी यह पता लगाया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ। उन्होंने बताया कि तीन युवकों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर शोक जताया और अधिकारियों को त्वरित रूप से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, टोंक जिले में स्थित बनास नदी में युवकों की डूबने से हुई मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन के अधिकारियों को त्वरित रूप से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जोखिम भरा सफर



मुंबई में मंगलवार को भीड़भाड़ से भरी ट्रेनों में यात्रा करते लोग। एक दिन पहले ठाणे के पास भीड़भाड़ वाली दो लोकल ट्रेन से गिरकर एक जीआरपी कांस्टेबल सहित चार यात्रियों की मौत हो गई थी, नौ घायल हो गए थे। एजेंसी

## एक नजर

### मप्र : आपात स्थिति में उतारा प्रशिक्षण विमान

**खजुराहो।** एक निजी उड़ान अकादमी के एक प्रशिक्षण विमान को मंगलवार को मध्यप्रदेश में खजुराहो हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विमान का पायलट और प्रशिक्षु पायलट दोनों सुरक्षित हैं। खजुराहो हवाई अड्डे के निदेशक संतोष सिंह ने कहा कि पायलट ने हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) को सूचित किया कि प्रशिक्षण उड़ान के दौरान उड़ान भरने के बाद विमान का पिछला एक पहिया नहीं खुल रहा था।

### गैर-वकीलों के सफेद कमीज व काली पैंट पहनने पर प्रतिबंध

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम जिला बार एसोसिएशन ने एक प्रस्ताव पारित कर गैर-वकीलों के अदालत परिसर में सफेद कमीज और काली पैंट पहनने पर प्रतिबंध लगाया है। एक वरिष्ठ सदस्य ने कहा कि पेशे से जुड़े पोशाक अब केवल पंजीकृत वकीलों और अधिकृत विधि प्रशिक्षुओं के लिए आरक्षित है। यह अक्सर देखा गया है कि गैर-अधिवक्ता या गैर-मान्यता प्राप्त विधि प्रशिक्षु जिला न्यायालय परिसर में सफेद कमीज और काली पैंट पहनते हैं।

## दिल्ली में कोरोना से संक्रमित 90 वर्षीय महिला की मौत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई 90 वर्षीय एक महिला की मृत्यु हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में एक जनवरी से अब तक कोरोना वायरस से संक्रमित आठ लोगों की मौत हो चुकी है। नब्बे वर्षीय महिला को अन्य बीमारियां भी थीं। इसमें कहा गया है कि मौत का प्राथमिक कारण अन्य सह-रुग्णताएं हैं और कोरोना वायरस का पता लगना आकस्मिक है। दिल्ली में कोरोना वायरस के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 691 है। पूरे भारत में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 6,815 है। पिछले 24 घंटों में देशभर में कोविड-19 से तीन मौतें हुई हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, केरल सबसे अधिक प्रभावित राज्य बना हुआ है।

# संजय भंडारी से जुड़े मामले में ईडी के समन पर पेश नहीं हुए रॉबर्ट वाड्रा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ब्रिटेन में रह रहे कथित हथियार कारोबारी संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समन पर मंगलवार को पेश नहीं हुए। सूत्रों ने बताया कि वाड्रा ने मंगलवार के समन पर स्थगन मांगा था और अब उन्हें नयी तारीख दी जाएगी।

ईडी पीएमएलए के तहत वाड्रा का बयान दर्ज करना चाहता है और उसके बाद अदालत में उनके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल करना चाहता है। संघीय जांच एजेंसी ने हरियाणा में 2008 के भूमि सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े एक अलग धन शोधन मामले में रॉबर्ट वाड्रा (56) से अप्रैल में लगातार तीन दिन तक पूछताछ की थी। वर्ष 2016 में आयकर विभाग द्वारा दिल्ली में छापेमारी के तुरंत बाद भंडारी (63) लंदन भाग गया था। ब्रिटेन की एक कोर्ट ने इस महीने की शुरुआत में प्रत्यर्पण मामले में भंडारी को आरोप मुक्त किए जाने के खिलाफ ब्रिटेन के सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की अनुमति के लिएभारत सरकार द्वारा दायर अर्जी को अस्वीकार कर दिया था।

- हथियार कारोबारी से जुड़े धन शोधन मामले में की जानी थी पूछताछ

# बेंगलुरु भगदड़ : हाईकोर्ट ने आरसीबी के अधिकारी को नहीं दी अंतरिम राहत

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक हाईकोर्ट ने चार जून को यहां स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने और उसमें 11 लोगों की मौत के मामले में आरसीबी के विपणन प्रमुख निखिल सोसले को किसी प्रकार की अंतरिम राहत देने से मंगलवार को इनकार कर दिया। कोर्ट ने सोसले की याचिका पर आदेश 11 जून तक सुरक्षित रखा।

सोसले को केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने छह जून को बेंगलुरु के केंपेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया था, जब वह दुबई जाने वाला था। सोसले ने अपनी याचिका में 6 जून को तड़के उन्हें गिरफ्तार किए जाने की वैधता पर सवाल उठाया था और आरोप लगाया था कि पुलिस की कार्रवाई राजनीतिक निर्देशों से प्रभावित है।

### कोर्ट ने सुनवाई के लिए 12 जून की तारीख तय की

**बेंगलुरु।** हाईकोर्ट ने यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम में चार जून को मची भगदड़ की घटना संबंधी याचिका पर मंगलवार को अगली सुनवाई के लिए 12 जून की तारीख तय की। पिछले सप्ताह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल में पहली जीत के उपलक्ष्य में जश्न मनाने के दौरान मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। अदालत ने मंगलवार को महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी को सीलबंद लिफाफे में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया।

## सरकार पड़ोसी देशों से सार्थक संवाद के लिए अनुकूल माहौल बनाने में विफल रही: पवार

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार की विदेश नीति की आलोचना करते हुए कहा कि यह सरकार पड़ोसी देशों के साथ सार्थक संवाद के लिए अनुकूल माहौल बनाने में विफल रही है। पुणे में पार्टी के 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल के दौरान भारत के अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध थे। उन्होंने कहा, पार्टी ने कभी भी राष्ट्रीय हित से जुड़े मुद्दों का राजनीतिकरण नहीं किया। पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद, जिसमें कुछ नागरिक मारे गए थे, हमने सरकार की आलोचना नहीं करने का फैसला किया।

# मोदी को खरगे का पत्र, लोकसभा उपाध्यक्ष के चुनाव का किया आग्रह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि बिना किसी विलंब के लोकसभा उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू की जाए। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खरगे ने इस बात पर चिंता जताई कि पिछली लोकसभा में कोई उपाध्यक्ष नहीं था और वर्तमान लोकसभा में भी कोई उपाध्यक्ष नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक राजनीति के लिए अच्छा संकेत नहीं है और यह संविधान के निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन भी है।



- कहा- बिना किसी विलंब के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो

आखिरी बार 16वीं लोकसभा में अन्नाद्रमुक के नेता एम. थंबीदुरई को उपाध्यक्ष चुना गया था। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में खरगे ने कहा, मैं लोकसभा में उपाध्यक्ष की रिक्ति से जुड़े अत्यधिक चिंताजनक मामले को आपके ध्यान में लाने के लिए लिख रहा हूं।



लंदन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की पूर्व संध्या पर अभ्यास सत्र के दौरान ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ। ● एजेंसी

# दक्षिण अफ्रीका को तोड़ना होगा आस्ट्रेलियाई तिलिस्म

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप आज से : दोनों टीमों के बीच में होगी रोमांचक भिड़ंत, आस्ट्रेलिया का रहा शानदार प्रदर्शन

लंदन, एजेंसी

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में दक्षिण अफ्रीकी टीम 2023-2025 का खिताब जीतने के लिए बुधवार से शुरू होने वाले फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी। वहीं ऑस्ट्रेलिया का अजेय प्रदर्शन उसे खिताब का प्रबल दावेदार बनाता है। इसे देखते हुए दोनों टीमों के बीच रोमांचक भिड़ंत होने की उम्मीद है।

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने डब्ल्यूटीसी में 2019-2021 में पांचवें और 2021-2023 में तीसरे स्थान पर रहने के बाद इस बार फाइनल में अपनी जगह बनायी है। टेस्ट क्रिकेट की दो सबसे बेहतरीन फॉर्म में चल रही टीमों के बीच कल से शुरु होने वाला फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है। दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार पांच टेस्ट जीतने के बाद लंदन पहुंची है, जिसमें इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान पर 10 विकेट से मिली शानदार जीत भी शामिल है। तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया की अनुपस्थिति के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के पास तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा, मार्को जेनसन और स्पिनर केशव महाराज की अगुआई में एक मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। वहीं बल्लेबाजी क्रम की बात की जाये तो कप्तान टेम्बा बावुमा ने पूरे मैचों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड बेडिंघम और रयान रिकेल्टन का इंग्लिश परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन रहा।



दक्षिण अफ्रीका के डेविड बेडिंघम (बाएं) और मुख्य कोच शुकरी कॉनराड लॉर्ड्स में पिच का निरीक्षण करते हुए। ● एजेंसी

संभावित एकादश ट्रिस्टन स्टब्स जैसे युवा और वियान मुल्डर जैसे ऑलराउंडर भी शामिल हैं, जोकि टीम के बेहतर संतुलन को दिखाता हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया पिछले छह टेस्ट में अजेय रहने के कारण खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम अनुभव और गहराई से भरपूर है। कमिंस, मिशेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी को ऑफ स्पिनर नाथन लियोन और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर संजयोजन किसी भी विपक्षी टीम पर भारी पड़ सकता है। अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर स्थित अनुभवी उस्मान ख्वाजा और स्टीव स्मिथ बल्लेबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि ट्रैविस हेड और मार्नस लैबुशेन मध्यक्रम को मजबूती प्रदान करते हैं।

कुल मिलाकर आस्ट्रेलिया विश्व कप चैंपियनशिप जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि लॉड्र्स की उछाल भरी पिच धीरे-धीरे मैच के आगे बढ़ने पर बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित हो सकती है। पहली पारी में 400 के आसपास का स्कोर की उम्मीद है।

मौसम पूर्वानुमानों के अनुसार पहले दिन बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश होने का भी अनुमान है, लेकिन शेष दिन शुष्क रहने के आसार है। दोनों टीमें टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुनेंगी, जिसका लक्ष्य मैच में बाद में होने वाली बल्लेबाजी के अनुकूल परिस्थितियों का अधिकतम लाभ उठाना होगा।

**13** बार ऑस्ट्रलियाई टीम आईसीसी टूर्नामेंटों में फाइनल पहुंची, जिसमें 10 खिताब जीतने में सफल रही

**समय : दोपहर 3 बजे**

**ऑस्ट्रेलिया :-** उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन और जॉश हेजलवुड।

**दक्षिण अफ्रीका :-** टेम्बा बावुमा (कप्तान), एडन मारक्रम, रयान रिकेल्टन, वियान मुल्डर, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन (विकेट कीपर), मार्को जेनसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी।

## आस्ट्रेलिया के लिए डब्ल्यूटीसी खिताब जीतना अहम

लंदन : आस्ट्रेलिया के स्टार ऑफ स्पिनर नाथन लियोन का मानना है कि आस्ट्रेलिया की महानतम टीमों में शामिल होने के लिए लगातार दूसरी बार आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब जीतना अहम कदम होगा।

सैतीस वर्ष के लियोन उस आस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा हैं जो बुधवार से लॉडर्स पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023-25 चक्र का फाइनल खेलेगी। आस्ट्रेलिया ने 2003 में भारत को 209 रन से हराकर खिताब जीता था। लियोन ने कहा हमने पिछले दो साल में शानदार प्रदर्शन किया है जिस पर हमे गर्व है। हम आस्ट्रेलिया की महान टीम बनने की राह पर हैं, लेकिन अभी वहां तक पहुंचे नहीं है। यह मैच उस मंजिल तक के सफर में अहम कदम होगा। आस्ट्रेलिया 2023-25 डब्ल्यूटीसी चक्र में दक्षिण अफ्रीका के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। लियोन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 18 मैचों में 56 विकेट लिये हैं।

## खेल डायरी

### भारतीय रेसवॉकर प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत दर्ज की

**नई दिल्ली :** भारत की रेसवॉकर प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत दर्ज करते हुए इंसब्रुक में आस्ट्रियन रेसवॉकिंग चैम्पियनशिप में महिलाओं की दस किलोमीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। गोस्वामी ने 47 मिनट और 54 सेकंड का समय निकाला। उनके नाम 20 किलोमीटर रेसवॉक में एक घंटे, 28.45 मिनट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। दस किलोमीटर में उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 45 मिनट और 47 सेकंड का है जो उन्होंने 2022 में बनाया था। गोस्वामी ने अपने सोशल मीडिया हैंडिल्स पर लिखा एक मिनट के दंड के बावजूद मैने स्वर्ण जीता जो आसान नहीं था। बुखार और दंड के बाद यह मुश्किल था। वह मई में मेलबर्न में एथलेटिक्स् विक्टोरिया वॉकिंग चैम्पियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थी। इंसब्रुक में पुरुषों की 35 किलोमीटर रेसवॉक में संदीप कुमार दूसरे और राम बाबू तीसरे स्थान पर रहे।

### वनडे कप के लिए यॉर्कशर से जुड़ेंगे रूतुराज गायकवाड़

**लीड्स :** भारतीय बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ काउंटी चैंपियनशिप डिविजन वन के पांच मैचों और वनडे कप के लिए यॉर्कशर टीम से जुड़ेंगे। यॉर्कशर को सर्रे के खिलाफ जुलाई में काउंटी मैच खेलना है। गायकवाड़ सत्र के आखिर तक टीम के साथ रहेंगे। क्लब ने अपनी वेबसाइट पर यह जानकारी दी। गायकवाड़ इस समय इंग्लैंड दौरे पर भारत ए टीम का हिस्सा हैं जिसने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो अनधिकृत चार दिवसीय टेस्ट खेले। अब भारत ए टीम 13 से 16 जून तक भारतीय सीनियर टीम के खिलाफ बेकेनहम में चार दिवसीय मैच खेलेगी। यॉर्कशर ने अपनी वेबसाइट पर लिखा इंडियन प्रीमियर लीग की चेन्नई सुपर किंग्स और रणजी ट्रॉफी की महाराष्ट्र टीम के कप्तान पुणे के रहने वाले रूतुराज गायकवाड़ छह वनडे और 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। इसमें कहा गया दाहिने हाथ का यह बल्लेबाज शीर्ष चार में कहीं भी उतर सकता है और भारत के लिये पारी का आगाज भी कर चुका है। गायकवाड़ ने कहा मैं हमेशा से यहां काउंटी क्रिकेट खेलना चाहता था और यॉर्कशर से बड़ा इंग्लैंड का कोई क्लब नहीं होगा।

### मोदी ने खेल बुनियादी ढांचे पर प्रकाश डालने वाले लेख को किया साझा

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए पिछले 11 वर्षों में देश में खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाला एक लेख साझा किया। श्री मोदी ने आज पिछले 11 वर्षों में भारत के खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाले लेख साझा करते हुए कहा कि यह परिवर्तन भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर करता है। डॉ. मांडविया द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा केंद्रीय मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि पिछले 11 वर्षों में भारत के खेल बुनियादी ढांचे का किस तरह अभूतपूर्व पैमाने पर विस्तार हुआ है। युवाओं को केंद्र में रखकर, यह परिवर्तन भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर कर रहा है।

### कपिल देव ने राज्यपाल गुरमीत सिंह से की शिष्टाचार भेंट

**नैनीताल :** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और पहला विश्व कप दिलाने वाले दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव ने मंगलवार को नैनीताल राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह से शिष्टाचार भेंट की। बताया जाता है कि कपिलदेव ने श्री सिंह से विभिन्न मसलों पर भी चर्चा की। कपिल देव से श्री सिंह के मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बतायी गयी। इस मौके पर कपिल देव ने देवभूमि उत्तराखंड की दिल खोलकर प्रशंसा की। पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि देवभूमि पर्यटकों एवं सैलानियों के लिए स्वर्ग है। यहां शीतल और विशुद्ध आबोहवा के साथ हरे-भरे मैदान और खूबसूरत पहाड़ियाँ हैं। ऐसा लगता है मानो प्रकृति ने यहाँ दिल खोलकर अनुपम छटा बिखेरी है। उन्होंने आगे कहा कि नैनीताल बेहद खूबसूरत पर्यटन स्थल है।

# इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला से पहले लय हासिल करने की कोशिश करेंगे अर्शदीप

लंदन, एजेंसी

● 20 जून से इंग्लैंड में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज

भारत के बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह केंट लौटकर खुश हैं। यहां उन्होंने काउंटी क्रिकेट खेली है। इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले वह पारंपरिक प्रारूप में लय हासिल करने की कोशिश में होंगे। 26 वर्ष के अर्शदीप को भारतीय टीम में चुना गया है और उनकी नजरें पहला टेस्ट खेलने पर लगी होंगी। भारतीय टीम 13 जून से भारत ए के खिलाफ केंट में चार दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी।



सीमित ओवरों के प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अर्शदीप दो साल पहले केंट के लिए काउंटी चैंपियनशिप खेल चुके हैं। उन्होंने इस साल आईपीएल में उपविजेता पंजाब किंग्स के लिए भी शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने बीसीसीआई टीवी से कहा आज के अभ्यास सत्र में मेरा लक्ष्य लय हासिल करना ही था। हम लगातार सफेद गेंद का प्रारूप खेल रहे थे तो अब लाल गेंद से खेलकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा आगे हम और बेहतर होते जाएंगे और बल्लेबाजों के लिए गेंद को खेलना आसान नहीं होगा। अर्शदीप ने कहा गेंदबाजी में मजा आया। हम अभ्यास के लिए खेल रहे थे, लेकिन पूरी तरह से प्रतिस्पर्धी भाव के साथ। इससे और भी मजा आया। हमने पुख्ता रणनीति बनाकर उन्हें आउट करने की कोशिश की। साइ (सुदर्शन) पहली बार टीम से जुड़ा है और शानदार फॉर्म में भी है। हमने उसे आउट करने की काफी कोशिश की। अर्शदीप ने कहा कि वह जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करके अपने कौशल को निखारने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा जब भी मैं गेंद पकड़ता हूं तो मुझे लगता है कि मैं सर्वश्रेष्ठ हूं। लेकिन सभी को पता है कि जब आपके गेंदबाजी आक्रमण में जसप्रीत बुमराह हैं तो तुलना जैसा शब्द तो हो ही नहीं सकता। फोकस इसी पर है कि हम अपने खेल में कैसे निखार लायें और एक दूसरे की, टीम की मदद कैसे करें।

# पूरन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

पोर्ट आफ स्पेन, एजेंसी

● 29 बरस की उम्र में संन्यास लेकर सबको चौंका दिया

● सोशल मीडिया पर कहा सोच विचारकर लिया फैसला

वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन ने सिर्फ 29 वर्ष की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहकर सभी को चौंका दिया है। उन्होंने इस फैसले का कोई कारण नहीं बताया। पूरन ने कहा कि उन्होंने काफी सोच विचारकर यह फैसला लिया है। इससे पहले उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए खुद को चयन से बाहर कर लिया था।

वेस्टइंडीज के लिए 106 टी20 मैच खेल चुके पूरन ने 136.39 की स्ट्राइक रेट से 2275 रन बनाए हैं। उन्होंने 61 वनडे खेलकर 99.15 की स्ट्राइक रेट से 1983 रन बनाए हैं। वेस्टइंडीज के सीमित ओवरों के पूर्व कप्तान पूरन ने अपने सोशल मीडिया पेज पर लिखा काफी सोच समझकर मैंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेने का फैसला किया है। उन्होंने लिखा इस खेल ने खुशी, मकसद, न भूलने वाली यादें और वेस्टइंडीज के लोगों की नुमाइंदगी का मौका दिया है। उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए कभी टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला।



निकोलस पूरन। ● एजेंसी (फाइल फोटो)

उन्होंने लिखा मरून जर्सी पहनकर स्टेडियम में राष्ट्रगीत के लिये खड़े होना और अपना सब कुछ मैदान पर दे देना ..इसके क्या मायने हैं वह शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। टीम की कप्तानी करना मेरा सौभाग्य रहा और यह हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा। पूरन ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का पूरा सत्र खेलने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिये खुद को कैरेबियाई टीम में चयन से बाहर रखा था। विश्व कप 2023 क्वालीफायर से वेस्टइंडीज के बाहर होने के बाद से उन्होने वनडे क्रिकेट नहीं खेला है।

वेस्टइंडीज के लिए उन्होंने आखिरी मैच दिसंबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। पूरन ने आगे लिखा प्रशंसकों को अपार प्रेम के लिए धन्यवाद। कठिन पलों में आपन मेरा मनोबल बढ़ाया और अच्छे पलों में जश्न में मेरे साथ रहे। अपने परिवार, दोस्तों और साथी खिलाड़ियों को भी धन्यवाद दूंगा जो इस सफर में मेरे साथ रहे। आपके विश्वास और सहयोग ने मेरा सफर आसान किया। पूरन इस सत्र में मेजर क्रिकेट लीग और द हंड्रेड में खेल सकते हैं। इसके अलावा वह कैरेबियाई प्रीमियर लीग, आईपीएल और यूएई में आईएलटी 20 भी खेलते हैं। उन्होंने लिखा मेरे कैरियर का अंतरराष्ट्रीय प्रारूप वाला अध्याय यहीं खत्म हो रहा है। लेकिन वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिये मेरा प्यार कभी कम नहीं होगा। मैं टीम को और वेस्टइंडीज को आगे के लिये सफलता और मजबूती मिलने की कामना करता हूं। उन्होंने आईपीएल में 196.25 की स्ट्राइक रेट से 524 रन बनाए।

# भारत एशियाई कप क्वालीफायर में हांगकांग से हारा

कोवलून (हांगकांग), 10 जून (भाषा)

● भारतीय खिलाड़ियों ने पहले हाफ में कुछ मौके बनाते हुए अच्छा प्रदर्शन किया



भारतीय फुटबॉल टीम को 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के अहम मैच में स्टीफन परेरा के इंजरी टाइम में दागे गोल के कारण मंगलवार को यहां मेजबान हांगकांग के खिलाफ 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। रेफरी ने हांगकांग को उस समय पेनल्टी दी जब भारत के गोलकीपर विशाल कैथ गोल लाइन से बाहर आए और गेंद को सुरक्षित बाहर करने की कोशिश की लेकिन माइकल उदेबुलुजोर के खिलाफ फाउल कर बैठे।

परेरा (90+4) ने इसके बाद पेनल्टी पर गोल दागकर हांगकांग की जीत सुनिश्चित की। उन्होंने गेंद को कैथ के दाईं ओर से गोल में पहुंचाया। कैथ को इंजरी टाइम के फाउल के लिए पीला कार्ड भी दिखाया गया। इससे पहले भारत के कोच मनोलो मारक्वेज ने अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री को शुरुआती एकादश से बाहर रखा। नवनिर्मित काई टेक स्टेडियम में स्थानीय दर्शक मेजबान टीम के समर्थन में बड़ी संख्या में जुटे थे लेकिन भारत ने पहले हाफ में कुछ मौके बनाते हुए अच्छा प्रदर्शन किया। हांगकांग ने हालांकि गेंद को अधिक समय तक अपने कब्जे में रखा। एक बार फिर शुरुआती 45 मिनट में फिनिशिंग की कमी ने भारतीय टीम को निराश किया। मध्यांतर से पहले जो मौके मिले उनमें से 35वें मिनट में भारतीय टीम गोल करने के सबसे करीब थी लेकिन आशिक कुरुनियन ने लिस्टन कोलासो के क्रॉस पर शॉट बाहर मार दिया। चोटिल होने के कारण चिकित्सा सहायता के बाद कोलासो ने लंबी दूरी से एक शक्तिशाली शॉट लगाया लेकिन वह सीधे गोलकीपर के दस्तानों में चला गया। मध्यांतर से पहले हांगकांग को गोल करने का मौका मिला लेकिन फ्री किक पर कैथ के चूकने के बाद आशीष राय ने संकट को टाल दिया। मध्यांतर के बाद भारतीय कोच ने कुरुनियन और ब्रैंडन फर्नांडिस की जगह नाओरेम सिंह के साथ भारत के सर्वकालिक सर्वोच्च गोल स्कोरर सुनील छेत्री को मैदान में उतारा। भारत ने दूसरे हाफ में मौके बनाए पर गोल करने में सफलता नहीं मिली।

## रोहन बोपन्ना 15 साल में पहली बार शीर्ष 50 से बाहर

**नई दिल्ली :** एटीपी सर्किट पर पिछले कुछ अर्से से खराब प्रदर्शन के कारण भारत के सुमित नागल एकल रैंकिंग में 63 पायदान गिरकर 233वें स्थान पर खिसक गए जो पिछले दो साल में उनकी सबसे खराब रैंकिंग है जबकि 45 वर्ष के रोहन बोपन्ना 15 साल में पहली बार शीर्ष 50 से बाहर हो गए।

पिछली बार 27 वर्ष के नागल जुलाई 2023 में शीर्ष 200 से बाहर हुए थे जब वह 231वीं पायदान पर थे। उसके बाद से वह जुलाई 2024 में कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 68वीं रैंकिंग तक पहुंचे। इस सत्र की शुरुआत से वह खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं।

# बेंगलुरु भगदड़ दुर्भाग्यपूर्ण और बहुत दुखद है : द्रविड़

नयी दिल्ली, एजेंसी

महान बल्लेबाज राहुल द्रविड़ ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के आईपीएल खिताब जीतने के जश्न में बेंगलुरु में 11 लोगों की मौत पर दुख जताते हुए इस हादसे को दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद बताया।

भारत के पूर्व कोच और कप्तान द्रविड़ ने एनडीटीवी से कहा यह काफी निराशाजनक है। बहुत दुखद। मेरी संवेदनायें उन लोगों के साथ है। आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के कोच द्रविड़ ने कहा कि शहर की खेल संस्कृति को देखते हुए यह घटना और भी दर्दनाक है।



उन्होंने कहा यह खेलों का शौकीन शहर है। मैं इसी शहर से हूं। लोग क्रिकेट की नहीं, हर खेल को पसंद करते हैं और टीमों को फॉलो करते हैं। फुटबॉल टीम को या कबड्डी टीम। द्रविड़ ने कहा आरसीबी के प्रशंसक बड़ी संख्या में हैं। ये काफी दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। घटना में मारे गए लोगों के परिवारों और घायलों के प्रति हमारी संवेदना है।

# अर्जेंटीना के खिलाफ जीत की राह पर लौटना चाहेगा भारत

एम्सटेलवीन, एजेंसी

**एफआईएच प्रो लीग**

● नीदरलैंड से लगातार दो मैच हार चुकी टीम पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करने रहे नाकाम

लगातार दो मैच हार चुकी भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अर्जेंटीना के खिलाफ बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के अगले मैच में आखिरी मिनटों में गोल गंवाने और पेनल्टी कॉर्नर तब्दील नहीं कर पाने की अपनी कमजोरी से पार पाना होगा। भारतीय टीम के लिए यूरोप चरण की शुरुआत खराब रही और उसे नीदरलैंड ने पहले दो मैचों में 2-1 और 3-2 से हराया। दोनों मैचों में भारत ने बढ़त बनाने के बाद आखिरी मिनटों में गोल गंवाये। इसके अलावा भारत को पेनल्टी कॉर्नर भी बेहतर करना होगा। पिछले मैच में नौ में से एक पेनल्टी कॉर्नर को ही भारतीय टीम गोल में बदल सकी। अभी इस चरण में छह मैच खेले जाने बाकी हैं और भारत 15 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। प्रो लीग के जरिये अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम को बाकी मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अब भारत को अर्जेंटीना से दो मैच खेलने हैं जिसके बाद आस्ट्रेलिया और फिर बेल्जियम का सामना करना होगा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा हमें पता है कि अर्जेंटीना के खिलाफ कड़ी चुनौती होगी। टीम काफी मेहनत कर रही है और हमें अच्छे प्रदर्शन का यकीन है। अर्जेंटीना मजबूत टीम है और इस स्तर पर कोई मैच आसान नहीं होता। दोनों टीमों के बीच खेले गए मुकाबलों में भारत का पड़ला भारी रहा है। पेरिस ओलंपिक में दोनों टीमों का मुकाबला ड्रॉ रहा था। प्रो लीग 2023-24 में भारत ने अर्जेंटीना को दो बार हराया था और दूसरी जीत शूटआउट में मिली थी। हरमनप्रीत ने कहा हम पूरी तरह से तैयार हैं। हमने इस टूर्नामेंट की काफी तैयारी की है और कई संयोजन आजमाये। हमें अर्जेंटीना के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन का यकीन है।



## जूनियर पुरुष हॉकी टीम की कमान संभालेंगे हुंडल

नई दिल्ली : अनुभवी ड्रैग फ्लिकर अराइजीत सिंह हुंडल 21 जून से बर्लिन में शुरू हो रहे चार देशों के टूनर्रामेंट में भारत की 24 सदस्यीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की अगुआई करेंगे। यह टूर्नामेंट इस साल चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा। भारत और मेजबान जर्मनी के अलावा 21 से 25 जून तक होने वाली इस प्रतियोगिता में स्पेन और ऑस्ट्रेलिया भी हिस्सा लेंगे।

**टीम :** फारवर्ड : अराइजीत सिंह हुंडल (कप्तान), गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह और अजीत यादव। गोलकीपर : बिक्रमजीत सिंह, विवेक लाकड़ा। डिफेंडर : आमिर अली, तालेम प्रियोबार्ता, शारदानंद तिवारी, सुनील पीबी, अनमोल एक्का, रोहित, रवनीत सिंह, सुखविंदर।

# इलावेनिल ने जीता कांस्य पदक

म्यूनिख, एजेंसी

**आईएसएसएफ विश्व कप**

भारत की दिग्गज निशानेबाज इलावेनिल वलारिवान को मंगलवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में प्रतियोगिताओं के पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में एक समय शीर्ष पर रहने के बावजूद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

पच्चीस साल की भारतीय निशानेबाज इलावेनिल ने 231.2 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की 18 साल की वैंग झिफेई ने 252.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि कोरिया की क्वोन युनजी ने 252.6 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया। इलावेनिल ने फाइनल में 10.7 अंक के साथ शुरुआत की और फिर अपने अगले प्रयास में 10.8 अंक जुटाए। दो बार की ओलंपियन इलावेनिल शुरुआती पांच शॉट के बाद कोरिया की ओलंपिक चैंपियन युनजी से 0.3 अंक पीछे थी। वह 10.8 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंची। इलावेनिल 12 शॉट के बाद 127.2 अंक के साथ शीर्ष पर थीं। इस समय वैंग दूसरे स्थान पर थी। यहां 2018 में हुए विश्व कप में चौथे स्थान पर रहीं इलावेनिल ने 10.7 अंक के साथ अपनी बढ़त बरकरार रखी। भारतीय निशानेबाज हालांकि इसके बाद 9.8 अंक के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गई और अंततः उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इससे पहले क्वालीफिकेशन की छह सीरीज के बाद इलावेनिल 635.9 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। वैंग ने 637.9 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। नॉर्वे की जेनेट हेग डुएस्टेड 635.7 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। वैंग का स्कोर क्वालीफिकेशन का विश्व रिकॉर्ड है। युनजी क्वालीफिकेशन में 635.6 अंक के साथ चौथे जबकि तुर्की की एलिफ बेर्फिन अल्तुन (634.6) पांचवें स्थान पर रहीं।



इलावेनिल वलारिवान। ● एजेंसी

चीन की विश्व और एशियाई चैंपियन हेन जिआयु ने 634.2 अंक के साथ छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। भारत की राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या नायडू 632.4 अंक के साथ 15वें पायदान पर रहीं। केवल रैंकिंग अंक के लिए चुनौती पेश कर रहीं रमिता जिंदल ने 632.6 अंक के साथ 13वां स्थान हासिल किया। मेघना सजनार (केवल रैंकिंग अंक) और आर्या बोर्से ने क्रमशः 25वां और 60वां स्थान हासिल किया।

भीषण जाम



दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस वे पर मंगलवार को लगे भीषण जाम में हजारों वाहन कई घंटे तक फंसे रहे। इनमें कई एंबुलेंस भी थीं। इस एक्सप्रेस वे पर अक्सर भीषण जाम लगता है। एजेंसी

## रॉकेट प्रक्षेपणों में 10 गुना वृद्धि
# छलनी हो जाएगी ओजोन परत

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष उद्योग विकास की राह पर है, लेकिन नए शोध से पता चलता है कि रॉकेट प्रक्षेपण में तेजी से वृद्धि होने से ओजोन परत को बड़ा नुकसान पहुंचेगा। हर साल दुनिया भर में सैकड़ों रॉकेट प्रक्षेपित किए जाते हैं, जिनमें से कई वाणिज्यिक कंपनियों और राष्ट्र-राज्य अंतरिक्ष कार्यक्रमों के तहत अंतरिक्ष में भेजे जाते हैं। ये लगभग 20 जगहों पर प्रक्षेपित किए जाते हैं, लगभग सभी उत्तरी गोलार्ध में और वर्तमान में सबसे ज्यादा प्रक्षेपण दर अमेरिका, चीन, न्यूजीलैंड और रूस से हैं। नवीनतम शोध उस महत्वपूर्ण बिंदु का पता लगाता है जब अधिक रॉकेट प्रक्षेपण करने से समस्याएं पैदा होने लगेंगी। निष्कर्ष बताते हैं कि एक बार जब दरें प्रति वर्ष 2,000 प्रक्षेपण तक पहुंच जाएंगी जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग दस गुना वृद्धि है तो ओजोन परत में वर्तमान में हो रहा सुधार धीमा पड़ जाएगा।



### रॉकेट प्रक्षेपण से पतली हुई ओजोन परत

ओजोन परत पृथ्वी पर जीवन को हानिकारक सौर पराबैंगनी (यूवी) किरणों से बचाती है। मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के तहत वैश्विक सहकारी समझौतों की बदौलत यह पिछली सदी में उत्सर्जित क्लोरोफ्लोरोकार्बन और अन्य हानिकारक रसायनों के प्रभावों से धीरे-धीरे ठीक हो रही है। रॉकेटों द्वारा वायुमंडल में प्रवेश करने पर उत्सर्जित गैसों और कणों से ओजोन परत पतली होती है। अब तक, वे ओजोन परत को बहुत अधिक नुकसान नहीं पहुंचाते हैं, क्योंकि हर साल अपेक्षाकृत कम प्रक्षेपण होते हैं। हालांकि, प्रक्षेपण लगातार बढ़ रहे हैं।

### छह साल में ही प्रक्षेपण तीन गुना बढ़े

2019 में 102 प्रक्षेपण हुए। 2024 तक, दुनिया भर में प्रक्षेपणों की संख्या 258 हो जाएगी। 2025 में और भी ज़्यादा प्रक्षेपण होने की उम्मीद है। अमेरिका आधारित प्रक्षेपणों के लिए, 2023 में प्रक्षेपित रॉकेटों की संख्या में 2028 तक तीन गुना वृद्धि होने की उम्मीद है। इस वृद्धि का एक कारण पृथ्वी की कक्षा में कम ऊंचाई पर स्थित हजारों इकाइयों के उपग्रह समूह बनाने का प्रयास है। इसके लिए कई प्रक्षेपणों की आवश्यकता होती है और यह कई देशों में हो रहा है, जिन्हें कई कंपनियां चला रही हैं। स्थापित हो जाने के बाद इन उपग्रहों को सक्रिय उपग्रहों की आपूर्ति जारी रखने के लिए निरंतर प्रक्षेपण की आवश्यकता होती है।

### इसलिए बढ़ रहे प्रक्षेपण...

प्रक्षेपणों में वृद्धि का एक कारण पृथ्वी की कक्षा में कम ऊंचाई पर स्थित हजारों इकाइयों के उपग्रह समूह बनाने का प्रयास है। यह कई देशों में हो रहा है, जिन्हें कई कंपनियां चला रही हैं। स्थापित हो जाने के बाद इन उपग्रहों को सक्रिय उपग्रहों की आपूर्ति जारी रखने के लिए निरंतर प्रक्षेपण की आवश्यकता होती है।

### 2000 प्रक्षेपणों से 3% पतली हो जाती है ओजोन परत

क्राइस्टचर्च के कैंटरबरी विश्वविद्यालय के एक शोध के मुताबिक हर साल दुनिया भर में लगभग 2,000 प्रक्षेपणों के साथ, ओजोन परत तीन प्रतिशत तक पतली हो जाती है। रॉकेट से निकलने वाले रसायनों के वायुमंडलीय परिवहन के कारण अंटार्कटिका में ओजोन को सर्वाधिक नुकसान देखा गया, हालांकि अधिकांश प्रक्षेपण उत्तरी गोलार्ध में हो रहे हैं। ओजोन का नुकसान कम है। मनुष्यों या पारिस्थितिकी तंत्र को होने वाले विनाशकारी नुकसान की उम्मीद भी नहीं कर सकते। हालांकि, ओजोन परत को ठीक करने के लिए जारी वैश्विक प्रयासों को देखते हुए नुकसान महत्वपूर्ण है।

## एक नजर

### ईरान ने आईएसआईएस के नौ आतंकियों को फांसी दी

**दुबई।** ईरान ने 2018 में हुए हमले के बाद गिरफ्तार किए गए इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के नौ आतंकवादियों को फांसी दे दी है। ईरानी न्यायपालिका की समाचार एजेंसी मिजान ने मंगलवार को फांसी की घोषणा की। समाचार एजेंसी ने खबरों में कहा है कि आतंकवादियों को ईरान के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के साथ झड़प में शामिल होने के बाद पकड़ा गया था। इस झड़प में तीन सैनिक मारे गए थे।

### श्रीलंका के कारागार प्रमुख को रिमांड पर भेजा गया

**कोलंबो।** श्रीलंका के कारागार महाआयुक्त को सजायाफ्ता दोषियों को रिहा करने के लिए राष्ट्रपति की क्षमा प्रक्रिया का दुरुपयोग करने के कारण निलंबित कर बुधवार तक के लिए रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस के अपराध जांच विभाग द्वारा सोमवार को गिरफ्तारी के बाद तुषारा उपुलदेनिया को मंगलवार को कोलंबो अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। उत्तर मध्य अनुराधापुरा जेल के प्रमुख मोहन करुणारत्ना को भी सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया और बुधवार तक रिमांड पर भेज दिया गया। यह घटनाक्रम राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके द्वारा एक सजायाफ्ता अपराधी को क्षमादान के तहत जेल से रिहा करने की जांच के आदेश देने के बाद हुआ है।

### रूसी खतरों से निपटने को रक्षा व्यय में वृद्धि की मांग

**लंदन/मॉस्को।** उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव मार्क रूट ने रक्षा व्यय में पांच प्रतिशत की वृद्धि का आग्रह करते हुए दावा किया कि रूस 2030 तक नाटो देशों पर हमला करना चाहता है। लंदन की अपनी यात्रा के दौरान रूटे ने सभी 32 सदस्य देशों से इस महीने नीदरलैंड में होने वाले शिखर सम्मेलन में सैन्य खर्च में वृद्धि की मांग पर सहमत होने का आग्रह किया। रूट ने कहा कि गोला-बारूद के उत्पादन में रूस अपने से बड़े नाटो से आगे निकल रहा है और गठबंधन को सामूहिक रक्षा में बड़ी छलांग लगानी होगी।

### जापान में निजी डेटा लीक होने के रिकॉर्ड मामले

**टोक्यो।** जापान में व्यक्तिगत जानकारी डेटा लीक होने के मामलों में काफी बढ़ोतरी हुई है। वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार 2024 में सूचना सुरक्षा उल्लंघन के 21,00 से अधिक मामले सामने आए। यह संख्या पिछले वर्ष से 58 फीसदी ज्यादा है जो सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों में अपर्याप्त सुरक्षा को उजागर करती है। रिपोर्ट के मुताबिक 21,007 मामलों में से 19,056 निजी क्षेत्र से जुड़े हैं, जो वित्तीय वर्ष 2023 से 57 प्रतिशत अधिक है।

# लॉस एंजिलिस में नहीं सुधरे हालात ट्रंप ने सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाई

## गवर्नर और स्थानीय पुलिस प्रमुख ने जताया विरोध, कहा- और बिगड़ेगी स्थिति

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी**

- आव्रजन नियमों के उल्लंघन पर ट्रंप की कार्रवाई के खिलाफ चार दिन से प्रदर्शन जारी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर मरीन कोर के 700 और नेशनल गार्ड के 2,000 अतिरिक्त जवान लॉस एंजिलिस रवाना हो गए जिससे वहां सेना की मौजूदगी और बढ़ जाएगी। स्थानीय अधिकारियों और गवर्नर गेविन न्यूसम ने ट्रंप के इस कदम का विरोध किया है। पुलिस प्रमुख का कहना है कि इससे विरोध प्रदर्शनों से निपटने में मुश्किलें पैदा होंगी।

ट्रंप ने पहले जिन 2,000 बलों की लॉस एंजिलिस में तैनाती का आदेश दिया था वे रविवार को पहुंचना शुरू हो गए थे। लॉस एंजिलिस में विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को उस समय शुरू हुआ था जब संघीय आव्रजन अधिकारियों ने उस दिन शहर भर में 40 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया था। सोमवार के प्रदर्शन के दौरान अधिक हंगामा नहीं हुआ। हजारों लोग 'सिटी हॉल' में शांतिपूर्ण रैली में शामिल हुए तथा सैकड़ों लोगों ने एक संघीय परिसर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस परिसर में वह हिरासत केंद्र भी शामिल है, जहां शहर भर में छापेमारी के बाद कुछ प्रवासियों को रखा गया है।

मेयर कैरेन बास और न्यूसम का कहना है कि ट्रंप ने लॉस एंजिलिस की स्थिति के बारे में जो वर्णन किया है, वह सच्चाई से कोसों दूर है। उन्होंने कहा कि ट्रंप सैन्य कर्मियों को तैनात कर सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं जबकि पुलिस का भी कहना है कि उन्हें मदद की जरूरत नहीं है। गवर्नर न्यूसम ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा कर ट्रंप के इस कदम को लापरवाही भरा और हमारे बलों के लिए अपमानजनक बताया। न्यूसम ने कहा, यह कदम सार्वजनिक सुरक्षा के लिए नहीं उठाया गया। यह एक खतरनाक राष्ट्रपति के अहंकार को संतुष्ट करने के लिए उठाया गया कदम है।

अधिकारियों ने बताया कि अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय 'पेंटागन' ने आव्रजन संबंधी कार्रवाई के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों से निपटने में 'नेशनल गार्ड' के जवानों की मदद के लिए सोमवार को लॉस एंजिलिस में लगभग 700 'मरीन' कोर तैनात किए। कैलिफोर्निया ने 'गार्ड' के जवानों की तैनाती को लेकर ट्रंप के खिलाफ मुकदमा दायर किया है और प्रदर्शनकारी का प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी है।



लॉस एंजिलिस में हिंसक प्रदर्शनों के बीच कई देशों के झंडे लेकर दौड़ता प्रदर्शनकारी।

### मरीन बलों के आने से पैदा हुई समस्याः पुलिस प्रमुख

'यूएस नदर्न कमांड' की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश पर दक्षिणी कैलिफोर्निया के रेगिस्तान में ट्वेंटीनाइन पाम्स स्थित आधार से 'मरीन' बलों को संघीय संपत्ति और संघीय आव्रजन एजेंट सहित कर्मियों की सुरक्षा के लिए तैनात किया जा रहा है। लॉस एंजिलिस पुलिस प्रमुख जिम मैकडोनेल ने सोमवार दोपहर को एक बयान में कहा कि उन्हें बड़े पैमाने पर प्रदर्शनों को संभालने की पुलिस विभाग की क्षमता पर पूरा भरोसा है और पुलिस विभाग के समन्वय के बिना 'मरीन' बलों के आने से साजो-सामान और परिचालन संबंधी बड़ी चुनौती पैदा हो गई है। इससे हालात अनिश्चित हो जाएंगे।

# ऑस्ट्रिया : स्कूल में गोलीबारी से आठ छात्रों समेत नौ की मौत, हमलावर भी मारा गया

**वियना, एजेंसी**

- ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर में हुई घटना के बाद स्कूल को कराया गया खाली

ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर के एक स्कूल में मंगलवार को हुई गोलीबारी में आठ छात्रों समेत नौ लोगों की मौत हो गई और संदिग्ध हमलावर भी मारा गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि उसका मानना है कि हमलावर ने घटना को अकेले अंजाम दिया।

पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमलावर समेत 10 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। ऑस्ट्रिया प्रेस एजेंसी की खबर के मुताबिक, मेयर एल्के काहर ने घटना को भयानक त्रासदी करार दिया है। खबर के मुताबिक, मृतकों में आठ छात्र और एक वयस्क शामिल है। अधिकारियों ने अपराधी के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी।

अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे एक कॉल के बाद पुलिस समेत विशेष बलों को बोर्ग ड्रेयर्सचुटजेन्गेस्से हाई स्कूल में भेजा गया। बाद में, पुलिस ने 'एक्स' पर लिखा कि स्कूल को खाली करा लिया गया है और सभी को सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है। उसने लिखा कि अब किसी तरह के खतरे की आशंका नहीं है।

ऑस्ट्रिया का दूसरा सबसे बड़ा शहर ग्राज, देश के दक्षिण-पूर्व में स्थित है और इसकी जनसंख्या लगभग 3,00,000 है। ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलेन ने कहा कि इस बर्बर घटना को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, वे युवा थे, जिनके सामने पूरा जीवन था। एक शिक्षक, जो उन्हें राह दिखा रहा था।



सिंगापुर के ध्वजवाहक कंटेनर जहाज में आग लगने के बाद उठता काला धुआं।

## पाकिस्तान अपना रक्षा खर्च बढ़ाएगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मंगलवार को अगले वित्त वर्ष के लिए वार्षिक संघीय बजट पेश करेगा, जिसमें रक्षा व्यय में पर्याप्त वृद्धि की संभावना है। कुल बजट का आकार 17,600 अरब रुपये होने की उम्मीद है।

वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब बजट नेशनल असेंबली में पेश करेंगे। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 14000 अरब का रिकॉर्ड राजस्व लक्ष्य रखा है, जो गत वित्त वर्ष के अनुमानों से 22% अधिक है। यद्यपि रक्षा व्यय में वृद्धि के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सरकार ने बजट प्रक्रिया के दौरान रक्षा व्यय में 18% की वृद्धि का समर्थन किया था।

# इजराइली नौसेना ने यमन के बागियों के कब्जे वाले शहर होदेदा पर किया हमला

**दुबई, एजेंसी**

इजराइली नौसेना ने मंगलवार को यमन के विद्रोहियों के कब्जे वाले बंदरगाह शहर होदेदा में गोदियों पर हमला किया, जिससे संभवतः उन सुविधाओं को नुकसान पहुंचा, जो युद्धग्रस्त देश में सहायता सामग्री पहुंचाने के लिए अहम हैं।

इज़राइली सेना ने कहा कि नौसेना के मिसाइल पोतों ने ये हमले किए। यह पहली बार है जब उनकी सेना हूती विद्रोहियों के खिलाफ हमलों में शामिल हुई है। ये हमले मंगलवार को किए गए। गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ युद्ध को लेकर हूतियों ने इजराइल को निशाना बनाकर बार-बार मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। हूती बागियों ने अपने अल-मसीरा सैटेलाइट समाचार चैनल के माध्यम से हमले के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमला गोदियों को निशाना बनाकर किया गया। हालांकि उन्होंने इस बारे में जानकारी नहीं दी।

इजराइल ने हमले की तत्काल पुष्टि नहीं की। सोमवार देर रात इजराइल ने यमन के लोगों को ऑनलाइन चेतावनी जारी की कि वे रास ईसा, होदेदा और अल-सलिफ बंदरगाहों को खाली कर दें, क्योंकि हूतियों ने हमलों के लिए बंदरगाहों का इस्तेमाल कर रहे हैं। बंदरगाह का उपयोग हथियारों को स्थानांतरित करने के लिए किया जाता है और यह आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए असैन्य बुनियादी ढांचे का हूती आतंकवादी शासन के कुटिल उपयोग का एक और उदाहरण है।

### सामाजिक कार्यकर्ता थनबर्ग इजराइल से निर्वासित

**यरूशलम।** सामाजिक कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग जिस जहाज पर सवार थीं, उसे इजराइली सेना द्वारा जब्त किए जाने के एक दिन बाद थनबर्ग को मंगलवार को इजराइल से निर्वासित कर दिया गया। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर विमान में सवार थनबर्ग की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि थनबर्ग विमान से फ्रांस पहुंचने के बाद अपने देश स्वीडन रवाना हो गईं। थनबर्ग गाजा में सहायता सामग्री ले जा रहे 'मैडलीन' नामक जहाज पर सवार 12 यात्रियों में से एक थीं। 'फ्रीडम फ्लोटिला कोलिशन' नामक संगठन ने गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए इस यात्रा का आयोजन किया था।

## फ्रांसः 15 वर्षीय छात्र ने स्कूल कर्मचारी की चाकू घोंपकर हत्या की

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी के पूर्वी क्षेत्र में स्थित मिडिल स्कूल में मंगलवार को बैग की जांच के दौरान 15 वर्षीय एक छात्र ने एक स्कूल कर्मचारी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि बैग की जांच में मदद कर रहा एक पुलिस अधिकारी घटना के दौरान मामूली घायल हो गया। मामले की जांच की जा रही है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि नोजेंट में बच्चों की देखभाल कर रही शैक्षिणक सहायक की हमले में मौत हो गई। उन्होंने कहा कि इस घटना से राष्ट्र शोक में है और सरकार अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए काम कर रही है।

# केरल तट के पास जहाज में विस्फोट से और भड़की आग

**कोच्चि, एजेंसी**

- बचाव दल कर रहे हैं आग को और फैलने से रोकने की कोशिश

केरल तट के पास सिंगापुर ध्वज वाले मालवाहक पोत में आग और विस्फोट की घटनाएं जारी हैं और पोत के मध्य क्षेत्र और 'कंटेनर' बे से आग की लपटें निकल रही हैं।

भारतीय तटरक्षक अधिकारियों ने बताया कि आगे के हिस्से में लगी आग पर काबू पा लिया गया है लेकिन पोत 'एमवी वान हाई 503' से धुआं उठ रहा है। उन्होंने बताया कि जहाज बंदरगाह की ओर लगभग 10-15 डिग्री तक झुक गया है और उस पर लदे कुछ कंटेनरों के समुद्र में गिरने की सूचना है।

आग को फैलने से रोकने के लिए अग्निशमन और प्रशीतन अभियान चलाया जा रहा है। तटरक्षक पोत 'समर्थ' को बचावकर्मियों की एक टीम के साथ कोच्चि तैनात किया जा रहा है। इससे पहले रक्षा प्रवक्ता ने कहा था कि भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सूरत ने जलते पोत में सवार चालक दल के 18 सदस्यों को उतार लिया। जहाज पर चालक दल के 22 सदस्य सवार थे और उनमें से चार का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है।

## न्यूयॉर्कः गंभीर बीमार खत्म कर सकेंगे जीवन

**अल्बानी (न्यूयॉर्क)।** न्यूयॉर्क विधानमंडल में सोमवार को एक विधेयक पारित किया गया जिसके तहत गंभीर रूप से बीमार लोगों को दवाओं के माध्यम से अपना जीवन समाप्त करने का कानूनी अधिकार दिया गया है। इस विधेयक को अब गवर्नर के पास भेजा गया है। विधेयक में कहा गया है कि लाइलाज बीमारी से जूझ रहा कोई व्यक्ति यदि किसी चिकित्सक से अनुरोध करे और दो चिकित्सक उसे इसकी अनुमति दें तो उसे जीवन समाप्त करने वाली दवाएं लेने की अनुमति दी जा सकती है। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल के प्रवक्ता ने कहा कि गवर्नर इस विधेयक की समीक्षा करेंगी।

# नाटो सदस्य देश अमेरिका से खरीदेंगे 700 एफ 35 विमान

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- नाटो के महासचिव मार्क रूटे ने एक सम्मेलन में की घोषणा

उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रूटे ने कहा कि संगठन के सदस्य देश गठबंधन की सैन्य शक्ति को मजबूत करने के लिए अमेरिका से कुल 700 एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदेंगे।

रूटे ने सोमवार को लंदन में एक सम्मेलन में बोलते हुए कहा सहयोगी देश अधिक युद्धपोतों और विमानों में निवेश करेंगे। उदाहरण के लिए अमेरिका के सहयोगी कम से कम 700 एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदेंगे। उन्होंने कहा कि नाटो देश सैन्य उत्पादन में रूस और चीन से पीछे हैं और सैन्यीकरण पर खर्च बढ़ाने की योजना की पुष्टि की।

रूटे ने कहा, हमारी सेनाओं को हज़ारों और बख्तरबंद वाहनों और टैंकों की भी ज़रूरत है। ज्यादा ड्रोन और लंबी दूरी की मिसाइल प्रणालियों में भी निवेश करेंगे और अंतरिक्ष और साइबर क्षमताओं में ज्यादा निवेश करेंगे। वायु और मिसाइल रक्षा को 400 प्रतिशत बढ़ाना चाहिए। मीडिया ने मई की शुरुआत में बताया कि रूटे ने प्रस्ताव दिया था कि नाटो सहयोगी रक्षा खर्च को जीडीपी के 3.5 प्रतिशत तक बढ़ाएं और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की पांच प्रतिशत लक्ष्य की मांग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त रक्षा ज़रूरतों के लिए जीडीपी का 1.5 प्रतिशत आवंटित करें।

## रूस के यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइल हमले में दो लोगों की मौत

**कीव।** रूस ने मंगलवार तड़के यूक्रेन के दो शहरों पर बड़ी संख्या में ड्रोन और मिसाइल के जरिये हमले किये, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इसे अब तक के सबसे बड़े हमलों में से एक बताया। कहा, रूस ने रात में 315 ड्रोन और सात मिसाइल दागीं। जेलेंस्की ने हमले के मद्देनजर अमेरिका और यूरोप से ठोस कार्रवाई का आह्वान किया। कहा, रूसी हमलों की गूंज, रूस को शांति के रास्ते पर आने के लिए मजबूर करने के अमेरिका और दुनिया भर के अन्य देशों के प्रयासों से अधिक जोरदार है।

वक्तव्य

कैंब्रिज विश्वविद्यालय में 'न्याय तक पहुंच में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी की भूमिका' विषय पर बोले सीजेआई बीआर गवई

# प्रौद्योगिकी दोधारी तलवार, निर्णय की प्रक्रिया में नहीं ले सकती जगह


**नई दिल्ली, एजेंसी**

सीजेआई बीआर गवई ने प्रौद्योगिकी की दोधारी तलवार प्रकृति को रेखांकित करते हुए कहा कि इस तरह के नवाचारों से न्यायिक कार्यों में वृद्धि होनी चाहिए, न कि इसे निर्णय लेने की प्रक्रिया का स्थान लेना चाहिए। उन्होंने नौ जून को कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में "न्याय तक पहुंच में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी की भूमिका" विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भारत जैसे विशाल, विविध और जटिल देश में न्याय तक पहुंच बढ़ाने में प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर दिया।

न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि भारत में न्यायपालिका ने न्याय को अधिक सुलभ बनाने के लिए प्रौद्योगिकी को तत्परता से एकीकृत किया है। उन्होंने कहा, हमें यह भी स्वीकार करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी एक दोधारी तलवार की तरह काम कर सकती है, जिससे अभूतपूर्व विभाजन भी हो सकता है। एक प्राथमिक चिंता डिजिटल विभाजन है, जहां इंटरनेट कनेक्टिविटी, उपकरणों और डिजिटल साक्षरता तक असमान पहुंच के कारण हाशिये पर पड़े समुदाय वंचित हो सकते हैं, जो पहले से ही न्याय के लिए बाधाओं का सामना कर रहे हैं। प्रौद्योगिकी से निष्पक्ष परिणाम सुनिश्चित हो, इसके लिए पहुंच और समावेशन को इसके डिजाइन का आधार होना चाहिए।

उन्होंने कहा, शासन के ऐसे ढांचे विकसित किए जाने चाहिए जो मानवीय निगरानी, एल्गोरिदम पारदर्शिता और प्रौद्योगिकी-मध्यस्थ निर्णयों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करें। सीजेआई ने कहा, आगे बढ़ने के लिए मूलभूत सिद्धांतों का पालन करना जरूरी है। तकनीक को न्यायिक कार्यों, विशेष रूप से तर्कसंगत निर्णय लेने और व्यक्तिगत मामले के मूल्यांकन का स्थान लेने के बजाय इसमें वृद्धि करनी चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्वचालित प्रणालियां न्यायिक निर्णय को बदलने के बजाय उसका समर्थन करें।

उन्होंने डिजिटल नवाचार पर आधारित एक अधिक समावेशी और उत्तरदायी कानूनी प्रणाली के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, न्याय तक पहुंच किसी भी निष्पक्ष और न्यायसंगत कानूनी प्रणाली की रीढ़ है। यह सुनिश्चित करता है कि सभी व्यक्ति, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति, भौगोलिक स्थिति या व्यक्तिगत परिस्थितियां कुछ भी हों, कानूनी प्रक्रियाओं में प्रभावी रूप से भाग ले सकें और उनसे लाभ उठा सकें।



- भारत में न्याय तक पहुंच बढ़ाने में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर जोर

### न्यायालय तक सबकी पहुंच सुनिश्चित करना जरूरी

सीजेआई ने कहा कि ऐसे देश में जहां दो तिहाई से अधिक आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और 121 से अधिक भाषाएं मातृभाषा के रूप में बोली जाती हैं, वहां अदालतों तक न्यायसंगत पहुंच सुनिश्चित करना संवैधानिक दायित्व और नैतिक अनिवार्यता दोनों है। उन्होंने संविधान निर्माताओं की दूरदर्शिता को रेखांकित किया, जिन्होंने न्याय तक पहुंच की गारंटी के लिए अनुच्छेद 32 और 226 सहित विभिन्न तंत्र स्थापित किए, जो नागरिकों को अपने अधिकारों के संरक्षण के लिए सीधे उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों से संपर्क करने का अधिकार देते हैं। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी, न्याय के संवैधानिक वादे और नागरिकों के जीवंत अनुभव के बीच सेतु बन गई है।